वाराणसी, रविवार, 25 दिसम्बर, 2022

पौष मास, शुक्ल पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 317, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की न हो कमी

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की है जिसमें मेडिकल ऑक्सीजन की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा कि भले ही देश में मामले कम हैं लेकिन भविष्य की किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए रखना जरूरी है।

देश में कोरोना के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट पर है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों को लेटर लिखा है। इसमें लिखा गया है कि देश में कोरोना की रफ्तार धीमी है, लेकिन हमें आने वाली चुनौती के लिए पहले से ही तैयार रहना चाहिए। मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि ध्यान रखें कि ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न आए। साथ ही वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सप्लाई की मशीनें दुरुस्त रखें। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि चीन, जापान, साउथ कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी होगा। यदि इन देशों के किसी भी यात्री में कोविड-19 के लक्षण पाए जाते हैं या टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो इन लोगों को क्वारेंटाइन किया जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट पर विदेश से आने वाले यात्रियों की रैंडम टेस्टिंग शुरू हो गई है। आर्मी ने एडवाइजरी जारी कर जवानों को कोविड प्रोटोकॉल जैसे मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए कहा। देश में पिछले 24 घंटों में 201 नए कोरोना केस सामने आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि भारत में एक्टिव मामले 3,397 हैं, जो कुल मामलों का 0.01% है। रिकवरी रेट फिलहाल 98.8% है। पिछले 24 घंटों में 183 लोग ठीक हुए हैं, जिससे ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,41,42,791 हो गई है। दूसरी तरफ, वैक्सीन को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट आई है। इसमें बताया गया है कि देश में 75% लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाई है। अभी तक किसी भी राज्य में बूस्टर डोज का कवरेज 50% तक नहीं पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, इंदौर और गोवा सहित विभिन्न हवाईअड्डों पर सुबह यात्रियों की आरटीपीसीआर कोविड जांच शुरू हुई।

**हिदायत**

**कोविड-19 इमरजेंसी में ऑक्सीजन और जीवन रक्षक उपकरण की उपलबधता बनाए रखें, चीन, जापान, साउथ कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों का आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी**



दुनिया में कोरोना की नई लहर को देखते हुए मंगलवार को देश के सभी कोरोना अस्पतालों और इससे जुड़ी इकाइयों में माक ड्रिल होगी। माक ड्रिल का उद्देश्य कोरोना के उपचार में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों समेत अन्य सुविधाओं की तैयारी को परखना है। यह देखा जाएगा कि पिछले वर्ष तक जो ढांचा खड़ा किया गया, वह पहले दिन से ही पूरी क्षमता से काम करने के लिए तैयार है या नहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में यह फैसला किया गया। सरकार ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों को मास्क पहनने की हिदायत दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर आने वाले त्योहारों को देखते हुए भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने जैसे व्यवहारों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। शुक्रवार को हुई बैठक में स्वास्थ्य मंत्रियों को दुनिया में कोरोना संक्रमण की ताजा स्थिति के साथ ही देश के भीतर के हालात की जानकारी दी गई।

**लॉकडाउन की जरूरत नहीं: डॉ. गुलेरिया**

**नई दिल्ली।** दुनिया के कुछ देशों में कोरोना के बिगड़ते हालात को देखकर भारत में लोगों में डर साफ देखा जा रहा है। एहतियाती तौर पर सरकार स्थिति पर गंभीरता से नजर बनाए हुए है मामलों के जीनोम सीक्वेंसिंग के निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं देश में टेस्टिंग भी बढ़ा दी गई है। एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया कहते हैं भारत में वर्तमान कोविड परिदृश्य को देखकर फिलहाल अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को प्रतिबंधित करने या लॉकडाउन लगाने जैसी जरूरत नजर नहीं आती है।

## टीवी एक्ट्रेस तुनीषा ने सेट पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा ने शनिवार को शूटिंग के सेट पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 20 साल की तुनीषा एक म्यूजिक वीडियो शूट करने वाली थीं। सेट पर लोगों ने उन्हें फांसी पर झूलते देखा तो उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। तुनीषा आत्महत्या के पहले तक बिल्कुल नॉर्मल थीं और 5 घंटे पहले ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी अपनी फोटो और कुछ नोट शेयर किए थे। तुनीषा कटरीना कैफ की फिल्म फितूर में उनके बचपन का रोल कर चुकी हैं। इसके अलावा अलीबाबा दास्ताने काबुल में शहजादी मरियम की भूमिका कर रही थीं। इसके अलावा बार बार देखो, कहानी-2, दबंग-3 जैसी फिल्मों में भी तुनीषा बतौर बाल कलाकार काम कर चुकी हैं।

तुनीषा शर्मा ने अपनी मौत के चंद घंटे पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। पोस्ट में उन्होंने लिखा था,'जो अपने जुनून से आगे बढ़ते हैं वो रुकते नहीं हैं। 20 साल की तुनीषा ने अपने करियर की शुरूआत टीवी शो भारत का वीर पुत्र-महाराणा प्रताप से की थी। वह चक्रवर्तिन अशोका सम्राट, गब्बर पूंछवाला, शेर-ए-पंजाब: महाराणा रंजीत सिंह, इंटरनेट वाला लव और इश्क शुभान अल्लाह जैसे सीरियल्स में भी नजर आई थीं। तुनीषा से पहले भी कई टीवी और फिल्म एक्टर्स आत्महत्या कर चुके हैं।

**हड़कंप**

**20 साल की तुनीषा शर्मा कटरीना की फिल्म फितूर में नजर आई थीं**






## अब 2023 तक मिलेगा 81 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत 81 करोड़ गरीबों को एक साल तक मुफ्त अनाज मिलेगा। लाभार्थियों को जनवरी 2023 से अगले एक वर्ष तक उनकी पात्रता के अनुसार मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करेगी। हालांकि, सरकार ने अप्रैल 2020 में शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को बंद कर दिया है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस बारे में जानकारी देते हुए ट्वीट किया, ह्लऐतिहासिक निर्णय !गरीबों को खाद्य सुरक्षा के लिए अब कोई पैसा नहीं देना होगा। पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार इस पर होने वाले लगभग 2 लाख करोड़ रूपए के खर्च को शत-प्रतिशत वहन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्विटर पर लिखा, ह्लदेश के गरीबों का कल्याण हमारे लिए सर्वोपरि है। ऐसे में उनकी खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने ये महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसका सीधा लाभ देश के लगभग 80 करोड़ से अधिक लोगों को मिलेगा। पीयूष गोयल ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को मिलने वाले मुफ्त राशन को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया है।

## लोन फ्रॉड के मामले में कोचर दंपति गिरफ़्तार

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वीडियोकॉन-आईसीआईसीआई बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने यह कार्रवाई की है। सीबीआई ने चंदा कोचर, उनके पति और वीडियोकॉन ग्रुप के वेणुगोपाल धूत के साथ-साथ नूपावर रिन्यूएबल्स, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाया था।आरोप है कि वीडियोकॉन के प्रवर्तक वेणुगोपाल धूत ने 2012 में आईसीआईसीआई बैंक से वीडियोकॉन समूह को 3,250 करोड़ रुपये का कर्ज मिलने के बाद कथित तौर पर नूपावर में करोड़ों रुपये का निवेश किया। सीबीआई ने 2019 में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एक बयान में कहा था कि यह आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आईसीआईसीआई बैंक को धोखा देने के लिए आपराधिक साजिश में निजी कंपनियों को कुछ ऋण मंजूर किए थे। ईडी ने पहले 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के कथित ऋण घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच शुरू होने के बाद चंदा को 2018 में अपने पद से हटना पड़ा था।

**कसा शिकंजा**

**ईडी ने सितंबर 2020 में दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था**

## ज्ञानवापी की तरह अब मथुरा में होगा विवादित स्थल का सर्वे

### हिंदू पक्ष की अपील पर कोर्ट का फैसला, 20 जनवरी तक कोर्ट में पेश करनी होगी रिपोर्ट

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में हिंदू पक्ष के लिए अच्छी खबर आई है। वाराणसी के ज्ञानवापी मामले की तरह मथुरा में भी अब विवादित स्थल का सर्वे किया जाएगा। कोर्ट ने यह फैसला हिंदू पक्ष की अपील पर दिया है। यह फैसला मथुरा की अदालत ने शुक्रवार (24 दिसंबर, 2022) को सुनाया है।

इसके साथ ही कोर्ट ने 20 जनवरी तक नक्शा समेत विवादित स्थल की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने आदेश दिया है। सिविल जज सीनियर डिविजन तृतीय सोनिका वर्मा की अदालत ने यह फैसला दिया है। हिंदू सेना के दावे पर सुनवाई करते हुए मथुरा की कोर्ट ने ईदगाह का अमीन सर्वेक्षण करने का आदेश जारी किया।

**बड़ा निर्णय**

**हिंदू सेना का दावा- मंदिर तोड़कर ईदगाह का किया गया निर्माण**

**वाराणसी के श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी केस में पांच महिलाओं ने दायर की थी याचिका**

वादी के अधिवक्ता शैलेश दुबे ने बताया कि आठ दिसंबर को हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता और उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की न्यायाधीश सोनिका वर्मा की अदालत में दावा किया गया था कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर औरंगजेब द्वारा मंदिर तोड़कर ईदगाह तैयार कराई गई थी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास कोर्ट के सामने पेश किया। उन्होंने साल 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बनाम शाही ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी अवैध बताते हुए निरस्त किए जाने की मांग की है। दुबे ने बताया कि कोर्ट ने वादी की याचिका पर सुनवाई करते हुए अमीन द्वारा सर्वेक्षण कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। अमीन को 20 जनवरी तक ईदगाह की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करनी होगी।



बता दें, मथुरा से पहले वाराणसी के श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी केस में कोर्ट के आदेश पर विवादित स्थल का सर्वे कराया गया था। इस मामले को लेकर 17 अगस्त 2021 को पांच महिलाओं ने ने श्रृंगार गौरी में पूजन और विग्रहों की सुरक्षा को लेकर याचिका दायर की थी। इस पर सिविल जज सीनियर डिविजन रवि कुमार दिवाकर ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर ज्ञानवापी का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था।

## शहीद जवानों के परिजनों को 50 लाख

### सीएम योगी ने एक सदस्य को नौकरी का भी किया ऐलान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिक्किम में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सेना के जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने जनपद मुजफ्फरनगर निवासी सेना के जवान लोकेश कुमार, जनपद उन्नाव निवासी सेना के जवान श्याम सिंह यादव, जनपद एटा निवासी सेना के जवान भूपेन्द्र सिंह तथा जनपद ललितपुर निवासी सेना के जवान चरन सिंह के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शहीद सैनिकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने इन शहीदों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा शहीद लोकेश कुमार, श्याम सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह तथा चरन सिंह के नाम पर उनके जनपद की एक सड़क का नामकरण करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहीद सैनिकों का अन्तिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। शहीद सैनिकों के अन्तिम संस्कार में राज्य सरकार के मंत्रीगण सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि देंगे।

**मदद**

**सिक्किम में हुए सड़क हादसे में जवानों की मौत पर शोक जताते हुए योगी ने की घोषणा**

### वन रैंक, वन पेंशन में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर पीएम मोदी के प्रति जताया आभार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से रक्षा बलों के कर्मियों एवं परिवार पेंशनधारकों के लिए वन रैंक, वन पेंशन (ओआरओपी) के प्रावधानों में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्विटर हैंडल से पीएम के प्रति आभार जताते हुए कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'वन रैंक, वन पेंशन' के तहत सशस्त्र बलों के कर्मियों/ परिवार पेंशनधारकों की पेंशन में अगले पुनरीक्षण को मिली मंजूरी अभिनंदनीय है।

### सीएए के खिलाफ हिंसा करने वालों की आई अब शामत

**लखनऊ।** 2020 में सीएए कानून के विरोध में उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला था। देशभर में प्रदर्शन की आड़ में हिंसक गतिविधियां भी देखने को मिली थी। विरोध प्रदर्शन की आड़ में कई शरारती तत्वों ने अपने नापाक इरादों को जमीन पर उतारते हुए सार्वजनिक संपत्तियों को क्षति पहुंचाई थी। जिसके बाद सककार ने हिंसक प्रदर्शन करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप किया। जिसके राज्य सरकारों ने अपनी कार्ययोजना पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सीएए के दौरान विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए तैयार हो चुकी है।

**एक्शन में योगी सरकार**

## 40 फीट गहरी खाई में गिरी बस

### सबरीमला से दर्शन कर लौट रहे 8 श्रद्धालुओं की मौत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में श्रद्धालुओं से भरी एक कार गहरे गड्ढे में गिर गई, जिसमे 8 लोगों की मौत हो गई। ये घटना तमिलनाडु के थेनी जिले की है। इस घटना में 9 साल के एक बच्चे सहित दो लोग घायल भी हो गए हैं। बताया जा रहा है कि गड्ढा करीब 40 फीट गहरा है। जहां घटना हुई वह जगह केरल सीमा के करीब है।

तमिल नाडु के अंदीपट्टी के पास संमुगसुंदरपुरम गांव के रहने वाले दस अयप्पा भक्त सबरीमाला मंदिर के दर्शन करने के बाद अपने घर जा रहे थे। तभी उनकी कार शुक्रवार देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। थेनी के जिलाधिकारी केवी मुरलीधरन ने कहा, थेनी जिले के कुमुली पहाड़ी दर्रे में 40 फुट गहरे गड्ढे में एक कार के गिर जाने से आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। बचाए गए दो लोगों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।10 यात्रियों में से सात की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य यात्री की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। बाकी दो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार मातृभूमि की एक रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को संदेह है कि भारी धुंध दुर्घटना का कारण हो सकती है। कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन को बीच में टक्कर मार दी। वर्तमान में हजारों तीर्थयात्री प्रतिदिन केरल में भगवान सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे हैं। सबरीमाला मंदिर वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा के मौसम के साथ अपने चरम समय पर है। पीक सीजन के दौरान हर साल सबरीमाला में एक से डेढ़ करोड़ लोग दर्शन करते हैं।

**दुखद**

**केरल-तमिलनाडु सीमा के पास हुआ हादसा**



## निकाय चुनाव पर फैसला 27 को

**लखनऊ।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में शनिवार को भी सुनवाई हुई। इस दौरान याची पक्ष व सरकारी पक्ष के वकील ने दलीलें दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। निर्णय 27 दिसंबर को सुनाया जाएगा।

शुक्रवार को समय की कमी के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी थी। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ में बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। वहीं, राज्य सरकार ने हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए ओबीसी के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। एक तरफ पैरवी थी आरक्षण की तो एक तरफ कुछ लोगों का मानना है कि ये आरक्षण जाति को आधार बनाकर राजनीतिक रोटियां सेकना है। फिलहाल ये तो आने वाला समय बताएगा कि आखिर कि कोर्ट किसके पक्ष में फैसला सुनाएगा।

**सुनवाई**

**रोक जारी, ओबीसी आरक्षण को लेकर दोनों पक्षों की दलीलें पूरी**

## नफरत के सहारे ध्यान भटकाकर काटी जा रही है लोगों की जेब

### राहुल ने लाल किले के निकट सभा को संबोधित करते हुए सरकार पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि सत्तापक्ष देश में नफरत फैलाकर लोगों का ध्यान भटका रहा है ताकि लोगों की जेब काटी जा सके। उन्होंने देश के एक बड़े उद्योगपति का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लगाम लगी हुई है और उनसे चीजें संभल नहीं रही हैं।

भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे राहुल गांधी ने लाल किले के निकट एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, इस यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ने का है। जब हमने यह यात्रा शुरू की तो सोच रहा था कि नफरत को मिटाने की जरूरत है। मेरे दिमाग में था कि इस देश में सब जगह नफरत फैली हुई है। मगर जब मैंने चलना शुरू किया तो सच्चाई बिल्कुल अलग थी...मीडिया के एक बड़े हिस्से में नफरत की बातें चलाई जाती हैं। उन्होंने कहा, इस यात्रा के दौरान मैं लाखों लोगों से मिला हूं। सब एक दूसरे से प्यार करते हैं, नफरत नहीं करते हैं। देश के 90 प्रतिशत लोग एक दूसरे नफरत नहीं करते। राहुल गांधी ने चांदनी चौक की ओर इशारा करते हुए कहा, यहां मंदिर भी है, मस्जिद है और गुरुद्वारा है। यही हिंदुस्तान है। उन्होंने दावा किया कि नफरत फैलाकर ध्यान भटकाया जाता है और हवाई अड्डे, बंदरगाह, सड़कें और देश की संपत्तियां प्रधानमंत्री के मालिकों के हवाले कर दी जाती हैं। उन्होंने कहा, जब कोई जेब काटता है तो पहले यह देखता है कि जिसकी जेब काटी जा रही है, उसका ध्यान भटक जाए। यही देश में हो रहा है कि ध्यान भटकार देश की जेब काटी जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार छोटे व्यापारी देते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी और गलत जीएसटी कोई नीतिगत निर्णय नहीं था, बल्कि किसानों और छोटे व्यापारियों को मारने का हथियार था। उन्होंने कहा, अपने मालिकों के लिए प्रधानमंत्री ने छोटे व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। राहुल गांधी ने कहा, जैसे प्रेस पर लगाम लगी हुई है उसी तरह देश के प्रधानमंत्री पर लगाम लगी हुई है।

**भारत जोड़ो यात्रा**

**बोले-इस यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ने का, प्रधानमंत्री मोदी पर लगाम लगी हुई है और उनसे चीजें संभल नहीं रहीं**



वह संभाल नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने भाजपा और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, अब ये लोग डर फैला रहे हैं। किसानों, युवाओं, छोटे व्यापारियों और माताओं-बहनों के दिल में डर फैला रहे हैं। भगवान शिव कहते हैं डरो मत, हिंदू धर्म कहता है कि डरो मत। ये लोग हमेशा डर फैलाने की बात करते हैं। राहुल गांधी ने कहा, हिंदू धर्म में कहां लिखा है कि गरीबों को कुचलना चाहिए, कमजोरों को मारना चाहिए? हिंदू धर्म में तो गले लगाने की बात होती है। उन्होंने कहा, प्रेस वाले ने मुझसे पूछा कि आपको ठंड क्यों नहीं लगती। ये लोग देश के किसानों और गरीबों से क्यों नहीं पूछते?...हमने 2800 किलोमीटर की पदयात्रा करके कोई बड़ी बात नहीं की। किसान, मजदूर रोजाना चलते हैं। राहुल गांधी ने सीमा पर चीन के साथ तनाव को लेकर भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, चीन ने हमारी दो हजार वर्ग किलोमीटर जमीन हड़प ली। प्रधानमंत्री कहते हैं कि अंदर कोई नहीं आया। अगर कोई नहीं आया तो हमारे सेना ने उनकी सेना के साथ 21 बार बात क्यों की? कांग्रेस नेता ने कहा, हमें ऐसा हिंदुस्तान बनाना है कि शंघाई में कोई युवा जूता खरीदे तो उस पर ह्यमेड इन इंडियाह्ण लिखा हो। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कोविड के बहाने यात्रा को रोकना चाहती है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री संसद में मास्क पहनते हैं, लेकिन शादी में जाते हैं तो मास्क नहीं पहनते। उन्होंने दावा कि चीन के साथ सीमा पर तनाव को लेकर सरकार ने संसद के इस बार के शीतकालीन सत्र में चर्चा नहीं कराई। खड़गे ने सवाल किया, मोदी जी आप क्यों चीजें छिपा रहे हो? चर्चा से क्यों भाग रहे हो?

## संक्षेप

### डीसीपी ने कहा, शोहदों पर करें कार्रवाई

**मंडुवाडीह।** डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह ने शनिवार को मंडुवाडीह थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी को शोहदों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि स्कूल कॉलेज या सार्वजनिक स्थलों पर एंटी रोमियो की टीम कार्रवाई करे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर समेत महिला हेल्प डेस्क और थाने में आने वाले फरियादियों को बैठने आदि की जांच की। डीसीपी ने पर्व रजिस्टर समेत अन्य अपराध से जुड़े मामलों का लेकर पूछताछ की। मालखाने में रखे असलहों का भी निरीक्षण किया। मेस की सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान एसीपी रोहनिया विदुष सक्सेना भी मौजूद रहे।

### सेल्फी लेने के चक्कर में किशोर की जान गई

**रामनगर।** मौसेरे भाई के साथ सेल्फी और वीडियो बनाने के चक्कर में एक किशोर शनिवार को अपराह्न छत की दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। आनन-फानन में लोग किशोर को लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय ले गये जहां डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार आसिम रिजवी (15 वर्ष) गोलाघाट स्थित अपने ननिहाल में बचपन से मामा तहजीब हुसैन के साथ रहता था। आसीम शनिवार को सुबह 11 बजे औद्योगिक क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी में अपनी मौसी के घर गया था। मौसी के लड़के अमन अब्बास के साथ छत पर जा कर सेल्फी और वीडियो बनाने लगा। इसी दौरान किनारे की दीवार पर आसीम का पैर स्लिप हो जाने से नीचे गिर गया। आनन-फानन में लोग उसे बाइक से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आसीम की मां शिरी फातमा का डेंगू की बीमारी से छह वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक का पिता अली हैदर छत्तीसगढ़ में काम करते है। आसीम अपने मां-बाप का एकलौता संतान था।आसीम पर मां बाप के साया ना रहने से आसीम पढ़ाई छोड़ कर काम काज की तलाश में इधर उधर भटक रहा था।

### बीएचयू के छात्रों ने लंका थाना घेरा

वाराणसी। बीएचयू बहुजन इकाई के छात्रों ने शनिवार को लंका थाने का घेराव किया। आरोप है कि इकाई के एक सदस्य को बिड़ला सी हॉस्टल में 21 को पिटाई कर दी गई थी। इस बाबत विश्वविद्याल प्रशासन को अवगत कराय गया लेकिन जब कार्रवाई नहीं हुई और लंका थाने एफआईआर दर्ज नहीं हुआ तो शनिवार को बीएचयू बहुजन इकाई के छात्र थाने घेराव करने लंका थाने पहुंचे। छात्रों का कहना था कि अगर रिपोर्ट दर्ज नहीं होगा तो आंदोलन करेंगे। **छात्र आंदोलन को होंगे विवश :** छात्र संतोष कुमार का आरोप है कि 21 दिसंबर की रात बिड़ला हॉस्टल के कमरे में था। वहां, रहने वाले दूसरे छात्र ने शराब पीकर गालियां दी। उसके रूम पर मौजूद दूसरे लड़के ने उसका पैर छूने के लिए बाध्य किया। ऐसा करने से इनकार कर दिया, तो धक्कामुक्की हुई और जातिगत गालियां दी गईं। घटना के बाद चीफ प्रॉक्टर ऑफिस में शिकायत की। वहां से बताया गया गया कि शिकायत को लंका थाने को अग्रसारित कर दिया गया है। लेकिन रपट दर्ज नहीं हुई।

### पंपिंग सेट के सामान पर हाथ साफ

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र के कुड़ी (मोहनपुर) गांव में शुक्रवार की रात एक पंपिंग सेट पर बने कमरे के दरवाजे का ताला तोड़ कर स्टेपलाइजर, स्टार्टर एवं एक लैपटॉप चोर उठा कर ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। मोहनपुर कुड़ी निवाी शीतला प्रसाद तिवारी शुक्रवार को पंपिंग सेट पर ताला लगा कर घर चले गये और सुबह पहुंचे तो देखा कमरे में रखा पंपिंग सेट का समान समेत अन्य उपकरण चोरी हो गया है। चोरी समान की कीमत करीब 40 हजार बतायी गयी।

### 60 हजार का स्टेबलाइजर चोरी

**हरहुआ।** हरहुआ बाजार स्थित एक मकान में लगे पंपिंग सेट का स्टेबलाइजर जिसकी कीमत 60 हजार रुपये थी चोरी हो गयी। जानकारी के अनुसार राजेश सिंह का पुश्तैनी मकान है, शुक्रवार की रात यहां चोरी हुई। मामले की जानकारी अगले दिन यानी शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे हुई जब हुई जब वह मकान पर पहुंचे। देखा तो स्टेबलाइजर चोरी हो गया है। पीड़ित ने लिखित तहरीर हरहुआ पुलिस को दी।

### रंजिश कोचिंग के छात्र भिड़े

**भेलूपुर।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के गुरु धाम इलाके में स्थित एक कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों का दो गुट रंजिश को लेकर शनिवार को आपस में भीड़ गए। छात्रों के बीच मारपीट शुरु होते ही अफरा तफरी गई। एक दूसरे के ऊपर ईंट राड से हमला होने से दोनों तरफ से दो छात्रों को चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस, लेकिन तब तक छात्र भाग निकले। मौके पर मिर एक छात्र का मोबाइल गिरा पड़ा मिला। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लेकर जाँच में जुट गई।

### बिजली चेकिंग करने पहुंची टीम पर हमला

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बसनी गांव में बिजली कनेक्शन की जांच करने पहुंची विद्युत विभाग की टीम के एक संविदा कर्मी रोशन अली को गांव के दबंग ने मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिजली कर्मी को छुड़ाया। अवर अभियंता पिंडरा सर्वेश कुमार ने मारपीट के आरोपी रहमान एवं एक अज्ञात के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल का उपचार स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया जा रहा है।

### युवती गंगा में कूदी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के मलहिया स्थित विश्वसुंदरी से शनिवार को अनामिका चौहान 19 वर्षीय गंगा में कूद गई। राहगीरों से सूचना मिलने के बाद लंका पुलिस मौके पर पहुंची। पुल पर युवती का गंगा में पर्स और चप्पल मिला। जिससे उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस उसके पिता नंदलाल चौहान को सूचना दी। पुलिस गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश में जुट गए। इंस्पेक्टर लंका बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती चंदौली जिले के पडरिया सौदुपुर साहबगंज का रहने वाली थी। उसके पिता को सूचना दिया गया हैं। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### नियमों को दरकिनार कर बेची जा रही शराब

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र में प्रशासन और आबकारी विभाग की नाक के नीचे शराब ठेकेदार की मनमानी चल रही है। ग्राम सभा कपरफोरवा में संचालित शराब की दुकान इन दिनों शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मालती देवी के नाम से अनुज्ञापित देशी शराब की दुकान एकदम सुबह ही सात बजे ही खोल दी जाती है और देर रात बंद होती है। राह चलते लोगों को यहां मौजूद कर्मी ऊंची दाम पर समय बीतने के बाद शराब देते दिख जायेंगे।

### मनचला गिरफ्तार, करता था अश्लील इशारे

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना पुलिस की एण्टी रोमियों टीम ने महिलाओं और छात्राओं पर छींटाकशी करने वाले मनचले को दबोचा। जानकारी के अनुसार मनचला पुरानी मार्केट सिंधोरा के पास आने जाने वाली महिलाओं से अश्लील हरकत और छींटाकशी करता था। मनचले की पहचान सुरेन्द्र कुमार चौहान निवासी गुलरा थाना चंदवक जौनपुर के तौर पर हुई। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया।

# आशनाई में हुई थी हत्या, तीन अरेस्ट

**पर्दाफाश**

**जिस लड़की से था श्रवण का संबन्ध उसी से हत्यारोपी का भी था चक्कर**

**पार्टी के नाम पर श्रवण को बुलाया और चाकू से रेत दिया गला**

जनसंदेश न्यूज


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के मलहिया में नौ महीने पहले चालक की हत्या में लंका पुलिस ने बाल अपचारी समेत तीन को विश्व सुंदरी पुल के नीचे से दबोचा। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि चालक श्रवण राजभर की हत्या आशनाई के चक्कर में की गयी। अभियुक्तों की पहचान मलहिया निवासी कुमेश राजभर और योगेश्वर राजभर उर्फ बंगाली के तौर पर हुई है। तीसरा आरोपी किशोर है। वहीं हत्या का अंजाम देने में शामिल एक और अभियुक्त जिसकी तलाश में पुलिस जुट गयी है। सीपी अशोक मुथा जैन ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की।

जानकारी के अनुसार लंका थाना अंतर्गत मलहिया पुलिया के समीप आठ मार्च पेशे से चालक श्रवण राजभर का शव मिला था। श्रवण की गला रेत कर हत्या की गई थी। श्रवण राजभर का शव उसके घर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर मिला था। हत्या की जांच कर रही टीम को पता चला कि श्रवण का संबंध गांव की ही एक लड़की से था। उस लड़की से कमलेश उर्फ कुमेश राजभर का भी संबंध था। ऐसे में कमलेश ने रास्ते हटाने के लिए श्रवण की हत्या कर दी और इस घटना को अंजाम कमलेश और उसके अन्य तीन साथियों ने दिया। कमलेश ने पुलिस पूछताछ में बताया कि श्रवण को रास्ते से हटाने के लिए उसने योगेश्वर राजभर उर्फ राजा राय उर्फ बंगाली और दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर श्रवण राजभर को मारने की योजना बनाई। योजना के छह मार्च को श्रवण राजभर को मलहिया पुलिया के नीचे शराब पीने के बहाने बुलाया गया, लेकिन किसी कारण से उस दिन उसकी हत्या करने में सफलता नहीं मिली। आठ मार्च को श्रवण को फिर पार्टी के लिए बुलाया गया तो वह स्कूटी से मलहिया पुलिया के पास आया। उस दिन वह जैसे ही स्कूटी खड़ा किया वैसे गला रेत कर उसकी हत्या कर दी गई।

### क्राइम ब्रांच ने दो को उठाया

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतर्गत तरांव ग्राम समीप वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर शनिवार दोपहर क्राइम ब्रांच की टीम एसयूवी सवार दो लोगों को अपने साथ ले गयी। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के रहने वाले राजीव यादव व विनोद यादव नामक दो व्यक्ति एसयूवी वाहन में सवार होकर वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रहे थे। इस दौरान टाटा सूमो सवार क्राइम ब्रांच के लोग तराव ग्राम समीप ओवरटेक कर दोनों को अपने वाहन में बिठाकर आजमगढ़ की तरफ चले गए। चौकी प्रभारी दानगंज अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि आजमगढ़ क्राइम ब्रांच की टीम दोनों को अपने साथ ले गई है। संबंधित वाहन फिलहाल चोलापुर पुलिस के कब्जे में है।

# सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय पांच घंटे बाद रिहा

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**किसानों की जमीन लेने के विरोध में निकालने वाले थे पदयात्रा**

**आजमगढ़ में मंदुरी एयरपोर्ट के विस्तार के विरोध में किसानों का समर्थन करने जा रहे थे**

**वाराणसी।** मैग्सेसे पुरस्कार विजेता सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संदीप पांडेय और उनके साथियों को शनिवार की सुबह वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन से पुलिस ने हिरासत में लिया। करीब पांच घंटे हिरासत में रखने के बाद उन्हें वापस लखनऊ ट्रेन से भेज दिया गया। संदीप पांडेय आजमगढ़ में हवाई अड्?डे के विस्तारीकरण के विरोध में किसानों के समर्थन में पदयात्रा निकलने वाले थे।

डॉ. संदीप और उनके साथियों को वाराणसी पुलिस लाइन के गेस्ट हाउस में लगभग पांच घंटे से ज्यादा समय तक निगरानी में रखा गया। पुलिस ने इसकी वजह पदयात्रा की अनुमति न होने, धारा-144 लागू होने और कोविड प्रोटोकॉल बताया। दोपहर बाद पुलिस डॉ. संदीप पांडेय और उनके साथियों को वापस कैंट स्टेशन ले गई और उन्हें लखनऊ जाने वाली ट्रेन में बैठा कर रवाना कर दिया।

आजमगढ़ जिले में मंदुरी एयरपोर्ट के विस्तार के विरोध में किसानों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। आजमगढ़ के किसानों के अनुसार, यहां हवाई अड्डे के विस्तार के लिए आठ गांव की हजारों बीघा जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि अधिग्रहण के लिए 80 प्रतिशत किसानों की सहमति कानून का भी सरकार पालन नहीं कर रही है और जबरिया जमीन हथियाना चाह रही है।

# रोप-वे के लिए टेंडर करें फाइनल



**फौरन शुरू करें काम**

**महायोजना-2031 के तहत मांगा गया प्रस्ताव**

**वाराणसी।** प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में शनिवार को वीडीए सभागार में बैठक हुई। जिसमें मुख्य रोप-वे, वाराणसी महायोजना-2031, सिटी डेवलपमेंट प्लान, सिटी लाजीस्टिक प्लान समेत अन्य विकास कार्यों पर मंथन हुआ। बैठक में रोप-वे परियोजना को लेकर निर्देशित किया गया कि इस दिशा में संबन्धित विभाग टेंडर फाइनल करे और स्वीकृति के उपरांत काम शुरु कराये।

एनएचएलएमएल द्वारा उपलब्ध कराये गये प्लान के अनुसार समस्त अनुभाग आपस में समनव्य स्थापित कर कार्य को कराने का निर्देश दिया गया साथ ही डीपीआर प्राथमिकता पर फाइनल कर उपलब्ध कराने को कहा गया। वाराणसी महायोजना-2031 में शहर की अवश्यकता के अनुसार बस टर्मिनल, ट्रक टर्मिनल, एसटीपी एवं शहर की अन्य भौतिक अवस्थापना सुविधाओं का प्रस्ताव मांगा गया। सिटी डेवलपमेंट के संबंध में विचार-विमर्श हुआ और अवस्थापना के दृष्टिकोण से शहर में पूर्व में किये गये कार्यों का विश्लेषण करते हुए अग्रिम आवश्यकताओं के दृष्टिगत नये अवस्थापना सुविधाए प्रस्तावित की जाये एवं उनकों महायोजना में भी यथा संभव सम्मिलित कर लिया जाये।

## पुरातन शिक्षिका छात्रा समागम में यादें हुईं ताजा

**तरना।** अर्दली बाजार स्थित कस्तूरबा बालिका इंटर कालेज में शनिवार को प्राचीन शिक्षिका एवं छात्रा समागम और वार्षिककोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्राचीन शिक्षिका निहारिका चौधरी रहीं। अध्यक्षता राजू राय ने और अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्या डा.सुधा सिंह ने किया। कार्यक्रम संयोजन में प्रबन्धक प्रेमचन्द्र बरनवाल और प्रधानाचार्या डा. सुधा सिंह का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. आभा श्रीवास्तव ने किया। विद्यालय में पहली बार आयोजित प्राचीन शिक्षिका एवं छात्रा समागम कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने अपना अनुभव व्यक्त किया। प्रधानाचार्या का भूरि-भूरि प्रशंसा की जिनके सहयोग से अपने सहपाठियों से मिलने और बचपन की यादों को ताजा करने का मौका मिला कइस अवसर पर विगत वर्ष की हाईस्कूल और इण्टर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रओं को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्या ने किया।

# थाना दिवस पर डीएम और डीसीपी ने की जनसुनवाई

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और डीसीपी गोमती विक्रांतवीर ने थाना दिवस पर बड़ागांव थाने जनसुनवाई की। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया गया साथ ही जो मामले कोर्ट में लंबित है उन्हें फैसला आने तक यथास्थित रखने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायत रजिस्टर में दर्ज एक शिकायतकर्ता जगदीश पाण्डेय निवासी सराय तक्की बड़ागांव के मोबाइल फोन पर बात कर जमीन कब्जे के विवाद के निस्तारण की जानकारी ली। जगदीश ने बताया कि लेखपाल ने नापी कर पत्थर नसब कराया गया लेकिन विरोधियों ने उसे उखाड़ दिया। जबकि रजिस्टर में निस्तारण प्रक्रिया में दर्ज था कि दोनों पक्षों को कोर्ट का फैसला आने तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया गया था। दोनों के कथन में अन्तर पाये जाने पर निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता


जनसुनवाई करते डीएम और डीसीपी

उच्चाधिकारियों ने स्वयं जांची जाय। इस केस में एसएचओ द्वारा गुणवत्ता की कोई जांच नहीं की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस केस की राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर पुनः जांच करें। अधिकारी द्वय द्वारा थाना कपसेठी में थाना दिवस पर जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी ने शिकायत रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली तथा एक निस्तारण के सम्बन्ध में दोनों पक्षों का सुलह कराया गया था। जिसका सुलहनामा मंगवा कर देखा।

रजिस्टर के अवलोकन के दौरान एक मामले में मौके पर केवल लेखपाल द्वारा निस्तारण करने हेतु उपस्थित होना दर्ज था जिसपर उन्होंने कहा कि भूमि विवाद या प्रापर्टी के झगड़े के निस्तारण में पुलिस और राजस्व दोनों विभाग मिलकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और फीड बैक लें। तीसरे पड़ाव पर जन्सा थाने पहुंचे और थाने पर समाधान दिवस पर भी सुनवाई की। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में समस्या को कानून की परिधि में रह कर निपटायें, तथ्यों की पूरी जानकारी ले कर निस्तारण करें।

# बच्चों में तकनीकी ज्ञान के लिए स्मार्ट फोन जरूरी : डॉ. दयाशंकर मिश्र

जनसंदेश न्यूज

**सेवापुरी।** अब लोग फोन और लैपटॉप पर सिमट कर रह गए हैं अपने लोगों को भी भूल गए हैं आज सारी जानकारी इस स्मार्टफोन में मौजूद है इसके माध्यम से आप अपना ज्ञान बढ़ा सकते हैं और विश्व के सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहरा सकते हैं।

उक्त बातें कालिकाधाम पीजी कॉलेज सेवापुरी में शनिवार के दोपहर बाद भारत व प्रदेश सरकार की डिजी शक्ति मिशन के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु (आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार) ने कही। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग सही दिशा में और खासकर शिक्षा के क्षेत्र में किया जाए। पहले छात्रों को अध्ययन करने के लिए लाइब्रेरी में जाना पड़ता था और महंगी किताबें खरीदनी पड़ती थी जो सबके बस की बात नहीं थी लेकिन


बच्चों के साथ राज्यमंत्री दयाशंकर दयालु

आज स्मार्टफोन इस बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हैं।

सीएम योगी आदित्य नाथ ने कहा था कि हम प्रदेश के सभी छात्र छात्राओं को किस्तों में स्मार्टफोन उपलब्ध कराएंगे और आज दोबारा सरकार में आने के बाद स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम बखूबी निभा रहे हैं। कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्य अतिथि ने कालेज परिसर में स्थापित संरक्षक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय निहाला सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इंटर कॉलेज परिसर में नवनिर्मित लाइब्रेरी भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। कॉलेज के संरक्षक डॉ. तेग बहादुर सिंह ने भी विचार व्यक्त किया। कालेज के स्थापना दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को यहां बुलाने की मुख्य अतिथि से मांग की।

संचालन डॉ रमेश चतुर्वेदी ने और धन्यवाद विनोद सिंह, अनिलेश कुमार सिंह दिया। कालेज के प्रबंधक डॉ.हर्षवर्धन सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# कर निर्धारण अधिकारी का वेतन रोका गया

**नगर आयुक्त सख्त**

**गृहकर वसूली में फिसड्डी सभी जोनल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस**

**गृहकर वसूली मानक के अनुरूप नही तो निलंबन के लिए रहे तैयार**

**वाराणसी।** काम में लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्र का वेतन 24 रोक दिया। तीन दिसंबर, से 11 दिसम्बर तक पीके मिश्र कार्यालय में अनुपस्थित रहे। इस बाबत नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर 24 दिसंबर तक उनका वेतन रोक दिया। जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को जन सुनवाई के दौरान पीके मिश्र कार्यालय में मौजूद नहीं थे ऐसे में नगर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ये कार्रवाई की।

वहीं दूसरी ओर अपर नगर आयुक्त एवं वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी (कर) राजीव कुमार राय द्वारा गृहकर वसूली की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में पाया गया कि नवम्बर 2022 तक नगर निगम वाराणसी का निर्धारित गृहकर वसूली के कुल लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली होने के कारण अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय द्वारा सभी जोनल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तथा निर्देशित किया गया है कि आगामी 15 जनवरी तक लक्ष्य के सापेक्ष गृहकर वसूली कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी साथ ही शासन को भी अवगत कराया जायेगा।

नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने सभी जोनल अधिकारियों/ सभी जोनल कर अधीक्षकों और कर निरीक्षकों को सचेत किया गया है कि यदि उनके द्वारा की जा रही गृहकर वसूली मानक के अनुरूप नही पायी जाती है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार या निलंबन की कार्रवाई की जायेगा।



गुमशुदा
नाम-समीर
पिता-मोहम्मद गोया
रंग-सांवला चेहरा
लंबाई 4 फुट 6 इंच
पता - ग्राम-सुराई, पो0-फरिहा, थाना-निजामाबाद, जनपद-आजमगढ़
सूचना देने वाले को 20000 रु. ईनाम दिया जायेगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत भुईधरा वि0ख0-सुजानगंज, जौनपुर

निलामी सूचना

1. सड़क से गणेश के घर तक 100 मी0 सी0सी0 रोड, 2. उच्च मा0 वि0 भुईधरा बाउण्ड्रीवाल कार्य, 3. मेन सड़क से महेन्दर के घर तक सी0सी0 रोड, 4. प्रा0 वि0 सखवट से संतोष के घर तक सी0सी0 रोड, 5. सड़क से लेकर जच्चा बच्चा केन्द्र तक सी0सी0 रोड।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-भुईधरा, वि.ख.-सुजानगंज, जौनपुर
ग्रा0 वि0 अ0, ग्राम पंचायत-भुईधरा, वि.ख.-सुजानगंज, जौनपुर


## थाने पर नहीं हुई सुनवाई तो समाधान दिवस पर लगाई गुहार

**अपील**

**दो साल तक शादी का देता रहा झांसा, गुरुवार को युवती को छोड़ भाग निकला**

जनसंदेश न्यूज

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने शुक्रवार को कछवांरोड पुलिस चौकी पर तहरीर दी आरोप लगाया कि छतेरी गांव निवासी शिवा प्रजापति ने शादी का झांसा देकर तीन महीने पहले नोएडा के सुरजपुर ले गया और गुरुवार की रात नोएडा से लेकर आया की वाराणसी कोर्ट में तुमसे कोर्ट मैरेज करेंगे और रात 10 बजे लाकर छोड़कर भाग निकला।

इस मामले में पीड़िता ने शनिवार को समाधान दिवस पर मिर्जामुराद थाने पर प्रार्थना दिया। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि छतेरी गांव निवासी शिवा प्रजापति ने दो साल पहले शादी झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। जब भी शादी की बात करती थी मारपीट व गाली गलौज करता रहा। युवती का आरोप रहा की प्रेमी तीन माह पहले शादी करने की बात कह कर नोएडा के सुरजपुर ले गया। तीन माह रहने के गुरुवार की वाराणसी में कोर्ट मैरेज करने की बात कहकर लाया और जबरजस्ती घर छोड़ फरार भाग गया। शुक्रवार को पुलिस चौकी से लेकर थाने तक प्रेमी को लाने की गुहार लगाती रही लेकिन कोई नही सुना। शुक्रवार की रात जब प्रेमी के घर गई तो उसके पिता भाई व दो दोस्त मारपीट कर निकाल दिया। पीड़िता के अधिवक्ता ने ट्वीट कर इस मामले को आलाधिकारियों तक पहुंचाया।


जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरे सैनिक रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम Keshuri Devi दर्ज है जो गलत है । जबकि सही नाम Kishori Devi है जो सही है। भगीरथ सिंह ग्राम देवल, गाजीपुर।

मेरा हाई स्कूल सन् 2017 अनुक्रमांक 3040824 मूल अंक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। कंचन तिवारी/विजय कृष्ण तिवारी कोदोपुर, रामनगर, वाराणसी मो0-9264962927

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226661987 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र खो गया है। सुभाष कुमार यादव पुत्र नन्द कुमार यादव, ग्राम-कठही, सोनवानी, जिला-बलिया, उप्र।

मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217069489 का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। आराधना मौर्य पुत्री ओम प्रकाश मौर्या बंशीपुर, बबुरी, चंदौली।


## अनियंत्रित कार ईंट के ढेर से टकरायी

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी भदवर अंतर्गत पंचकोशी मार्ग देल्हना में शनिवार को औढे के तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया आल्टो कार घर के बाहर खड़ी दो पहिया वाहन में टक्कर मारते ईंट के ढेर में जा टकरायी। संयोग अच्छा था कि उस वक्त वहां कोई नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। मनोज राय उर्फ शम्भू का परिवार रहता है, सब घर के बाहर बैठकर धूप सेक रहे थे। इस बीच अनियंत्रित कार को देख वहां से लोग हट गये। हालांकि कार टक्कर के बाद छतिग्रस्त हो गयी। चालक को कोई चोट नहीं आयी।

## एक्स्पोजर विजिट का आयोजन

**सेवापुरी।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिक मनोवृति के विकास के लिए मॉडल ब्लॉक सेवापुरी में एक एक्स्पोजर विजिट महात्मा बुद्ध के उपदेश स्थली सारनाथ के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। बच्चे सारनाथ पहुंचकर वहां के संग्रहालय , बौद्ध स्तूप, महात्मा बुध के प्रथम उपदेश स्थल, चिड़ियाघर का भ्रमण किया। बच्चे भ्रमण उपरांत विगत सभ्यता के प्रारंभ में इस प्रकार के मूर्ति एवं स्तूपो का निर्माण की विधि पर अपने साथ गए शिक्षकों के साथ चर्चा किए। शिक्षकों द्वारा बच्चों की जिज्ञासा के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। बच्चे चिड़िया घर में जाकर विभिन्न प्रकार के पशु पक्षियों के अनुकूलन क्षमता, कार्य विधि, भोजन जुटाने की प्रयास पर विचार विमर्श करते दिखाई दिए। विजिट में शामिल सभी बच्चे आनंदित हुए एवं उन्होंने यह विश्वास दिलाया की हम इस अनुभव को अपने विद्यालय पर अपने साथियों के साथ साझा करेंगे एवं इस विजिट पर आधारित एक प्रोजेक्ट कार्य को भी पूर्ण करेंगे।

## छात्रसंघ चुनाव, 16 जनवरी को जारी होगी अधिसूचना

**19 जनवरी को नामांकन पत्रों और संलग्न दस्तावेजों की जांच की जाएगी**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उदय प्रताप इंटर कॉलेज में 16 जनवरी से छात्र संघ चुनाव शुरू हो रहा है। 28 जनवरी को वोटिंग होगी। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 16 जनवरी को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। उसके बाद 18 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन किया जाएगा। वहीं, 19 जनवरी को नामांकन पत्रों और संलग्न दस्तावेजों की जांच की जाएगी। शनिवार को जारी अधिसूचना में बताया गया है कि 21 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन वापसी का दौर चलेगा। उसी दिन दोपहर में 3 बजे के बाद वैध और अवैध प्रत्याशियों की पदवार फाइनल लिस्ट को पब्लिया किया जाएगा। वहीं, 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा। उसी दिन शाम तक वोटिंग काउंटिंग के बाद रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। वहीं, उसी रात शपथ कार्यक्रम भी होगा।

### मुख्य भवन में होगा दीक्षांत, रिहर्सल 30 को

**वाराणसी।** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलसचिव केशलाल ने बताया कि आगामी 31 दिसम्बर को दोपहर दो बजे 2:00 विश्वविद्यालय का 40 वां दीक्षांत समारोह मुख्य भवन में होगा। इसके पूर्व दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि एवं स्नातकों को उपाधि तथा पदक प्रदान करने की संस्तुति पर विचार करने के लिये दिनांक 30 दिसंबर को विद्या परिषद और कार्य परिषद की बैठक योगसाधना केन्द्र मे होगी। 30 दिसंबर को दीक्षांत के बाबत प्रेस कांफ्रेस होगा जिसमें दीक्षांत संबन्धित सभी बिंदुओं पर मीडिया कर्मियों को अवगत कराया जायेगा। 30 को ही शाम चार बजे दीक्षांत समारोह के लिए रिहर्सल होगा।


कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही
पत्रांक स्था 092/न0पा0प0गो0/ दिनांक 21.12.2022
सार्वजनिक सूचना/इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिव प्रसाद मौर्या पुत्र रामचन्दर मौर्या ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 20.12.022 द्वारा भवन संख्या-78 मोहल्ला कोईरान मोहाल वार्ड नं0-14 में स्थित मकान पर अंकित श्री राम प्रसाद मौर्या पुत्र रामचन्दर मौर्या के रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर श्री शिव प्रसाद मौर्या पुत्र रामचन्दर मौर्या का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही
पत्रांक स्था 093/न0पा0प0गो0/ दिनांक 21.12.2022
सार्वजनिक सूचना/इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार पुत्र उमाशंकर हलवाई ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 20.12.022 द्वारा भवन संख्या-11 मोहल्ला खड़हट्टी मोहाल वार्ड नं0-23 में स्थित मकान पर अंकित श्री छोटे लाल पुत्र नारायण दास तेली व उषा देवी पत्नी स्व0 गोपाल के स्थान पर बैनामा दिनांक 26.11.2022 के आधार पर श्री सुनील कुमार पुत्र उमाशंकर हलवाई का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही
पत्रांक स्था 094/न0पा0प0गो0/ दिनांक 24.12.2022
सार्वजनिक सूचना/इश्तहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्र प्रकाश सिंह पुत्र स्व0 समुझ सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 23.12.022 द्वारा भवन संख्या- मोहल्ला सोनखरी वार्ड नं0-04 में स्थित मकान पर अंकित स्व: कर निर्धारण के अन्तर्गत श्री चन्द्र प्रकाश सिंह पुत्र स्व0 समुझ सिंह का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही



# वाराणसी भारत



# गिरजाघरों में छाया प्रभु यीशु के जन्म का उल्लास

**मैरी क्रिसमस**

### चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना लोगों ने एक दूसरे को मैरी क्रिसमस की दी बधाई



शनिवार को लाल गिरिजा के बाहर प्रभु के जन्म के बाद प्रफुल्लित युवतियां

**वाराणसी।** सर्द हवाओं के बीच ईसाई समाज द्वारा शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि को प्रभु यीशु का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। मध्यरात्रि को चर्च में विशेष प्रार्थना के साथ ही मैरी क्रिसमस से लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी।

क्रिसमस के लिए आकर्षण विद्युत झालरों से सजकर तैयार कैथोलिक चर्च देर रात्रि तक मैरी क्रिसमस की गूंज से गूंजयमान होता रहा। चर्च प्रांगण में प्रभु यीशु के जन्म की झांकी बन चुकी है। माता मरियम के साथ बालक यीशु का प्रतिरूप घास-फूंस से बनी झोपड़ी में जानवरों (भेड़-गाय) के साथ प्रस्तुत किया। चर्च भवन को रंगबिरंगी रोशनी, गुब्बारों, फूलों, चांद, सितारों, क्रिसमस ट्री से सजा रहा। फादर ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि प्रभु यीशु का जन्म आधी रात को हुआ था। कैथोलिक चर्च परिसर में प्रभु यीशु की जन्मों से जुड़े विभिन्न झांकियां भी सजाई गई।

25 दिसंबर रविवार को सुबह फिर प्रार्थना होगी व शाम को मिलन समारोह के रूप में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

#### जन्मोत्सव की धर्म विधि

ईसाई समाजजनों की मौजूदगी में शनिवार की रात को चर्च में जन्मोत्सव की धर्म विधि शुरू हुई। चर्च परिसर में जुलूस निकाला गया। बिशप, फादर व समाजजन यीशु के रूप में बालक की प्रतिमा हाथ में लेकर पवित्र ज्योति की परिक्रमा की। इसके बाद चर्च में पूजन विधि संपन्न हुई।



## वीआईपी ड्यूटी में भी मॉस्क नदारद



हवाई अड्डे पर बिना मास्क के दिखे पुलिस अधिकारी

**बाबतपुर।** विदेशो में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए सावधानी बरतने की एडवाइजरी मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा जारी की गई है। इसके बावजूद भी वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतरास्ट्रीय हवाई अड्डे पर वी आई पी दौरे के दौरान बिना मास्क के ड्यूटी करते नजर आए पुलिस कर्मी।

बता दें कि शनिवार को वाराणसी हवाई अड्डे से कई वीआईपी दौरा होना था जिसको देखते हुए हवाई अड्डे पर जिले सहित कई थानों की पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। कोरोना संक्रमण को लेकर स्थानीय हवाई अड्डा भी सावधानी बरत रहा है ऐसे में ड्यूटी पर लगे पुलिस के जवान जारी कोरोना प्रोटोकाल का पालन नजर अंदाज करते दिखाई पड़ रहे हैं। एसीपी पिंडरा ने बताया कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने में कोई हिला हवाली नही बरती जाएगी प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जाएगा।

# स्टॉलों पर खरीदारी को उमड़ी भीड़

**बंग मेला**

### उलूक ध्वनि व शंख ध्वनि में महिलाओं ने की भागीदारी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बंगीय समाज की ओर से बंगाली टोला इंटर कालेज परिसर में आयोजित त्रिदिवसीय बांग्ला मेला के दूसरे दिन शनिवार को स्टालों पर सामानों की खरीदारी के लिए महिलाओं व युवतियों के अलावा पुरुषों की भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ बंगाल की साड़ियों के अलावा खान पान के स्टॉलों पर देखी गई। बंगला मिठाइयों के शौकीनों के लिए लगाये गये स्टॉल पर लोग अपनी मनपसंद की बंगला मिठाइयों की खरादारी कर रहे थे। इसमें खजूर गुड़ का पायस, संदेश आदि मिठाइयां थी। घरेलू सामानों की भी खरीदारी करने में महिलाएं लगी रही।

अपराह्न में विद्यालय के सभागार में बंगीय समाज की महिलाओं लगभग 60 महिलाओं की ओर से शंख ध्वनि व उलूक ध्वनि का आयोजन किया गया। सायंकाल 6.30 बजे सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत श्रीजा विश्वास का कथक नृत्य हुआ। जिसमें उन्होंने कथक की विभिन्न शैलियों का प्रदर्शन कर सभी को भावविभोर कर दिया। नवनीत कुमार पब्लिक स्कूल की ओर से डांस ड्रामा (जांग्ला डांस) हुआ जिसे जान्हवी, सोमा, अंजली आदि ने भाग लिया।



स्टालों पर खरीदारी को उमड़े लोग

#### महिलाओं की घरेलू सामानों की जम कर हो रही बिक्री

मेले में महिलाओं की घरेलू सामानों के स्टॉल पर जम कर खरीदारी हो रही है। इसमें बंगीय समाज की महिलाओं ने गृह उद्योग को बढ़ावा देने के लिए घरेलू सामानों का स्टॉल लगाया है। जिसमें बंगाली सामानों में खजूर का गुड़, अचार, सब्जी मसाला, चूड़ा मटर मसाला, मस्टर्ड ऑयल के अलावा हाथ का बुना हुआ मफलर, स्वेटर, मोबाइल कवर आदि का स्टाल लगाया गया है। इसमें जो भी सामानों की बिक्री होगी उसका पैसा उस सामान बनाने वाली महिला को सौप दिया जायेगा।

#### मेडिकल कैम्प में 125 लोगों की हुई जांच

मेले में उजाला सिग्नस हास्पिटल की ओर से लगाये गये मेडिकल कैम्प में 125 लोगों की ब्लड शूगर, ब्लड प्रेशर, ईजीसी, यूरिक एसिड की निःशुल्क जांच की गई। जांच में डा. नागेन्द्र, डा. अवधेश, लैब के अमिताभ, अभिषेक, शिवानी, प्रीति, संतोष सरोज, स्वरांश पांडेय आदि लगे हुए हैं। इसी तरह डेज मेडिकल की ओर से स्टाल लगाया गया है। जहां पर ओलिव आयल की खरीदारी चल रही है।

# अस्पतालों में कोविड हेल्प डेस्क बनाएं

**वाराणसी।** कोविड के नये वैरियंट को देखते हुए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग बेहद सतर्क है। इसके तहत ही जिले के सभी अस्पतालों में कोविड हेल्प डेस्क/ फिवर डेस्क बनाने के निर्देश दिये गये हैं। अस्पताल आने वाले सभी मरीजों व उनके तीमारदारों की थर्मल स्कैनिंग की जायेगी। साथ ही सोशल डिस्टेसिंग, हैण्ड सेनेटाइजेशन व मास्क के प्रयोग को अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए कहा गया है। यह व्यवस्था सभी सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी चिकित्सालयों में भी लागू होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि चीन समेत अन्य कई देशों में कोविड के बढ़ते मरीजों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा व जिलाधिकारी एस.राजलिंगम के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी व निजी चिकित्सालयों में कोविड हेल्प डेस्क/ फिवर डेस्क खोलने के लिए कहा गया है। निर्देश दिए गए हैं कि संक्रमण के रोकथाम व नियंत्रण से सम्बन्धित आईपीसी प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया जाए। कोविड हेल्प डेस्क / फीवर डेस्क में थर्मल स्कैनर, पल्स आक्सीमीटर, मास्क एवं सैनिटाइजर रखे जाएं। अस्पताल आने वाले सभी लोगों का थर्मल स्कैनिंग आवश्यक रूप से किया जाए। आगंतुक के तापमान का रिकॉर्ड रखा जाए। हैण्ड सेनेटाइजेशन / हैंडवाश की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सीएमओ ने बताया कि यह व्यवस्था सभी पैथालॉजी, दन्त शल्यक, डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ ही आयुष्मान भारत से जुड़े सभी निजी चिकित्सालयों में भी लागू होगी।

**सीएमओ का आदेश**

### अस्पताल आने वाले सभी मरीजों-तीमारदारों की होगी थर्मल स्कैनिंग

### सोशल डिस्टेसिंग, हैण्ड सेनेटाइजेशन व मास्क का प्रयोग होगा अनिवार्य

## 20 डोज के बाद वैक्सीन खत्म!

**वाराणसी।** करोना का फिर माहौल बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर पहला व दूसरा डोज लगवाने के बाद निश्चिंत हो चुके लोग अगला डोज लगवाने के लिए अस्पताल की ओर दौड़ना शुरू कर दिए है। महिला अस्पताल में शनिवार की सुबह से लोगों की वैक्सीन के लिए भीड़ लग गयी थी। बीस डोज लगने के बाद वैक्सीन खत्म होने पर कर्मचारी ताला बन्दकर चले गये। दर्जनों लोग मायूस होकर लौट गये।

चीन, अमेरिका में भारी पैमाने पर फैले कोरोना के भारत के भी कुछ राज्य में पुष्टि के बाद काफी संख्या में लोग पहला व दूसरा डोज लगवा चुके लोगों को अब वैक्सीन के अगले डोज की याद आयी तो लोग अस्पताल की ओर दौड़ने लगे। एसएसपीजी अस्पताल का वैक्सीन काउंटर महिला गेट पर है जिसके भवन का एक रास्ता महिला अस्पताल की ओर खुलता है। उस सेंटर में शनिवार को सुबह से ही काफी संख्या में लोग वैक्सीन का अगला डोज लगवाने पहुंच गये।

जहां पर कर्मचारियों ने उपलब्ध 20 डोज लगाने के बाद खत्म होने की लोगों को जानकारी दिया तो लोग झगड़ा करने को तैयार हो गये। इस पर कर्मचारी और वैक्सीन लाने की बात कहते हुए कमरे की बन्दकर चले गये। गेट पर सूची चस्पा कर दिया कि वैक्सीन उपलब्ध नही है, वैक्सीन के लिए सीएमओ कार्यालय से संपर्क करें।

**ये है हाल**

### वैक्सीन लगवाने को उमड़े लोग, हुए नाराज

# उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया 50वां स्थापना दिवस

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का 50वां स्थापना दिवस तथा स्वर्ण जयंती समारोह शनिवार को नमो घाट स्थित गोवर्द्धन धाम मंदिर में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' और महापौर मृदुला जायसवाल ने कहा कि यह संगठन व्यापारियों और उद्यमियों की सेवा में सराहनीय कार्य कर रहा है। संगठन अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारी नेता लाला विशंभर दयाल और स्व. पं. श्याम बिहारी मिश्र के बताए हुए मार्ग पर संगठन चल रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलाकांत पांडेय ने संगठन की उपलब्धियां गिनाईं। इस मौके पर महेंद्र जैन मयूर, संतोष गुप्ता, अशोक बंसल, शिवशंकर वर्मा, राजेश शुक्ल, रवींद्र प्रताप, रामकिशोर मिस्त्री, श्याममोहन दुबे आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।



राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु का व्यापारियों ने किया स्वागत

#### नये साल के उत्सव के लिए लेनी होगी इजाजत

**वाराणसी।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को होटलों और लॉन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पहले जिलाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। सहायक आयुक्त राज्य कर अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार मनोरंजन में कोई भी प्रदर्शन प्रस्तुतीकरण आमोद, घुड़दौड़ सहित खेल तथा अन्य किसी भी प्रकार का मनोरंजन संबंधी क्रियाकलाप शामिल हैं। ऐसे आयोजनों पर मनोरंजन कर देय हो या कर मुक्त हो, उसके लिए हर हाल में डीएम की पूवार्नुमति आवश्यक है। इसकी अनदेखी करने पर अधिनियम की धारा-8क के तहत संबंधित दोषी 20 हजार रुपये जुर्माना या छह माह की कैद अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। ऐसे किसी भी आयोजन से पहले चेतगंज स्थित राज्य कर विभाग, (पूर्व मनोरंजन कर) कार्यालय के जरिये डीएम से परमिशन लेनी होगी। इस बारे में विभागीय अधिकारी से उनके फोन नंबर 7235003376 एवं 8765112059 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डीएम ने कोटे की दुकान का लिया जायजा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम शनिवार को सस्ते गल्ले की दुकानों पर राशन वितरण की जमीनी हकीकत का पता लगाने निकले। उन्होंने कलेक्ट्रेट प्रखंड के शिवपुर में काशीनाथ शिवपुर सह क्रय-विक्रय समिति का औचक मुआयना किया। मौके पर दुकान खुली थी और खाद्यान्न वितरण चल रहा था। उचित दर की इस दुकान पर आवश्यक सूचनाएं चस्पा थीं।

डीएम ने उस दुकान पर राशनकार्ड, दुकान का आवंटन और अब तक किये गये वितरण की जानकारी ली। कोटेदार ने उन्हें पीएमजीकेवाई योजना के तहत अक्टूबर का मुफ्त राशन वितरण की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 88 फीसदी कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरित किया जा चुका है। श्री राजलिंगम ने दुकान पर रखे पांच किलो वजन वाले गैस सिलिंडर के बारे में भी पूछताछ की। साथ ही उपभोक्ता बेबी गुप्ता को ई-पॉस मशीन से ट्रांजेक्शन कराते हुए खाद्यान्न दिलवाया। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अफसरों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएसओ उमेश मिश्र एवं पूर्ति निरीक्षक भी थे।

**औचक मुआयना**

### सस्ते गल्ले की दुकानों की जमीनी हकीकत का पता लगाने निकले जिलाधिकारी



# यूपी में राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का करेंगे जोरदार स्वागत

**पत्रकार वार्ता**

### कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय बोले, मजबूती से मेरे टिके रहने के कारण ही माफिया मुख्तार अंसारी की मिली सजा

जनसंदेश न्यूज



प्रेस कांफ्रेंस में बोलते पूर्व विधायक अजय राय

**वाराणसी।** राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' का उत्तर प्रदेश में आगामी तीन जनवरी को प्रवेश होगा। कांग्रेसजन उसका जोरदार स्वागत करेंगे। यह स्वागत अभूतपूर्व होगा। उसमें भारी संख्या में लोग हिस्सेदारी करेंगे। पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने शनिवार को लहुराबीर क्षेत्र स्थित अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की इस यात्रा के समर्थन में बीते 11 से 22 दिसंबर तक एक दर्जन जनपदों में चली प्रयागराज प्रांत की पदयात्रा को जनता ने अत्यधिक समर्थन दिया। उधर, भारत जोड़ो यात्रा को ऐतिहासिक सफलता मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल की यात्रा को रोकने के लिए कोरोना का बहाना बनाया जा रहा है जबकि राजस्थान में भाजपा की जनआक्रोश रैली जारी है। श्री राय ने कहा कि उनके भाई अवधेश राय हत्याकांड मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को दस साल का कारावास और पांच लाख रुपये जुर्माने की सजा सिर्फ मजबूती से मेरे टिके रहने समेत मेरी सशक्त गवाही के चलते ही मिली। यह फैसला समाज में एक मिसाल के तौर पर याद किया जाएगा। प्रेसवार्ता में सतीश चौबे, प्रजानाथ शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, राजेश्वर सिंह पटेल, राघवेंद्र चौबे, ओमप्रकाश ओझा आदि भी रहे।

### ठंड से बचने के लिए गरीबों को बांटे कंबल



**चौबेपुर।** क्षेत्र के स्व सूबेदार सिंह स्मृति महिला महाविद्यालय प्रांगण में ठंड से बचने के लिए लल्लन तिवारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण का शुभारंभ उदय प्रताप महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष व महाविद्यालय के प्रबंधक अमित सिंह सन्नी ने किया। इस मौके पर 100गरीबों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर राजेश तिवारी,पंकज त्रिपाठी, रमेश त्रिपाठी, संतोष तिवारी,अकुंठ सिंह, अनुज सिंह शामिल रहे।






## कला में मानवीय संवेदना दिखती है: डा. अशोक सिंह



**वाराणसी।** बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप महाविद्यालय में शनिवार को बीएफए के नव आगंतुक छात्रों का फ्रेशर्स पार्टी व एमएफए फाइनल इयर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष ललित कला विभाग, काशी विद्यापीठ की प्रो. मंजुला चतुर्वेदी ने कहा कि ललित कला सिर्फ रंगों का रचनात्मक कौशल तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें विचारधारा की संयमित टकराहट स्पष्ट रूप से दिखायी देती है। अध्यक्षता करते हुए जीवनदीप शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि कला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित होती है। ललित कलाओं के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं का विकास सहज ही दिखायी पड़ता है। विशिष्ट अतिथि उपर निदेशक चिकित्सा व परिवार कल्याण वाराणसी मंडल डा. अंजु सिंह ने कहा कि कला से ही व्यक्ति में सामाजिक चेतना का निर्माण होता है। स्वागत डा. दलसिंगार प्रजापति व धन्यवाद ज्ञापन डा. संजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. इन्द्रेश चन्द्र सिंह, शैलेश त्रिवेदी, डा. अमित कुमार सिंह, सुदीप कुमार, अंशु कुमारी, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## बीएनआई क्रिकेट में 192 खिलाड़ियों की नीलामी आज

**वाराणसी।** बीएनआई 79 देशों में मौजूद है। दुनिया भर में इसके तीन लाख से ज्यादा सदस्य हैं जो आपस में एक-दूसरे को रिफरल्स के माध्यम से व्यापार बढ़ाने में मदद करते हैं। भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है दूसरों की सेवा करना और बीएनआई भी उसी के अनुसार गिवर्स गेन के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए सदस्यों के व्यापार को बढ़ाने के लिए एक वैश्विक मंच उपलब्ध कराता है। यह जानकारी शनिवार को बीएनआई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आयुष नरसरिया ने बीएनआई वाराणसी प्रीमियर लगेज के चतुर्थ संस्करण के बारे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। लीग के निदेशक संजय बनर्जी ने बताया कि स्पर्धा का उद्देश्य सदस्यों को खेल के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम संयोजक अमन मेहरा ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ बीएनआई वाराणसी के सदस्यों व परिजनों के लिए है। बताया कि आक्शन 25 दिसम्बर को परेड कोठी स्थित शुभ लग्न बैंकेट में आयोजित है जिसमें सभी 192 खिलाड़ियों को 12 टीम्स द्वारा बोली लगा कर खरीदा जायेगा। क्रिकेट की तीन दिवसीय प्रतियोगिता 6,7 व 8 जनवरी 23 को हरहुआ स्थित ओलंपियन विवेक सिंह स्टेडियम में होगी।



## मौसम ने ली करवट, बढ़ी ठंड, दिनभर छाए रहे बादल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शनिवार को अचानक मौसम से कवट ली। बीते दो दिनों की तुलना में ठंड बढ़ गयी। उत्तर-पश्चिमी हवाओं में नमी के साथ ही आसमान में बादल भी छाए रहे। ऐसा लगा कि किसी भी समय हल्की बारिश हो सकती है। दिनभर सूर्यदेव और बादलों के बीच चली आंखमिचौली में बादलों का पलड़ा भारी रहा।

सुबह से चारों ओर कोहरे की चादर फैली रही। दिन में भी कोहरे का असर दिखा। धूप कुछ देर के लिए निकली लेकिन उसमें तेजी नहीं थी। वहीं, दस से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को और भी सर्द कर दिया। जो लोग घर में उन्हें कुछ हद तक राहत थी।

वह रजाई-कंबलों में दुबके रहे। लेकिन घर से बाहर निकले लोगों को इस ठंड का एहसास बखूबी हुआ। मौसम विज्ञानी के मुताबिक पहाड़ी क्षेत्रों में दोबारा बर्फबारी शुरु होने के चलते यह स्थिति है। यदि आगामी कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहा तो कोहरा पड़ने के साथ ही गलन भी बढ़ने की आशंका रहेगी।


रिटेल डायरेक्ट्री




## संक्षेप

### अनूप प्रथम, नीलू द्वितीय



**वाराणसी।** बीएचयू के नगर छात्र निकाय ने शनिवार को निकाय के पांच वार्ड के छात्रों के लिए 'इंक्विजिशन' के तहत क्विज कंपटीशन का आयोजित किया। जिसमें 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय : सर्व विद्या छात्र-छात्राओं ने हिस्सेदारी की। चार दौर तक चली इस प्रतियोगिता में विभिन्न वार्ड के प्रतिभागियों ने काफी उत्साह दिखाया। चौथे व अंतिम दौर तक पांच प्रतिभागी पहुंचे। उनमें अनूप कुमार प्रथम, नीलू यादव द्वितीय और मानसी तनेजा तृतीय स्थान पर रहीं। आरंभ में नगर छात्र निकाय के मुख्य संरक्षक प्रो. अतुल त्रिपाठी ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। रश्मि झा के संचालन में सुजय विक्रम सिंह, अंकिता , दीपक कुमार, दुर्गेश आदि का सहयोग रहा।

### दिल्ली की परेड में शामिल होंगी बीएचयू की छात्राएं



**वाराणसी।** बीएचयू में कला संकाय की आठ छात्राएं आगामी 26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में भागीदारी करेंगी। दिल्ली के राजपथ पर उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। संस्कृति मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्त्वाधान में नई दिल्ली में 'वंदे भारतम' प्रतियोगिता का आयोजन किया था। उसमें जनपद, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगियों का चयन 26 जनवरी के परेड के लिए किया गया। प्रतियोगिता में बीएचयू के दृश्य एवं मंच कला की कुमकुम रस्तोगी, मान्या सिंह, युविका, जाह्नवी, रानो चौबे, जागृति, तुलसी, श्रेया तथा वर्षा भी सफल रहीं। आठों छात्राओं दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा बनेंगी।

### बीएचयू में तीन दिनी पुष्प प्रदर्शनी आज से

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में तीन दिनी पुष्प प्रदर्शनी रविवार से आरंभ होगी। महामना पं. मदन मोहन मालवीय स्मृति इस पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन बीएचयू के मालवीय भवन परिसर में होगा। 27 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में गुलदावदी, गुलाब के कटे फूल, फल, सब्जी, कलात्मक पुष्प-सज्जा, मंडप समेत मालवीयजी पर आधारित वास्तुकला के नमूनों के साथ ही अन्य नमूनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### खस्ताहाल मार्ग को कराएं दुरुस्त



**पिंडरा।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्थानीय बीडीओ दीपांक आर्य को ज्ञापन दिया। उन्होंने बाबतपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन आरओबी के कारण उपलब्ध जर्जर वैकल्पिक मार्ग दुरुस्त कराने की मांग की। उन्होंने मंगारी-दुदुलपुकर खड़ंजा मार्ग तथा वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत कराने को कहा। ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। वहीं, बीडीसी श्याम मोहन गुप्ता ने आरोप लगाया कि आरोबी स्टेट हाई-वे पर बनना था लेकिन उसका मार्ग बदल दिया गया है। ज्ञापन देने वलों में प्रमोद पांडेय, पप्पू सिंह, विश्वनाथ पांडेय, अमित मिश्र, विकास सेठ, अनिल, निजामुद्दीन व रामधारी आदि रहे।

### पंचायत भवन की ईंट की गुणवत्ता खराब



**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने शनिवार को पिंडरा ब्लॉक के रसूलपुर और चिरउरापुर का दौरा किया। चिरउरापुर में उन्होंने सचिव को निर्माणाधीन पंचायत भवन की खिड़की, दरवाजों को पेंट कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार रसूलपुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत बनाए जा रहे पंचायत भवन की ईंट की गुणवत्ता खराब पाये जाने पर इसे मुख्य विकास अधिकारी ने ईंटों को तत्काल बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माणाधीन लाइब्रेरी को जल्द से जल्द पूर्ण कराने और निकट स्थित कमरे को 'इंडोर गेम रूम' के रूप में विकसित करने को कहा। उन्होंने पंचायत भवन की छत पर जाने के लिए सीढ़ी बनाने पर बल दिया।

### बताए उपभोक्ताओं के अधिकार

**वाराणसी।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर शनिवार को गोलघर स्थित पराड़कर भवन सभागार में राष्ट्रीय उपभोक्ता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लोगों को उपभोक्ताओं के अधिकार के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर एडीएम नागरिक आपूर्ति जवाहर लाल श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में उदय कुमार श्रीवास्तव, शोभारानी, डीएसओ उमेश मिश्र, सुनील भारती, अशोक चौरसिया, अजीत सिंह बग्गा, तिलकराज कपूर आदि ने विचार व्यक्त किये।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के रंग में झूमे श्रद्धालु

**वाराणसी।** ऋषि आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद भागवत कथा में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव का प्रसंग आते ही चहुंओर हर्षोल्लास का माहौल बन गया, नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.... जैसे बधाई गीतों पर भक्तगण मस्ती में झूमते नाचते रहे। श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की मनोहारी छवि देखते ही समूचा कथा प्रांगण भक्तिरस में खुद को सराबोर करने से रोक सके। नंद बाबा, यशोदा माता और सखियों के स्वरूप धरे भक्त डांडिया रास करते हुए झूमने लगे तो लगा समूचा ब्रज ही काशी में उतर आया। जन्मोत्सव पर कथा प्रांगण में भव्य सजावट की गई थी। जन्मोत्सव पर कथा में शामिल रहे सभी भक्तों में खिलौने, मिठाईयां वितरित किया गया। राघव ऋषि ने व्यास पीठ से सभी भक्तों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी। मौके पर सौरभ ऋषि ने 'ब्रज में हो रही जयजयकार' आदि भजनों से प्रांगण को भक्तिमय बना दिया।

### स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**वाराणसी।** पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को बीएचयू के बिडला-ब छात्रावास में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में करुणानिधान द्विवेदी, डॉ. अशोक कुमार सिंह का सहयोग रहा। दूसरी ओर, एनएसएस की विज्ञान संस्थान इकाई ने ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। उसमें 171 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम सलाहकार डॉ. कमल कुमार कर की देखरेख और विज्ञान संकाय के निदेशक प्रो. अनिल त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन था। कार्यक्रम में प्रो. मधुलिका अग्रवाल, डॉ. अशोक श्रोति, डॉ. गीता अग्रवाल, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, अनुज कुमार दीक्षित, डॉ. एसके सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. रोहित कुमार पांडेय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बाला लखेंद्र तथा डॉ. राकेश मीणा की प्रमुख उपस्थिति रही।

### बीडीओ ने की कार्रवाई की संस्तुति

**काशी विद्यापीठ।** स्थानीय ब्लॉक के मूड़ादेव के ग्राम सचिव पर ग्राम प्रधान रमेश साहनी ने अनियमित उपस्थिति और ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बीडीओ डॉ. रक्षिता से शिकायत की। प्रकरण को लेकर खंड विकास अधिकारी ने बताया कि इस बारे में विभागीय कार्रवाई के लिए सीडीओ से संस्तुति की गयी है।

### महिला हॉकी में संबलपुर विवि ने मारी बाजी

**वाराणसी।** बीएचयू के एम्फी थिएटर मैदान में आयोजित महिलाओं की पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि हॉकी प्रतियोगिता के पांचवें और अंतिम दिन शनिवार को दो मैच हुए। जिसके तहत पहले मैच में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि ने बीएचयू को 3-2 गोल से शिकस्त दी। उसके बाद दूसरे मैच में संबलपुर विवि ने रांची विश्वविद्यालय को 4-2 से हराया। कंपटीशन में संबलपुर विश्वविद्यालय विजेता, रांची विश्वविद्यालय उपविजेता रहा। जबकि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि तृतीय स्थान और काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने चौथा स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अलका दुबे के मुख्य आतिथ्य में इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर आतीफ इदरिस एवं शाह अबिदी, छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नीमा, डॉ. कविता वर्मा, डॉ. प्रदीप खालको, प्रो. अभिमन्यु सिंह आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### महामना मालवीय स्मृति व्याख्यान संपन्न

**वाराणसी।** महामना मालवीय जयंती के तहत शनिवार को बीएचयू में महामना मालवीय स्मृति व्याख्यान के तहत 'भारतीय ज्ञान की वैश्विक व्याप्ति' एवं 'भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिकता की चुनौतिया' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। संपूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रो. गया चरण त्रिपाठी व्याख्यान दिया। आयोजन में प्रो. संजय कुमार, प्रो. राजकुमार, डॉ. सिद्धिदात्री भारद्वाज, संस्कृत विवि के पूर्व वीसी प्रो. राजाराम शुक्ल, डॉ. विजय शंकर शुक्ल, डॉ. अभिजीत दीक्षित, डॉ. शंकर मिश्र, प्रो. उपेंद्र त्रिपाठी, डॉ. उषा त्रिपाठी, डॉ. ध्रुव कुमार सिंह, डॉ. राजीव वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### शासन की सुविधाओं का उठाएं लाभ

**चौबेपुर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन यानि एनवाईकेएस के जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता ने शनिवार को स्थानीय क्षेत्र में सिलाई कढ़ाई केंद्र में तीन माह की कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे केंद्र स्थापित कर रही है। इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर अमरावती वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, विनोद चौबे, प्रवीण चौबे, सोनू कनौजिया, विभाग के जिला समन्वयक सृजन चतुर्वेदी शिवम वगैरह मौजूद थे।

# नहीं मिल रही जमीन कैसे बनें अमृत सरोवर

**समस्या**

**नहीं पूर्ण हो पा रही शासन की मंशा, 'दिशा' की बैठक में सीडीओ ने बतायी थी वस्तुस्थिति**

**जिले में 1388 सरोवर का है टार्गेट, अब तक बने महज 138 ही सरोवर 68 हैं निर्माणाधीन**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** शासन की पहल पर सूबे के सभी जनपदों में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन वाराणसी में तय मानक के अनुसार कम से कम एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में ऐसे सरोवरों का निर्माण करना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। इसका कारण यह कि निर्धारित क्षेत्रफल की जमीन उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

बीते 18 दिसंबर को सर्किट हाउस सभागार में हुई 'दिशा' की बैठक में अमृत सरोवरों की चर्चा भी हुई थी। उसमें सीडीओ हिमांशु नागपाल ने मीटिंग के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को बताया था कि वाराणसी में 135 अमृत सरोवरों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि वर्तमान में कुल 67 सरोवरों के निर्माण का काम चल रहा है। जबकि जिले की कुल 694 ग्राम पंचायतों में से प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो अमृत सरोवर बनाया जाना है।

इस प्रकार कुल मिलाकर एक हजार 388 सरोवर विकसित कराने का लक्ष्य है। लेकिन शासन से तय क्षेत्रफल की भूमि की उपलब्धता में कठिनाई आ रही है। जानकारी के मुताबिक महानगरीय प्रकृति के इस जनपद में शहर से लेकर गांवों तक बड़े पैमाने पर विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं। उनमें तमाम निर्माण कार्य भी शामिल हैं। सरोवरों के निर्माण के लिए राजस्व विभाग से चिह्नित कई भूखंडों से अतिक्रमण हटवाए भी जा रहे हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार प्रयास है कि अतिक्रमण से मुक्त होने के बाद संबंधित भूभागों पर अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। ब्लॉकवार इन सरोवरों की वर्तमान प्रगति देखें तो आराजी लाइन में लक्ष्य 234 के सापेक्ष 20 पूर्ण, बड़ागांव में 160 के सापेक्ष 21 पूर्ण, चिरईगांव में 152 के सापेक्ष 18 पूर्ण, चोलापुर में 178 के सापेक्ष एक दर्जन पूर्ण, हरहुआ में 150 के सापेक्ष नौ पूर्ण, काशी विद्यापीठ में 132 के सापेक्ष 17 पूर्ण, पिंडरा में 208 के सापेक्ष 20 पूर्ण और सेवापुरी विकास खंड में 174 के सापेक्ष 18 पूर्ण कर लिए गये हैं। इस प्रकार अबतक कुल मिलाकर सिर्फ 138 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा चुका है और 68 सरोवरों को आकार देने का कार्य जारी है।

## युवाओं को व्यापार और खेलों से जोड़ने की पहल

**वाराणसी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के चतुर्दशम 14वां राष्ट्रीय अधिवेशन के तीसरे दिन शनिवार को रामनाथ चौधरी शोध संस्थान में प्रातः कालीन सत्र में प्रतिनिधि सभा का आयोजन हुआ। सभा में मंच के शाखाओं द्वारा देश समाज और युवाओं से संबंधित अनेक प्रस्ताव आए। इन प्रस्तावों में चार प्रमुख प्रस्ताव 'व्यापार में मारवाड़ी समाज को जोड़ना', 'मैं और मेरा मंच' 'राजस्थानी भाषा को अनुसूची में शामिल कराना' व 'नए युवाओं को जोड़ने के लिए खेलों का प्रोत्साहन' जैसे प्रस्ताव पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लाखोटिया पूर्व अध्यक्ष अमित अग्रवाल प्रशांत खंडेलिया और पंकज बडरिया ने आम सहमति से चर्चा कर उसे स्वीकृत कर मंच के सदस्यों व पदाधिकारियों से इस पर बेहतर तरीके से काम करने की पहल की। चयन व प्रशिक्षण के बाद 7 चयनित बिजनेस आइडियाज प्रतिभाओं को ग्रैंड फाइनल में शामिल किया गया। इन प्रतिभाओं ने स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण के लिए 'थूकदान', 'ई एम कार्ड', ट्रेवल्स क्षेत्र के लिए टूरपैकर, बेस्ट फूलों से सुगंधित अगरबत्ती बनाना, कमर्शियल गाड़ियों का लोन के लिए 'परयूज' ऐप ऑटोमेटिक वाटर वेंडिंग मशीन लगाने जैसे अपने बिजनेस आइडियाज का मंच से बेहतर प्रस्तुतीकरण किए। जज पैनल राकेश, राजीव ने आइडियाज नवल किशोर को प्रथम स्तुति अग्रवाल को द्वितीय ऋषभ गुप्ता को तृतीय व बाकी अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# आयुष्मान भारत योजना में दुर्गाकुंड सीएचसी की अहम भूमिका



**वाराणसी।** भारत सरकार की आयुष्मान योजना में अब सीएचसी की भी अहम भागीदारी सुनिश्चत हो रही है, दुर्गाकुंड स्थित सीएचसी में बीते एक साल में कुल 232 लोगों का इलाज किया गया।

उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) और अन्य चिकित्सीय जटिलता होने के कारण सफलतापूर्वक सिजेरियन प्रसव किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ राकेश सिंह, अधीक्षक डॉ सारिका राय, डीआईएसएम नवेन्द्र सिंह, डीपीसी डॉ पूजा जयसवाल व आयुष्मान मित्र शिवांगी सिंह और अखिलेश मौजूद रहे। अर्चना और कविता तो बानगी भर हैं । ऐसे कई मामले हैं जो आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गरीब व कमजोर वर्ग के लिए आयुष्मान भारत झ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) वरदान साबित हो रही है। जनपद की सभी सरकारी चिकित्सा इकाई योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के पांच लाख रुपये तक के इलाज में सुविधा मिल रही है। इसमें नगरीय सीएचसी दुर्गाकुंड भी अहम भूमिका निभा रहा है। सीएचसी दुर्गाकुंड पर योजना के तहत वर्ष 2019 से अब तक सर्वाधिक 232 लाभार्थियों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है।

**1670 बीमारियों का निःशुल्क इलाज**

आयुष्मान भारत योजना में करीब 1670 बीमारियों का इलाज किया जाता है जिनमें कैंसर, हृदय रोग, हड्डी रोग, सभी प्रकार की सर्जरी, न्यूरो आदि से संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का जिन्हें पत्र मिला है। अंत्योदय कार्डधारक व श्रम कार्डधारक (अक्टूबर 2019 से अक्टूबर 2020 के बीच बना कार्ड) योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# आलू-तिलहनी फसलों को बीमारी से बचाएं

**विशेषज्ञ की सलाह**

**जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने किसानों को किया आगाह**

**वाराणसी।** वर्तमान में आलू और तिलहन की फसलों की खेती चल रही है। इस मौसम में आलू की फसल में पिछैती झुलसा रोग और तिलहनी फसलों में माहू के प्रकोप की आशंका बनी रहती है। फसल को इनके प्रकोप से बचाने के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने किसानों को इन फसलों में लगने वाले रोग से बचाव की सलाह दी है।

उन्होंने बताया है कि यदि आलू की पत्तियों, डंठलों और कंदों पर छोटे हल्के पीले-हरे धब्बे दिखें तो वह जल्दी ही बढ़कर बड़े आकार के गोल धब्बों में परिवर्तित हो जाते हैं। पत्तियों के निचले हिस्से पर इन धब्बों के चारों ओर अंगूठीनुमान सफेद फफूंद आ जाते हैं। दूसरी ओर, तिलहनी फसलों में माहू कीट का अधिक प्रकोप दिसंबर से जनवरी माह के बीच होता है। यह पौधों के कोमल तनों, पत्तियों, फूलों और नई फलियों से रस चूसकर क्षतिग्रस्त करते हुए कमजोर कर देते हैं।

इसकी रोकथाम के लिए संबंधित लक्षण दिखने पर मैंकोजेब-75% डब्ल्यूपी अथवा जिनेब-75% डब्ल्यूपी दो किलो या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड-50% डब्ल्यूपी की 25 किलो मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 800-1000 ली. पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। इसी प्रकार तिलहनी फसलों माहू के प्रकोप होने पर एजाडिरैक्टिन (नीम तेल) 0.15% ईसी 250 ली. प्रति हे. की दर से 500 ली. पानी में घोलकर छिड़काव करें। कीट का अधिक प्रकोप होने पर डाइमेथोएट 30% ईसी एक ली. अथवा इमिडाक्लोरोपिड 17.8% एसएल 250 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना लाभकारी होगा।

## युवा वादक कलाकारों ने की वृन्द वादन की सुमधुर प्रस्तुति

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में वाराणसी के युवा वादक कलाकारों ने वृन्द वादन की सुमधुर प्रस्तुति की। जिनमें प्रमुख रहे डॉ हरि प्रसाद पौड़याल (बांसुरी) अनीष (सारंगी) अंकित कुमार (तबला) हर्षित ने हारमोनियम पर संगत की। वृन्द वादन का आरंभ राग जोग में आलाप के साथ मध्य तीनताल में हुआ। बोल थे साजन मोरे घर आये। इसी के साथ द्रुत तीनताल में निबद्ध एक और रचना सभी वाद्यों पर एक साथ सृजित कर सभी को रससिक्त किया। समापन के क्रम में लोकप्रिय राग मिश्र पहाड़ी में निबद्ध धुन सुनाकर सभी को रससिक्त कर दिया। समापन हुआ राग खमाज में निबद्ध बनारसी दादरा की मधुर प्रस्तुति से बोल थे डगर बीच कैसे चलू मग रोके कन्हैया बेपीर। कलाकारों को प्रमाण पत्र संग्रहालय के अध्यक्ष अजय ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य किया।

# उपभोक्ताओं को बताएं उनके अधिकार

**आयोजन**

**राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जिला स्तरीय अधिकारियों को किया जागरूक**



**वाराणसी।** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त संजय प्रताप सिंह ने कहा है कि दैनिक उपयोग में लायी जाने वाली ताजा फल-सब्जियों का प्रयोग करना चाहिए। अधिक से अधिक मौसमी सब्जी और फल का उपभोग स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। कारण, मौसम से इतर फल व सब्जी में रासायन का अधिक प्रयोग होता है जो स्वस्थ्य व पर्यावारण के लिए हानिकार है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर जिला स्तरीय अफसरों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में वह बोल रहे थे।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला रायफल क्लब सभागार में शनिवार को अफसरों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम था। इस अवसर पर एडीएम नागरिक आपूर्ति जवाहरलाल श्रीवास्तव ने उपभोक्ता के अधिकारों के बारे में दूसरों को जागरूरक करने पर बल दिया। विधिक माप विज्ञान के जिलाप्रभारी एनपी दुबे ने रोजमर्रा की उपभोग की जाने वाली पैक्ड वस्तुओं की निर्माता कंपनी की पहचान, उत्पाद का मानक वजन और गुणवत्ता की पहचान के गुर बताए।

डीएसओ उमेश मिश्र ने रिटेल आउटलेट से पेट्रोल व डीजल खरीदते समय घटतौली से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। पराग डेयरी व उप दुग्धशाला विकास अधिकारी ने दूध व उससे बनने वाले उत्पाद के बारे बताते हुए कहा कि घरों में ज्यादातर दूध रख-रखाव व मिलावट के कारण खराब हो जाते हैं।

### सिंधु महोत्सव में प्रख्यात कलाकार होंगे शरीक

**वाराणसी।** सिन्धु विकास समिति वाराणसी के तत्वावधान में सिन्धी सभ्यता, संस्कृति पर आधारित भव्य सिन्धु महोत्सव का आयोजन हो रहा है। पिछले 31 वर्षों से सिन्धु विकास समिति समाज सेवा के साथ ही साथ अपनी संस्कृति को बचाने के लिए कई कार्यक्रम कर चुकी है। कार्यक्रम संयोजक हेमन तलरेजा व चंदन रूपानी ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य रूप से सूफी गायक महेश चन्दर व युवा राकस्टार विपिन शिवानी मुंबई से आकर अपनी टीम के साथ मनमोहक प्रस्तुति देंगे। सिन्धु विकास समिति व उनकी महिला शाखा ऊर्जा की ओर से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाज की महिलाएं अपने द्वारा तैयार किए हुए खाद्य सामग्री व वस्त्र परिधान की प्रदर्शनी लगाएंगी। जो इसका शुभारम्भ पूर्वाह्न 11 बजे से होगा।

# एटीएम विहीन हुआ कैंट स्टेशन

**समस्या**

**चार में से अब एक ही एटीएम कर रही है कार्य**

**यात्रियों को लेनदेन के लिए जाना पड़ता है बाहर**




**वाराणसी।** यात्रा करने के साथ ही अगर पैसा खत्म हो जाए तो रेल यात्रियों के लिए एक मात्र विकल्प एटीएम ही होता है। जिससे वह आसानी से कैश का लेनदेन कर सकता है। लेकिन इनदिनों कैंट स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को पैसे निकालने के लिए स्टेशन के बाहर दूर जाना पड़ता है। ऐसे में उनकी मुश्किले बढ़ गयी हैं।

कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पूर्व में चार बैंकों का एटीएम संचालित था जिससे यात्रियों को कैश लेनदेन में किसी भी तरह की समस्या नहीं होती थी इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम मोबाइल वैन भी घंटे दो घंटे सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों की सुविधा के लिए खड़ी रहती थी लेकिन अब ना तो वह मोबाइन वैन दिखती है, और ना ही तीन एटीमए के दरवाजे खुलते हैं। एक एटीएम के सहारे ही यात्री कैश का लेन देन कर रहे हैं। सर्कुलेटिंग एरिया के बाहर रोडवेज, अंधरापुल, इंग्लिशिया लाइन, परेड कोठी तक सिर्फ एक या दो ही एटीएम है। शहर घूमने के बाद बाहर जाने वाले यात्री ट्रेन की जल्दी बाजी में स्टेशन पहुंच तो जाते हैं लेकिन अगर उनके पास कैश नहीं है तो उन्हे स्टेशन पर परेशानी होती है।

**बोले यात्री**

टाटा से आने वाले शकील कहते हैं कि ट्रेन में उनका पैसा खत्म हो गया था। सोचा स्टेशन पर एटीएम से निकाल लेंगे लेकिन एक ही एटीएम है उसपर भी एटीएम में पैसा खत्म है। ऐसा ही हाल लखनऊ से आने वाले पप्पू गुप्ता का हुआ बताया कि कुली को पैसा देने के लिए एटीएम में गए तो वहां भी पैसा खत्म था। घर से पैसा मंगवाने के बाद ही कुली को उसकी मजदूरी दे पाया।

# संगम से भारत-नेपाल का संबंध होगा मजबूत

**बोले इन्द्रेश कुमार**

**पटेल धर्मशाला में काशी नेपाली संगम का हुआ उद्घाटन**




सम्मेलन को संबोधित करते इन्द्रेश कुमार



**वाराणसी।** तेलियाबाग स्थित पटेल धर्मशाला में शनिवार को काशी नेपाली संगम का आयोजन किया गया जिसमें भारत के 22 राज्यों व नेपाल के सात प्रदेशों के लगभग 700 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर नेपाल से आये सांस्कृतिक दल का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेता इन्द्रेश कुमार ने कहा कि भारत एक ऐसी भूमि है जो पूरे विश्व के मंगल कल्याण का पोषक है। काशी विश्वनाथ धाम के पावन धरती पर भगवान भोलेनाथ ने भी विश्व का कल्याण किया। इसलिए जो भी भारतीय संस्कृति है वह सभी के मंगल की कामना करती है। काशी नेपाली संगम से भारत व नेपाल का संबंध और भी मजबूत होगा। दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने कहा कि काशी में इतनी बड़ी संख्या में नेपाली आये। यह बहुत ही गौरव की बात है।

भारत में नेपाल के राजदूत विजय कुमार रावत ने कहा कि हम नेपाल सरकार के प्रतिनिधि के रूप में आये हैं। यह बहुत ही हर्ष का विषय है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर, जनपद-चन्दौली**

पत्रांक: 76/अ0आ0/न0पा0प0पं0दी0उ0न0/2022-23 दिनांक : 24 दिसम्बर 2022

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत आपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में फर्नीचर आपूर्ति कार्य हेतु दिनांक 02.01.2023 अपराह्न 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन उपस्थित फर्म/ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रकाशन के पश्चात निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद के निर्माण विभाग से दिनांक 31.12.2022 को सायं 04.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में पालिका नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत :-

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | टेण्डर फार्म की धनराशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका सीमान्तर्गत विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में फर्नीचर आपूर्ति का कार्य। | 590000.00 | 11800.00 | 1000.00 | 01 Month |

निर्माण विभाग हेतु नियम व शर्तें -

1. निविदा के साथ 2% प्रतिशत जमानत धनराशि व कार्य स्वीकृति के उपरान्त 8% का एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/के0वी0पी0 जो अधिशासी अधिकारी, न0पा0प0, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर के पक्ष में प्रतिभूति संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
3. शासनादेश संख्या-24 सी0आई0पी0(1) नौ-5-2017-130 बजट/2013 दिनांक-24 अगस्त 2017 के अनुपालन में ठेकेदार को निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात 05 वर्ष तक रख-रखाव/अनुरक्षण करना होगा। इस अवधि में कोई खराबी पाये जाने पर ठेकेदार द्वारा स्वयं के खर्च पर ठीक कराया जायेगा। परियोजना लागत की 5% धनराशि परफॉर्मेंस गारण्टी के रूप में रोकने के उपरान्त सड़क के समुचित रख-रखाव होने की दशा में धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।
4. प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग निविदा धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत तथा निरस्त करने एवं नियम/शर्तों/प्रतिबन्धों एवं शिथिल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा, किन्तु सम्बन्धित उल्लेख पत्रावली पर नहीं किया जायेगा।
6. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है, तद्नुसार ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
7. निविदा के साथ टी0-4, टी0-5, जी0एस0टी0, श्रम विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाया जाना अनिवार्य होगा।
8. फर्म/ठेकेदार को नगरीय निकाय के अनुभव/कार्यादेश की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने के पश्चात अपना व्यय से निर्धारित दर 210.00 रुपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र भरना अनिवार्य होगा।
10. निविदा स्वीकृत के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश सं0-622/23-12-2012-2-आडिट/08 टी0सी0 दिनांक 08.06.2012 में निहित निर्देश गारन्टी ली जायेगी। उक्त धरोहर धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
11. सम्बन्धित फर्म का किसी विभाग में कभी कोई वाद-विवाद न हुआ हो व फर्म किसी विभाग/सरकारी संस्थान की काली सूची में दर्ज न हो।
12. उक्त कार्यों का सामान्य खाता में धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
13. फण्ट उपलब्ध होने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
14. सेवाप्रदाता/फर्म द्वारा कार्य संतोष जनक न किये जाने की स्थिति में सक्षम अधिकारी की सहमति से ठेका निरस्त कर, नियमानुसार जमानत धनराशि को जब्त कर ली जायेगी।
15. किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में सक्षम जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद-चन्दौली का निर्णय सर्वमान्य होगा।
16. जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी, उसको कार्य करने के पूर्व/मध्य/अन्त की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से पत्रावली में संलग्न करना होगा।
17. कार्य संतोषजनक होने की स्थिति में ही भुगतान की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
18. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।

अवर अभियन्ता, नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद-चन्दौली

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद-चन्दौली

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद-चन्दौली

# न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में हर्षोल्लास से मना क्रिसमस-डे



ज्ञान कुंज एकेडमी में विभिन्न परिधानों में सजे बच्चे

**जनसंदेश न्यूज**

**बेल्थरारोड।** न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी के प्रबन्धक सतीश दूबे ने कहा कि प्रभु यीशु पूरी दुनिया में भगवान के रूप में पूजे जाते हैं। ऊंच-नीच की खाई पाटने में समाज के अंदर उनकी प्रमुख भूमिका रही। वह गरीबों एवं असहायों के बीच रहना ज्यादे पसन्द करते थे। इसलिए वे हर व्यक्ति के लिए प्रिय साबित हुए। इसके कारण प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को अत्यंत ही धूमधाम से क्रिसमस-डे मनाया जाता है।

कहा कि यह त्योहार विश्वभर में फैले ईसा मसीह के करोड़ों अनुवायियों के लिए पवित्रता का संदेश लाता है तथा उनके बताए हुए मार्गों एवं उच्च आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित करता है। क्योंकि प्रभु ईसा मसीह भेदभाव को नहीं मानते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रिंसिपल पूनम प्रसाद ने सभी को क्रिसमस-डे की बधाई दी।

**बोले सतीश दूबे**

**भेदभाव को नहीं मानते थे प्रभु ईसा मसीह**

शनिवार को स्कूल प्रांगण में हर्षोल्लास से क्रिसमस-डे मनाया गया। विद्यार्थियों ने ईसा मसीह के जीवन पर आधारित कार्यक्रम और जिंगल बेल की प्रस्तुति दी। वहीं, क्रिसमस उपहार और फैंसी ड्रेस से कैटवाक की प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं ने मन मोह लिया। सांता ने बच्चों को उपहार भेंट किए। सांता क्लाज की भूमिका अभिषेक ने अदा किया।

इस दौरान प्रभु यीशु की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मोनिका दुबे, संध्या सिंह, रुमिता शर्मा, जीशान, राजीव गुप्ता, सत्येंद्र, बब्लू कुमार, दीपक, अदनान, सुप्रिया जायसवाल, निशी चौरसिया, मिस नेहा, मिस प्रगति, मिस आंचल, मनोज कुमार पांडेय, रौनक परवीन, गौहर प्रवीन, विशाल गुप्ता, अकरामुल्लाह अंसारी, राकेश जायसवाल, कमलेश शर्मा, अंजू प्रसाद, मिस पारुल गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन आनंद कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## ज्ञान कुंज के बच्चों ने प्रस्तुत किया विभिन्न कार्यक्रम



**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ज्ञान कुंज एकेडमी बंशी बाजार में प्रभु ईशु का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इन बच्चों के आकर्षक वेश-भूषा और उनके द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक थे। लगभग 50 से अधिक छोटे-छोटे बच्चों ने सुन्दर परियों का परिधान पहनकर इस कार्यक्रम को बेहद ही रोचक बना दिया। विद्यालय प्रांगण में बच्चों द्वारा सेंटा क्लाज का रूप धारण करके उपहार वितरित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, हिंदी एवं अंग्रेजी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कुल 530 छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया, जिनमें तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार के लिए चयन किया गया। वहीं, बच्चों ने विद्यालय की प्रधानाचार्या का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि लोग प्रभु ईशु का सम्बन्ध इसाई धर्म से बताते हैं। भगवान का सम्बन्ध किसी एक धर्म या संप्रदाय से नहीं होता, बल्कि पुरी मानवता के लिए होता है। विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरुप पाण्डेय ने कहा कि क्रिसमस से प्रेम, मानवता और दया के सिद्धांत का सन्देश प्राप्त होता है। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या शीला सिंह ने बच्चों को बधाई दिया।

**बच्चों ने सेंटा क्लॉज का रूप धारण कर बांटा उपहार**

## प्रभु यीशु के जीवन से लें प्रेरणा



जमुना राम मेमोरियल स्कूल में विभिन्न परिधानों में सजे बच्चे

**बलिया।** जमुना राम मेमोरियल स्कूल चितबड़ागांव में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने प्रभु यीशु के जीवन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा कैरोल गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर तुषार नन्द ने प्रभु यीशु के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। साथ ही दूसरों की मदद करने का बच्चों को संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन केक काटकर बच्चों में वितरित करके किया गया।

## एसएन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मोहा मन



एसएन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस मनाते बच्चे

**बलिया।** एसएन पब्लिक स्कूल रामपुर उदयभान के परिसर में क्रिसमस का जश्न शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने प्रभु यीशु के जीवन पर एक से बढ़कर एक नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने संता नृत्य, जिंगल बेल डांस, गीत, बर्फ से नहाना आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों में मिष्ठान और उपहार वितरित किया गया।

## दिव्यांगों के लिए राज्य निधि से धनराशि व्यय का अनुमोदन

**बलिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एके गौतम ने बताया है कि दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि के प्रबन्ध हेतु मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र शासन की अध्यक्षता में गठित शासी निकाय की बैठक 10.09.2021 द्वारा दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि से धनराशि व्यय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उक्त निर्गत निर्देश 14 सितम्बर 2021 में दिव्यांगजन के हितार्थ निम्न 04 प्रकार के वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान है। उप्र के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। उप्र के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/ संगीत/नृत्य/फिल्म/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने तथा खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये मैच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता करना। उप्र के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हो अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व सीएम जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता उपरोक्त श्रेणियों में आर्हता रखने वाले इच्छुक दिव्यांगजन/संस्था, संबंधित श्रेणी के आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी बलिया से प्राप्त कर संबंधित अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ दो प्रतियों में अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे उनको राज्य निधि से वित्तीय सहायता प्रदान कराये जाने संबंधी आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**बैठक**

**कार्यालय में दो प्रतियों में अपना आवेदन पत्र जमा सुनिश्चित करें**

# द होराइजन स्कूल में मनाया गया क्रिसमस-डे





द होराइजन स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** द होराइजन स्कूल गड़वार में शनिवार को प्रभु यीशु का जन्म दिवस क्रिसमस-डे के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही उनके जीवन के बारे में बताया कि प्रभु यीशु ने अपने जीवन में कितने कष्ट झेले थे। फिर भी उन्होंने किसी के लिए कभी गलत नहीं सोचा और न किया। इससे हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। यह हमारे जीवन में काम आएंगे। यें सारी बातें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया।

कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने सेंटा क्लाज बन कर दिल को मन मोह लिया और सेंटा क्लाज के माध्यम से चाकलेट व टाफी भी प्रदान किया गया। विद्यालय के बालक-बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय सिंह, प्रबंधक मनोज सिंह ने शुभकामनायें दी। संचालन अंवेशा पाण्डेय तथा आयुष सिंह ने किया।





आरके मिशन स्कूल में क्रिसमस मनाते बच्चे

## आरके मिशन स्कूल में सांता क्लॉज ने बच्चों में बांटा पुरस्कार

**बलिया।** आरके मिशन स्कूल सागरपाली में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कैरल सांग प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छात्र-छात्राओं ने जिंगल बेल की धुन पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया। सेंटा क्लाज के रूप में कक्षा नर्सरी से पंचम तक के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। सेंटा क्लाज के रूप में अंशुमान मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं को टाफी व चाकलेट वितरित किया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि ईसा मसीह का संपूर्ण जीवन मानव हितार्थ था। ऐसे महापुरुष का जीवन हमें नेक काम कर समाज में अपना स्थान बनाने को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में शिक्षिका रीता त्रिपाठी, रीता देवी, अंजनी प्रजापति, मनीषा सिंह, श्वेता वर्मा, शिवांश मिश्रा का सक्रिय योगदान रहा।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**बलिया।** हल्दी-सहतवार मार्ग पर सोनवानी स्थित देशी शराब दुकान के पास बीबीगंज निवासी बाइक सवार खुर्शीद आलम पुत्र महबूब आलम शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गयी। खुर्शीद आलम की शादी छह माह पूर्व ब्रह्माईन निवासी रिजवाना खातून के साथ हुई थी। खुर्शीद की मौत से पत्नी, पिता-माता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। शनिवार की देर शाम खुर्शीद के शव को कब्रिस्तान में दफनाया गया। उसके जनाजे में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### भर्तियों के लिए वेबसाइट पर करें पंजीकरण

**बलिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि शासन के निर्देशनुसार विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिलेवार भर्तियां की जा रही है। इन भर्तियों में आवेदन करने के लिए सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण आवश्यक होता है। सेवायोजन विभाग की वेवसाइट पर आउटसोर्सिंग का कालम खोलने पर विभिन्न विभागों में जिलेवार आउटसोर्सिंग से होने वाली भर्तियां प्रदर्शित होती रहती है। सेवायोजन विभाग की वेवसाइट पर विभिन्न विभागों में जिलेवार आउटसोर्सिंग से होने वाली भर्ती में सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर पंजीत वेरोजगार अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### 55 छात्र-छात्राओं में वितरित किया स्मार्टफोन



**सिकन्दरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के खेजुरी गांव में स्थित श्री किशुन कालेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान शिवानन्द तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि सीओ सदर अशोक मिश्र एवं सीओ सिकन्दरपुर भूषण वर्मा रहे। सीओ सिकन्दरपुर भूषण वर्मा ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत 55 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किया। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने कहा कि स्मार्टफोन अन्य कार्यों के साथ ही बच्चों के शिक्षा ग्रहण करने में सहायक है। इस मौके पर थाना प्रभारी खेजुरी बीपी पाण्डेय, नसरुद्दीन अहमद, कमलदेव सिंह, सतीश सिंह, अशोक कन्नौजिया, राम पुकार यादव, लाल बहादुर यादव, कृतिका सिंह, सूर्यकांत वर्मा, भारत भूषण सिंह, ममता तिवारी, सुनील कुमार, रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### अचानक बूंदाबांदी होने से लुढ़का पारा

**बैरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शनिवार की शाम अचानक बिन बादल बूंदाबांदी होने से किसानों ने सब्जी एवं दलहन तिलहन की फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई है। वहीं, गेहूं और आलू के फसल के लिए यह बूंदाबादी फायदेमंद बताई है। बेमौसम की बरसात से अचानक तापमान लुढ़क गया है। सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बूंदाबांदी शुरू होते ही बाजारों में सन्नाटा पसर गया। कुल मिलाकर यह बरसात लोगों के लिए असुविधाओं का कारण बन गई है। गेहूं और आलू के लिए तो यह अमृत साबित होगी। वहीं, अन्य फसलों के लिए काफी नुकसानदायक साबित होगी।

### अधिवेशन में शामिल होने को रवाना हुए अभाविप कार्यकर्ता



**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रान्त के 62वां प्रान्त अधिवेशन हेतु देवभूमि देवरिया के लिए बलिया से 92 एवं संगठनात्मक जिला रसडा से 73 प्रतिनिधियों को टीडी कालेज चौराहा स्तिथ कार्यालय से वरिष्ठजनों द्वारा रवाना किया गया। प्रान्त अधिवेशन में जाने के लिए कार्यकर्ता बहुत ही उत्साहित दिखे। कार्यकर्ताओं को अधिवेशन की सफलता की अग्रिम शुभकामना देते हुए वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने हमेशा देशहित के कार्यो में अपना योगदान दिया हैं। अधिवेशन में कार्यकर्ताओं को कार्यपद्धति सीखने का मौका मिलता हैं। इस अवसर पर संजय मिश्र, अरुण सिंह बंटू, नकुल चौबे, पंकज सिंह, अश्वनी सिंह लिटिल, नीतीश पाण्डेय, आलोक सिंह मोनू, सौरभ तिवारी, डॉ. अनिल तिवारी, डा. रमेश राय, डा. ज्ञानेंद्र सिंह, शिवम, शिवाजी, ओमप्रकाश, शिवांश, हिमांशु, सत्यम, रोहित, रत्नेश, अमर, योगिता, निशु, श्वेता, सृजल, शुभम, वैभव, अंशु आदि मौजूद रहे।

### डीएम से की अवकाश घोषित करने की मांग

**बलिया।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश उत्सव की जयंती 29 दिसंबर को मनाया रहा है। इस दिन शासन के सरकारी छुट्टी लिस्ट में अवकाश घोषित है, लेकिन शासन द्वारा स्कूल एवं शिक्षण संस्थान में अवकाश घोषित नहीं किया गया है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार रणजीत सिंह राजू ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि सभी विद्यालय एवं शिक्षण संस्थान में अवकाश घोषित किया जाए। इसकी सूचना प्रबंधक कमेटी के जनरल सेक्रेटरी सरदार इंद्रपाल सिंह ने दी।

### सोलर लाइट की बैटरी चोरी

**बलिया।** सुखपुरा चट्टी पर बड़ौदा यूपी बैंक के सामने राजू वारसी के दवाखाने के समीप पंचायत द्वारा लगाए गए सोलर लाइट की बैटरी के बक्से का ताला तोड़कर शुक्रवार की रात चोर बैटरी खोल ले गए। आश्चर्य तो यह है कि रात में पुलिस गश्त भी करती है। वहीं, बैंकों के समीप रात को भी पुलिस निगरानी हेतु होमगार्ड की तैनाती करती है। बावजूद इसके सोलर लाइट की बैटरी चोरों द्वारा खोल ले जाना निश्चित रूप से पुलिस प्रशासन की अकर्मण्यता है। इसको लेकर व्यापारियों में तीव्र आक्रोश है। जाड़े की इस सर्द व अंधेरी रात में चोरी की बढ़ रही घटनाओं से आम लोग दहशत में हैं।

# निराश होकर वापस लौट गये दर्जनों फरियादी

**नाराजगी**

**संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर नहीं पहुंचे राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी**

**जनसंदेश न्यूज**



संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर आमजन की फरियाद सुनते सीओ

**बैरिया।** राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के कार्य में व्यस्त रहने के कारण शनिवार को संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर बैरिया थाने में राजस्व विभाग से संबंधित मामला लटका रहा। संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के नहीं आने से दर्जनों फरियादी वापस लौट गये।

पुलिस ने भूमि विवाद सहित राजस्व से संबंधित मामलों के निस्तारण में असमर्थता जताते हुए फरियादियों को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आने की सलाह दी। बता दें कि क्षेत्राधिकारी उस्मान की अध्यक्षता में बैरिया में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस से संबंधित तीन मामले आये, जिसमें दो मामलों का निस्तारण प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने मौके पर ही कर दिया। शेष मामले को जांच के लिए संबंधित उप निरीक्षक को सौंपा गया। क्षेत्राधिकारी ने भूमि विवाद एवं राजस्व से संबंधित फरियादियों को अगले सप्ताह तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर आने को कहा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी के अलावा एसएसओ धर्मवीर सिंह, चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र, चौकी इंचार्ज चांद दियर गुरु प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे। यही स्थिति दोकटी थाने पर भी रही। वहां भी राजस्व से संबंधित कोई कर्मचारी एवं अधिकारी थाने पर नहीं पहुंचा था। इस संदर्भ में जब उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र से पूछा गया कि थाना समाधान दिवस पर राजस्व विभाग से कोई अधिकारी एवं कर्मचारी क्यों नहीं पहुंचा था तो उन्होंने बताया कि हम लोग ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के काम में व्यस्त है। छुट्टी के दिन भी इसके लिए काम हो रहा है।

## मुरली बाबू की जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बलिया।** जनपद के मालवीय मुरली बाबू की 128वीं जयंती के क्रम में शुक्रवार को श्री मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज के सभागार में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जूनियर एवं सीनियर वर्ग में निबंध, भाषण, चित्रकला, पेंटिंग, अभिनय तथा नृत्य प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महोत्सव का आरंभ निबंध प्रतियोगिता से हुआ। इसमें विषय सीनियर वर्ग में शिक्षा में इंटरनेट की बढ़ती हिस्सेदारी व जूनियर वर्ग में मुरली बाबूः एक व्यक्तित्व रखा गया था। अभिनय प्रतियोगिता में छात्रों ने मस्ती की पाठशाला लघु नाटक प्रस्तुत कर अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। गायन में छात्रों ने देश भक्ति गीतों की श्रृंखला की प्रस्तुति की। सांस्कृतिक महोत्सव में प्रभारी लालचंद्र, राजाराम पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, दुर्वा उपाध्याय, पंकज कुमार, प्रशांत कुमार सिंह, शुभम् तिवारी, दिनेश यादव, रविप्रकाश, डा. राजेश, कृष्णानंद आदि की भूमिका प्रमुख रही।

# नई शिक्षा नीति से बदला शिक्षा का स्वरूप : राजेश

**बलिया।** जनपद के मालवीय मुरली बाबू की 128वीं जयंती के क्रम में श्री मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का समापन शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के 146 विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय के छात्र अनुभव यादव व अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से विद्यालय के एथलीट चैम्पियनशिप का खिताब जीता। अनुभव यादव ने आठ सौ मीटर, पन्द्रह सौ मीटर तथा तीन हजार मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अभिषेक ने सौ, दो सौ व चार सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह खिताब हासिल किया। समारोह में खेलकूद प्रतियोगिता के 107 व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के 39 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर टाउन एजुकेशनल सोसायटी के सचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पुरस्कार प्रेरणा व प्रतिस्पर्धा के स्त्रोत होते हैं। नयी शिक्षा नीति ने शिक्षा के स्वरूप को बदल दिया है। उच्च शिक्षा व ज्ञानार्जन के लिए अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मुरली बाबू के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया गया। विद्यालय के शिक्षक रामकुमार तिवारी एवं शुभम तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अमर कुमार, कमलेश श्रीवास्तव, सुभाषचंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र वर्मा, प्रदीप, कृष्णानंद, शुभम् तिवारी, राजाराम, सचिन सिंह, दुर्वा उपाध्याय, दिनेश, गुरुस्वरूप, अखिलेश, समीर वर्मा, विजयशंकर, प्रशांत कुमार सिंह, प्रभाकर, पवन कुमार, पंकज, देव, सूरज आदि मौजूद रहे। संचालन अभिषेक कुमार, राजेश एवं लालचंद्र ने संयुक्त रूप से किया। सभी का आभार रामकुमार ने व्यक्त किया।

## नहर में पिकप पलटने से 10 कुंतल मुर्गियां मरीं

**सिकंदरपुर।** थाना क्षेत्र के बिच्छी बोझ नहर में शनिवार को तड़के करीब पांच बजे कुक्कुट लदी पिकअप पलट गई। इससे पिकअप पर लदी लगभग 10 कुंतल मुर्गियां डूबकर मर गई, जबकि चालक घायल हो गया। घायल चालक का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर में चल रहा है। नगरा थाना क्षेत्र के जमीन पड़सरा निवासी कलीम अपनी पिकअप पर 10 कुंतल मुर्गियां लेकर विभिन्न केंद्रों पर डिलीवरी देने लखनापार-बिच्छी बोझ नहर मार्ग से आ रहा था। वह जैसे ही बिच्छी बोझ गांव के समीप पहुंचा कि घने कोहरे के कारण पिकअप असंतुलित होकर नहर में पलट गई। इससे उसमें लदी 10 कुंतल मुर्गियां डूबकर मर गई। वहीं, चालक कलीम भी घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने कलीम को पिकअप से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर भेजवाया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।



नहर में पलटा पिकप

# 54 फीट चौड़ी होगी माल्देपुर से कदमतर की सड़क

**पहल**

**पीडब्ल्यूडी विभाग को मिला 30 करोड़ का बजट**

**रोशन जायसवाल**

**बलिया।** आगामी नूतन वर्ष में अब बलिया शहर में नगरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। माल्देपुर से कदमतर तक लगभग साढ़े चार किलोमीटर लंबी सड़क व 54 फीट चौड़ी सड़क अब बनने जा रही है। जनता ने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को इस कार्य के लिये बधाई दी है। माल्देपुर से कदमतर की सड़क के बीच चार फीट चौड़ा डिवाइडर होगा।

बता दें कि डिवाइडर के एक तरफ सात मीटर चौड़ी सड़क व एक मीटर में नाली होगी। दूसरी तरफ भी इसी तरह होगा। ऐसे में 54 फीट सड़क चौड़ी होगी। इसमें डिवाइडर, नाली और सड़क शामिल है। कार्यालय अधीक्षक अभियंता बलिया वृत्त लोनिवि बलिया की तरफ से निविदा भी अखबार में प्रकाशित हुई है। इसमें नौ जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक निविदा आनलाइन पड़ेंगे इसके बाद 17 तारीख को निविदा खुलेगा। इस कार्य के लिये विभाग ने जेई ओर एई की अलग से टीम बनायी है। इसका सर्वे पूरा कर लिया गया। चर्चा ये था कि इस सड़क को एनएचआई बनायेगी लेकिन अब राष्ट्रीय राजमार्ग को पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड बनवाएगी। क्योंकि लगभग साढ़े चार किमी का हिस्सा बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र में शामिल है। उधर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का भी जनता की बधाई मिल रही है। क्योंकि इस सड़क के चौड़ीकरण परिवहन मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में पड़ रहा है और उनका कार्यालय भी इसी मार्ग से सटा है।



चित्तू पांडेय चौराहा से रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाला मार्ग

### एमपी व मंत्री को जनता ने दी बधाई

**बलिया।** ऐसा पहली बार हो रहा है कि माल्देपुर से कदमतर तक सड़क का चौड़ीकरण के साथ में डिवाइडर व विद्युतीकरण होगा। इसको लेकर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को बधाईयां मिल रही है।

### बर्बाद हो गये लाखों रूपये!

**बलिया।** पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल के समय चित्तू पांडेय से लेकर भृगु आश्रम तक सड़कों के दोनों तरफ पेवर ब्लाक लगाये गये थे। इसमें लाखों रूपये खर्च किये गये थे। अब इस सड़क को चौड़ीकरण के दौरान पेवर ब्लाक हटा दिया जाएगा।

# खड़े ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी मैजिक, तीन लोग घायल

**हादसा**

**बलिया-सिकंदरपुर मार्ग पर बहेरी चट्टी के समीप हुई घटना**

जनसंदेश न्यूज

**सिकंदरपुर।** बलिया-सिकंदरपुर मार्ग पर खेजुरी थाना अंतर्गत बहेरी चट्टी से करीब 200 मीटर पहले शुक्रवार की देर रात खड़े ट्रैक्टर-ट्राली से मैजिक की टक्कर हो गई। इसमें मैजिक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर भेजवाया, जहां से चिकित्सकों ने जांचोपरान्त एक व्यक्ति की स्थिति को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगरा थाना क्षेत्र के तीन व्यापारी बलिया से मैजिक से सिकंदरपुर की तरफ आ रहे थे। जनुवान और बहेरी के बीच सड़क पर पहले से खड़े ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मैजिक ने जोर से टक्कर मार दी। इससे मैजिक का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमे सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, टक्कर की आवाज सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मैजिक सवार नगरा थाना क्षेत्र के यशपाल (46) पुत्र गंगा विश्वकर्मा निवासी मालीपुर, मोतीचंद (60) पुत्र सुखनन्द यादव निवासी किशोरगंज एवं जयनाथ यादव (55) पुत्र रामअवध यादव निवासी कमरौली को मैजिक से बाहर निकाला और सीएचसी सिकंदरपुर भेजवाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने मोती चंद यादव को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

## ढलाई मशीन व बस की टक्कर में दो घायल

**मझौवां।** एनएच 31 पर स्थित हल्दी थाना क्षेत्र के मझौवां पंचमुखी हनुमान मंदिर से 100 मीटर पूरब ढलाई मशीन और बस में भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह ढलाई मशीन बैरिया से बलिया की ओर जा रही थी। मशीन अभी मझौवां स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के करीब पहुंची थी, तभी सड़क पर बस घुमाते समय जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ढलाई मशीन पर सवार बैरिया थाना क्षेत्र के दयाछपरा निवासी बचपन यादव (55) व कृष्णा राम (34) पुत्र रामकृष्ण घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## सपा में अलग-अलग तरीके से चल रही दावेदारी

**बलिया।** सपा से नगर पालिका परिषद बलिया का अध्यक्ष पद का उम्मीदवार कौन होगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव सिंह का यह दावा है कि उनकी पत्नी कंचन सिंह ही प्रत्याशी होगी। वैसे, समाजवादी पार्टी में अभी यह तय नहीं है कि कौन अध्यक्ष पद का उम्मीदवार होगा, लेकिन सबकी दावेदारी अलग-अलग तरीके से चल रही है। राघव सिंह अपनी पूरी टीम के साथ नगर के वार्डो में डोर-टू-डोर संपर्क बनाये हुए है। वहीं, उनकी पत्नी कंचन सिंह भी जनता से अपने लिये अपील कर रही है। नगर पालिका का चुनाव कब होगा? यह भी अभी तय नहीं है। कुछ दावेदारों का यह कहना है कि 16 फरवरी से पहले निकाय चुनाव हो सकते है। वैसे, राघव सिंह दुबहड़ डिग्री कालेज के छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री भी रह चुके है। उसके बाद वह टीडी कालेज के छात्रसंघ के अध्यक्ष भी रहे है और जिला पंचायत सदस्य भी रहे है। राघव सिंह की पत्नी कंचन सिंह समाजवादी पार्टी से टिकट की दौड़ में है। छात्र राजनीति में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले राघव सिंह एक बार फिर राजनीतिक सुर्खियों में है।

# 17वें दिन भी जारी रहा गोंगपा का धरना



मॉडल तहसील के समीप धरना देते गोंगपा कार्यकर्ता

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित कराने की मांग को लेकर मॉडल तहसील के समीप चल रहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना प्रदर्शन शनिवार को 17वें दिन भी जारी रहा। जिलाध्यक्ष सुमेर गोंड ने कहा कि तहसील से लगायत जिला प्रशासन और प्रदेश की भाजपा सरकार में संविधान के राज की बजाय तानाशाही राज चल रहा है।

कहा कि गोंड एवं खरवार को नियमानुसार अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र सुगमतापूर्वक जारी नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार में हर तबका परेशान व उत्पीड़ित है। मनोज शाह ने कहा कि जब 2012 व 2017 के निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित की गयी थी तो किस आधार पर 2022 के प्रकाशन सूची से वार्ड सदस्य/सभासद पदों की अनुसूचित जनजाति की सीटें गोल कर दी गई। भाजपा सरकार की यह गणित समझ से परे है। मौके पर दादा अलगू गोंड, श्रीभगवान गोंड, सुरेश, हीरालाल, विनित, श्रीनिवास गोंड, छोटेलाल, मनोज कुमार, बाबूनन्द, जितेन्द्र, धर्मेन्द्र, मनोज गोंड, शिवशंकर, भृगुनाथ, राजेश कुमार, परशुराम, रामनारायण गोंड, आदित्य गोंड, सुजीत कुमार शाह, शिवशंकर खरवार, अरविन्द गोंडवाना, चन्द्रशेखर खरवार, दुर्गविजय खरवार आदि मौजूद रहे।

**रोष**

**निकाय चुनाव में एसटी के लिए सीटें आरक्षित करने की मांग**

## संक्षेप

### जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की दी जानकारी

**बलिया।** भाजपा कार्यालय पर क्षेत्रीय महामंत्री भाजयुमो पवन यादव ने आगामी 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी। उन्होंने बताया कि भाजयुमो उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जनपदों में अटल डिबेटिंग क्लब का शुभारंभ किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में 18 से 35 वर्ष की आयु का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इसका विषय नरेंद्र मोदी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर देना है। भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। समय की मांग मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण। नरेंद्र मोदी की सरकार का ध्यान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अश्वनी सिंह लिटिल, अर्जुन सिंह चौहान, प्रशांत, आशुतोष, आदित्य, निखिल पांडेय, सुधीर मौर्या, विश्वजीत तिवारी, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### साहित्यकारों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजली

**बलिया।** उत्तर सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को सेना का एक ट्रक मुड़ते समय खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसमें तीन जूनियर अधिकारी समेत 16 सैन्य कर्मी मारे गए। उनको श्रद्धांजलि देने और गतात्मा की शांति के लिए विकास संस्कृति साहित्य अकादमी ने आनंद नगर कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शहीद सभी जवानों को शोक और संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गतात्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया और परिवारी जनों को इस संकट की घड़ी में दुख सहने की भी ईश्वर से प्रार्थना की गई। घायल चार जवानों को शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की गई। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. बृजेश सिंह, सुदेश्वर अनाम, डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. फतेहचंद बेचैन, आदित्य कुमार अंशु, डॉ. नवचन्द तिवारी, कादम्बिनी सिंह, रमेश मिश्र हंसमुख, नंदजी नन्दा, डॉ. शिवजी स्वाध्याय, रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।

### किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : जयप्रकाश



**बेल्थरारोड।** सपा के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की जयन्ती शुक्रवार को नगर के चौधरी चरण सिंह तिराहे पर मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ सपा नेताओं ने चौधरी चरण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। वह जीवन पर्यन्त किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किये। पटवारी प्रथा को समाप्त करते हुए सभी को समान अधिकार देने का काम किया। उन्होंने किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलाई। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आद्याशंकर यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह गरीबों, मजलूमों एवं किसानों के नेता थे। आज हम लोगों को उनकी कमी खल रही है। मौके पर इरफान अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय प्रकाश अंचल, जिला पंचायत सदस्य हरेराम यादव, राजन कन्नौजिया, रुद्रप्रताप यादव, बब्बन यादव, आनन्द यादव, बसन्त यादव, रामाश्रय यादव, प्रशान्त कुमार, सुनील कुमार टिंकू, पिंटू यादव, अंगद यादव, सोनू यादव, फाइटर, पतिराम, आफताब आदि मौजूद रहे।

### गतात्मा की शांति को प्रार्थना

**बांसडीह।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय गोंड के बड़े भाई बच्चा लाल की असामयिक निधन पर कस्बे के मूंजी गोंड जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इस अवसर पर सत्यम सिंह सन्नी, उदय प्रताप गोंड, भगेलू गोंड, स्वामीनाथ गोंड, जनार्दन, मोहन, झानचंद, सुदर्शन, राम बहादुर, अनूप, मनीष गोंड आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया हेड काउंट सर्वे

**रतसर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार दिसम्बर 2023 तक मिजल्स रुबेला निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पांच से 17 दिसंबर तक जिले में नौ माह से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों का हेडकाउन्ट सर्वे किया गया। इसी क्रम में अधीक्षक डा. राकिफ अख्तर के निर्देशन में शनिवार को बीसीपीएम अनिल कुमार गड़वार क्षेत्र के मनियर गांव में पहुंचे और सर्वेक्षण कार्य का पर्यवेक्षण किया। उन्होंने बताया कि सर्वे एमआर-1 एवं एमआर-2 से वंचित बच्चों का टीकाकरण दो कैच अप चरणों में किया जाएगा। साथ ही कतिपय कारणों से जो बच्चे हेडकाउन्ट सर्वे में छूट गए है, उन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गहन चेकिंग कर हेड काउन्ट सर्वे में लक्षित किया जा रहा है। अधीक्षक डा. राकिफ अख्तर ने बताया कि ब्लाक में हेड काउन्ट सर्वे किया गया है। इसमें करीब 23 हजार बच्चों को चिह्नित किया गया है। सर्वेक्षण टीम में जेपी, आशा संगिनी ममता, बीओसी सुमन्त, नीरज, आशा कार्यकर्ता मंजू यादव, रीना मौर्या आदि शामिल रहे।

# 28 दिसंबर से शुरू होगा बाल स्वास्थ्य पोषण माह : सीएमओ

**बलिया।** नौनिहालों को कुपोषण से मुक्त रखने के लिए 28 दिसम्बर से शुरू होने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह की तैयारी की जा रही है। यह अभियान एक माह तक चलाया जायेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयन्त कुमार ने दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नौ माह से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को छाया वीएचएनडी-यूएचएनडी सत्रों पर प्रति सप्ताह दो चरणों में विटामिन-ए की खुराक पिलायी जायेगी। उन्होंने बताया कि माह भर चलने वाले इस विशेष अभियान में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के साथ ही उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए आवश्यक टीके भी लगाये जायेंगे।

उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर शशि प्रकाश ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश पर देश से कुपोषण को समाप्त करने के लिए पूरे एक माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के लिए एएनएम, आशा एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक सप्ताह में छाया वी एचएनडी/ यूएचएनडी में दो बार बुधवार और शनिवार को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का काम किया जायेगा।

### बच्चों को लगाये जायेंगे जीवन रक्षक टीके

**बलिया।** इस अभियान में खुराक पिलाने के साथ ही इस आयु वर्ग के बच्चों को जीवन रक्षक टीके भी लगाये जायेंगे। अभियान में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाना उन्हें स्वस्थ जीवन की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा। जनपद में 6 माह से 12 माह तक के बच्चों की संख्या लगभग 45 हजार 130 है। एक वर्ष से दो वर्ष तक के बच्चों की संख्या 85 हजार 30 है। 2 वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों की संख्या लगभग 2.73 लाख है।

# किसानों ने की आर-पार की लड़ाई की घोषणा



**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण तथा भूमि के मूल्य के भुगतान को लेकर किसानों के साथ प्रशासन का गतिरोध गहराता जा रहा है। किसान आक्रोशित होते दिख रहे है। किसान अधिकारियों पर अड़ियल रुख अपनाने का आरोप लगा रहे है। किसानों का कहना है कि हम लोगों की जायज बात भी अधिकारी सुनना उचित नहीं समझ रहे है, जो न्याय संगत नहीं है।

सरकार ने सर्किल रेट के हिसाब से मुआवजा तय कर रखा है। किसान इसे रेट थोपना बता रहे है। वही, किसान बाजार रेट से जमीन के एवज में पैसा मांग रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले छह महीने के भीतर सबसे कम और सबसे अधिक दर से जो रजिस्ट्री बैरिया तहसील में हुई है, उसका औसत निकाल कर हम लोगों को भूमि का भुगतान किया जाए। वहीं, अधिकारी कह रहे हैं कि जो रेट सरकार ने तय किया है, वही मिलेगा। इससे किसान परेशान है और रोज धरना प्रदर्शन व आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बलिया में उप जिलाधिकारी सदर प्रशान्त नायक, मुख्य राजस्व अधिकारी अनिल अग्निहोत्री आदि के साथ क्षेत्र के इब्राहिमाबाद ऊपरवार, बैरिया, टेंगरही, दया छपरा व हरखपुरा के किसानों की बैठक हुई। किसानों ने आवेदन पत्र रिसीव करने की बात कही तो अधिकारियों ने कहा कि रिसीविंग कार्यालय में बाबू से कराइए। हम लोग नहीं करेंगे। फिर इस बाबत सोमवार को किसानों से आपत्ति देने को कहा गया है। दूसरी तरफ किसानों ने शनिवार को बैरिया डाक बंगला परिसर में बैठक कर सरकार द्वारा औने-पौने दाम पर किसानों की भूमि हथियाने का आरोप लगाते हुए आर-पार की लड़ाई की घोषणा की है। इस अवसर पर अधिवक्ता धनंजय सिंह, विनोद गुप्त, पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, अभय सिंह, बृजेश पांडे, सुशील पांडे, मुन्ना वर्मा, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

**प्रदर्शन**

**सरकार पर लगाया औने-पौने दाम पर भूमि हथियाने का आरोप**

### किसानों के हितों की अनदेखी कर रही सरकार : अंचल



**बैरिया।** कृषि प्रधान देश में किसानों को उर्वरक नही मिलना हस्यास्पद नही तो क्या है? सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने शनिवार को बैरिया डाक बंगला में पत्रकारों से कहा कि सरकार जहां किसानों की आय दोगुना करने का दावा कर रही है, वही किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। श्री अंचल ने कहा कि सरकार अपने आपको किसानों का बहुत बड़ा हितैषी बता रही है। ये पब्लिक है, सब जानती है। रबी सीजन में गेहूं की बुआई के समय डीएपी गायब थी। अब यूरिया की किल्लत से किसान परेशान है। यूरिया के साथ अन्य गैर जरूरी उर्वरक किसानों को खरीदने के लिए प्राइवेट उर्वरक विक्रेता मजबूर कर रहे है। वहीं, ऊंचे दर पर उर्वरक बेच रहे है। जिम्मेदार अधिकारी सबकुछ जानकर भी अनजान बन हुए है। कहा कि बिजली की कटौती किसानों के लिए कोढ़ में खाज बनी हुई है। पूरा-पूरा दिन बिजली गायब रहती है, जो कतई उचित नहीं है। विधायक ने सत्तारूढ़ दल पर किसानों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। चेताया है कि ऐसे लोग ज्यादा दिनों तक सत्ता में नहीं रह पाएंगे। जब-जब अन्नदाता परेशान हुए है, तब-तब सरकार की जड़ उखड़ी है।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में सहायक शिक्षक की मौत

**बलिया।** शनिवार की शाम स्कूल से लौट रहे एक सहायक अध्यापक की मौत सड़क हादसे में हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, जनपद का शिक्षा जगत स्तब्ध है। मूलरूप से रसड़ा के मोतिरा निवासी अंजनी गुप्ता (45) पुत्र जयनारायण गुप्ता की तैनाती शिक्षा क्षेत्र बांसडीह के जूनियर हाईस्कूल मंगलपुरा पर बतौर सहायक अध्यापक थी। अंजनी गुप्ता का आवास हनुमानगंज के पास बलराम बिहार कालोनी में है। शनिवार की शाम अंजनी गुप्ता विद्यालय से घर लौट रहे थे। अभी वे सुखपुरा थाना क्षेत्र के महादेव पैलेस के पास पहुंचे थे, तभी उनकी स्कूटी में बेकाबू ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### अतिक्रमण हटाने गयी राजस्व टीम के साथ अभद्रता

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के सरया गांव में कब्रिस्तान की जमीन पर से शनिवार को अवैध अतिक्रमण हटाने गयी राजस्व विभाग की टीम से कब्जाधारी व उसके सहयोगियों ने गाली गलौज व अभद्रता की। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने मामले को शांत कराया। शनिवार को राजस्व विभाग के कर्मचारी स्थानीय पुलिस के सहयोग से सरयां गांव में कब्रिस्तान की जमीन पर से अवैध टिन शेड व अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस टीम मौके पर गई। अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू हो गया। इसी बीच अवैध अतिक्रमण कारी व उसके सहयोगियों ने राजस्व कर्मियों की घेराबंदी कर लिए। यही नहीं राजस्व कर्मी को दौड़ाया गया। थाना प्रभारी आरके सिंह भी आननफानन में मौके पर पहुंच गए।जैसे-तैसे मामले को शांत कराएं व कब्रिस्तान की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। वहीं थाना पर पहुंचे राजस्व कर्मचारी द्वारा तहरीर दी गई। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन में जुटी रही।

### भाजपा के दावेदारों का हुआ एक साथ जमावड़ा

**बलिया।** भले ही निकाय चुनाव में अभी और विलंब हो लेकिन भाजपा के दावेदार एक साथ होकर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया हैं। नपा परिषद, अध्यक्ष पद को लेकर लगभग 22 महिलाओं ने भाजपा से टिकट की दावेदारी की हैं लेकिन रामलीला मैदान में संस्कृति सिंह के तरफ से आयोजित भोज पार्टी में एक साथ कई दावेदार जुटे थे। वैसे यह भोज सभी दावेदारों को देना हैं ऐसे में कई दावेदार भोज पार्टी में शामिल नहीं हो सके लेकिन यह तय माना जा रहा हैं कि जिसको भी टिकट मिलेगा वह उस प्रत्याशी के साथ होगा। यह पहल पूर्व ब्लाक प्रमुख गुड्डू राय और संतोष सिंह की हैं जिनके प्रयास से एक साथ कई दावेदार रामलीला मैदान में साय 7 बजे जुटे थे।

### बैंक से जुड़ी गुणवत्ता परक योजनाओं को दी गई जानकारी

**मऊ।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं जिनके द्वारा ग्रामीण आजीविका आदि में व्यापक सुधार हो सके, के क्रम में एक सम्पूर्ण ऋण वितरण व वित्तीय साक्षरता का आयोजन बाबा भृगु आईटीआई कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रिय कार्यालय मऊ के उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने किया। उक्त क्रम में उप क्षेत्रीय प्रबंधक प्रणव कुमार सिन्हा ने ज्यादा से ज्यादा बैंक से जुड़कर केसीसी/ एनआरएलएम/एसएचजी आदि का लाभ उठाने की बात कही गई। वहीं कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक एसएन राय ने माइक्रो इंश्योरेंस, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई से जुड़ने की अपील की और सरकार की रोजगार परक योजनाओं पीएमईजीपी, पीएमआरवाई और अलग अलग ऋण सुविधाओ से अवगत कराया। एफएलसी अमर सिंह कुशवाहा ने एसएचजी संचालन कर ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ते हुए अपने व्यक्तिगत वृद्धि के साथ ही साथ बैंक के व्यवसाय वृद्धि की बात कही।

### विजडम स्कूल के बच्चों ने क्रिसमस पर लगाये पौधे



**मऊ।** शनिवार को नगर स्थित विजडम स्कूल में बच्चों ने प्यारे प्यारे सेंटा के साथ धमाल किया। विजडम स्कूल के बच्चों ने रोज गार्डेन में पर्यावरण के बीच क्रिसमस का त्योहार मनाया। इस दौरान नाव्या, रेयांश, समृद्धि सेंटा बने रुद्राक्ष ने सबको चॉकलेट बांटी और खूब मस्ती किया। साथ में टीचर्स ने पर्यावरण का महत्व बताया। इस दौरान षिक्षको और बच्चो ने क्रिसमस के दिन एक गुलाब का पौधा लगाया गया और टीचर्स ने पेड़ पौधे लगाने के फायदे बताए। मौके पर नन्हे बच्चें काफी खुश दिखे। इस दौरान प्रधानाचार्या गरीमा, शिक्षिका लक्ष्मी, माला और पूजा राय रही।

# वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे के भुआलबाबा कॉलोनी निवासी की बीती रात मित्र के यहां से भोजन कर बाइक से घर लौट रहे इलेक्ट्रिक मैकेनिकल की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

मनीष श्रीवास्तव पुत्र राजनारायण श्रीवास्तव उम्र 40 वर्ष दोहरीघाट भुआल बाबा कालोनी अपने निवास से शुक्रवार को धनौली रामपुर गांव में अपने एक मित्र के यहां भोजन कर रात दस बजे मोटरसाइकिल से घर लौटे रहे थे रात्रि दस बजे जैसे ही दोहरीघाट हाइवे से अपने कालोनी के तरफ मुड़े तभी किसी वाहन के चपेट में आ गये तथा मौके पर बुरीतरह से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोहरीघाट पर घायल को लेकर आये जहां चिकित्सक ने पांच मिनट बाद मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया।

इधर मृतक के भाई मनोज श्रीवास्तव ने अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी मृतक के घर से मात्र सौ कदम दूर पर ही हुई दुर्घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया। इधर मृतक की पत्नी आरती देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के दो बच्चे हैं दस वर्षीय पुत्री एंजल व आठ वर्षीय पुत्र सुर्यप्रताप के करूण क्रन्दन से पुरा माहौल गमगीन हो गया है। मृतक प्राइवेट में इलेक्ट्रिक का काम करके अपनी आजीविका चलाता था उसके मौत ने पुरे घर को हिलाकर रख दिया है। थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश जारी है रोड पर लगे सीसी कैमरों के फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

**दुखद**

**मृतक के भाई मनोज श्रीवास्तव ने अज्ञात वाहन के खिलाफ दी तहरीर**

## नकली सीमेंट बनाने की पकड़ी गयी फैक्ट्री एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर से एक मकान से बनायी जा रही नकली सीमेन्ट की 68 भरी बोरी, 27 खाली बोरी व खराब सीमेन्ट को बोरी में भरने के अन्य उपकरण बरामद कर एक व्यक्ति अमरनाथ सिंह पुत्र राजमी सिंह निवासी मुस्तफाबाद थाना मरदह जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उक्त गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोग दुकानों से सीमेन्ट जो खराब हो जाते है या जम जाते है या डेट एक्सपायर हो जाते है उसको खरीद कर घुनाई कर व पीस कर पुनः नये बोरियों में (अल्ट्राटेक जो की बाजार मे एक नामी कम्पनी है) पैक कर बाजार में कम किमतों पर बेच देते है जिससे हमे काफी मुनाफा हो जाता है।

इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 594/22 धारा 420,465 भादवि व धारा 63,65 काफी राइट एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# अवैध शराब की भट्ठियों पर चला पुलिस का डंडा

**रेवती।** स्थानीय पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध औचक छापेमारी कर भट्ठियों को तोड़ते हुए भारी मात्रा में लहन नष्ट किया है। प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी गोपालनगर उनि धर्मेन्द्र दत्त, मुख्य आरक्षी हरेन्द्र पटेल, मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, गौरव प्रकाश, जितेन्द्र कुमार, अनिल चौधरी, बब्लू, संतराज यादव, अंकिता देवी की टीम ने कस्बा रेवती के वार्ड नंबर दो तथा तीन के विभिन्न जगहों पर अवैध शराब के विरूद्ध औचक छापेमारी किया। अचानक हुई छापेमारी से अवैध शराब व्यवसायियों में हड़कंप मच गया तथा वे अपना घर द्वार छोड़कर फरार हो गये।

पुलिस टीम ने कस्बा रेवती के वार्ड नंबर दो तथा तीन में स्थित दुसाध टोली के आस-पास स्थित तालाब, गढ्ढों, नालों व मैदान के किनारे भारी मात्रा में जमीन में गाड़े गये लहन को नष्ट किया। इस दौरान पुलिस ने भट्ठियों को नेस्तनाबूद करते हुए शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी भी कीमत पर क्षेत्र में अवैध शराब सहित कोई भी अवैध धंधा नहीं होने दिया जायेगा। अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर अभियान चलता रहेगा। उधर, पुलिस ने 110 लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया।



अवैध शराब की भट्ठियों को तोड़ती पुलिस

### श्रीराम राज्याभिषेक व हवन के साथ मानस सम्मेलन संपन्न

**मझौवां।** मानस प्रचार परिषद दया छपरा द्वारा आयोजित 70वां नौ दिवसीय मानस सम्मेलन शुक्रवार को प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक एवं हवन के साथ संपन्न हो गया। क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु नर-नारी हाथों में माला लेकर गाजे-बाजे के साथ प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक किया। अभिषेक के बाद क्षेत्र के ख्यात लब्ध पंडित सुनील उपाध्याय ने बिभिन्न वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। हवन के उपरांत लगभग दो घंटा तक प्रभु श्रीराम की आरती होता रहा। इस दौरान मानस प्रचार परिषद के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर हरेंद्र कुमार ने परिषद के पूरे एक साल के कार्यक्रम का ब्योरा प्रस्तुत किया। साथ ही सम्मेलन संपन्न कराने में दानदाता, दूर-दूर से आए विद्वान पंडित, आचार्य एवं क्षेत्रीय जन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर गोपाल, बृजबली, डा. ओमप्रकाश, विष्णु दत्त, टिमिल बर्मा, दयाशंकर तिवारी, जगमोहन तिवारी, विजय पटेल, कुमारी आरती, सुमन, पूनम, लछिया देवी आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस पर की जन सुनवाई

**मऊ।** शनिवार को डीएम अरुण कुमार व एसपी अविनाश पांडेय के साथ महीने के चैथे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर थाना मधुबन में जन सुनवाई की। डीएम ने पिछले समाधान दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की।

डीएम ने थाना समाधान दिवस पर आई शिकायतों को अगले थाना समाधान दिवस के पूर्व ही शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी। इस दौरान कुछ शिकायतें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भी थी जिसके संबंध में डीएम ने संबंधित लेखपालों को तत्काल मौके पर जाकर पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा खाली कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने एक-एक करके सभी शिकायतकर्ताओ की शिकायतें सुनी व मौके पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कुछ मामलो में पुलिस एवं लेखपाल की संयुक्त टीम को तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर रवाना भी किया। उन्होंने सभी लेखपालों एवं पुलिस को संयुक्त टीम बनाकर थानों पर आने वाली राजस्व एवं अन्य सभी शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने को कहा, जिससे दोनों पक्ष निस्तारण से संतुष्ट हो। मौके पर एसडीएम मधुबन मनोज तथा संबंधित थाने के सभी अधिकारी व क्षेत्र के सभी लेखपाल मौके पर उपस्थित थे।

**आयोजन**

**शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

# जीआई टैगिंग हेतु समस्त आवश्यक कार्रवाई करें सुनिश्चित



**मऊ।** शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विकासखंड फतेहपुर मंडाव के ग्राम खीरी कोठा में देसी प्रजाति के बैगन उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। इस बैगन को स्थानीय भाषा में लवकिहवा भंटा भी कहा जाता है। इस देसी प्रजाति के बैगन की लंबाई 10 से 15 इंच एवं मोटाई 7 से 9 इंच के बीच होती है। एक बैगन 500 ग्राम से 700 ग्राम तक का होता है। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक कृषि ने बताया कि इस बैगन के उत्पादन में प्रति एकड़ 25 से 30 हजार का खर्च आता है एवं इसकी खेती से प्रति एकड़ एक लाख तक की शुद्ध आमदनी किसानों द्वारा प्राप्त की जाती है। अपनी विशिष्ट पहचान के चलते मधुबन तहसील के कई इलाकों में इस देसी बैगन का उत्पादन सैकड़ों वर्षों से किया जाता है। इस देसी प्रजाति के बैगन की विशिष्टता को देखते हुए डीएम ने इसके उत्पादन करने वाले किसानों को एफपीओ से जोड़कर एफपीओ के माध्यम से जीआई टैगिंग हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश उपनिदेशक कृषि को दिए। उन्होंने एफपीओ को निर्यात का लाइसेंस दिला कर क्षेत्र में उत्पादित इस देसी प्रजाति के बैगन को देश के अन्य हिस्सों में भेजने तथा क्षेत्र व किसानों की विशेष पहचान दिलाने के प्रयास करने को भी कहा। इस दौरान डीएम ने संबंधित किसान शिवदत्त से भी इस देसी प्रजाति के बैगन के उत्पादन व वितरण से जुड़ी जानकारियों को साझा किया। निरीक्षण के दौरान एसपी अविनाश पांडे के अलावा उपनिदेशक कृषि एसपी श्रीवास्तव एवं जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार भी उपस्थित थे।

**बोले डीएम**

**देसी प्रजाति के बैगन उत्पादन केंद्र का किया निरीक्षण**

### डीएम ने शहीद स्मारक स्थल के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**मऊ।** शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील मधुबन के कटघरा शंकर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था सी.एल.डी.एफ. के अधिकारी से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली साथ ही अवशेष सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। परिसर में ही स्थित मलबे की सफाई के साथ ही अवशेष समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव हेतु मौके पर उपस्थित लोगों को कंबल भी बांटे। उन्होंने उपजिलाधिकारी मधुबन को तहसील में ठंड से बचाव हेतु किए जा रहे कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के साथ ही सभी जरूरतमंदों को कंबल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के अलावा उप जिलाधिकारी मधुबन मनोज तिवारी, क्षेत्राधिकारी मधुबन एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

**कार्रवाई**

### दस बाइक बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार


कोतवाली परिसर में बाइक चोरों को मीडिया के समक्ष पेश करती पुलिस।

**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी मानिटरिंग अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी कर रहे है। अभियान के तहत सदर कोतवाल तेज बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चक्रमणशील थे। इस बीच मुखबिर की सूचना पर कोतवाल ने दलबल के साथ अंतर्जनपदीय वाहन चोरों के गिरोह को नारकोटिक्स चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की पहचान सदर कोतवाली के झण्डातर किशन वर्मा उर्फ विपिन पुत्र विनोद वर्मा, रजागंज निवासी अभिषेक कुमार पुत्र सीताराम, आदर्श बाजार निवासी विष्णु कश्यप पुत्र शिवशंकर कश्यप, कलेक्टर घाट निवासी रामू बिन्द पुत्र स्व. ठग्गा बिन्द, नवापुरा कचहरी निवासी धनराज कुमार पुत्र शिवकुमार के रूप में हुई। आरोपियों के पास से 10 बाइक चोरी की बरामद की गई। अभियुक्तगण के विरुद्ध कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में मुख्य रूप से अपराध निरीक्षक सुरेन्द्र नाथ, उ.नि. अमित कुमार पाण्डेय, अभिषेक सिंह, शिवाकान्त मिश्रा, रमेश तिवारी, का. सदानन्द यादव, शिवशंकर यादव, चालक विजय कुशवाहा व सर्विलास प्रभारी सुनील तिवारी आदि लोग रहें।

### नव वर्ष पर कामाख्या धाम पर रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**बारा।** क्रिसमस व नव वर्ष को लेकर पिकनिक स्थल गुलजार होने लगे हैं। क्रिसमस को लेकर कामाख्या धाम स्थित वन पार्क में भीड़ जुटने लगी है। दो साल के बाद इस साल नए वर्ष को लेकर यहां अधिक भीड़ जुटने की पूरी संभावना है। दरअसल, कोरोना के कारण पिछले दो साल क्रिसमस व नव वर्ष पर काफी बंदिशें रहने के कारण लोग खुलकर सेलिब्रेट नहीं कर सके। इस साल स्थिति अभी तक सामान्य रहने के कारण लोग सेलिब्रेट करने को लेकर कई प्रकार की तैयारी किए हुए हैं। इस कारण अभी से पिकनिक स्थल पर लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। नए साल पर कामाख्या धाम मंदिर स्थित वन पार्क में जिले के अलावा बिहार प्रांत से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यहां उमड़ने वाली भीड़ के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी न हो, इसको लेकर पुलिस अभी से अलर्ट हो गई है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि कामाख्या धाम मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सर्किल के थानों की फोर्स तैनात रहेगी। अशांति का माहौल पैदा करने वालों से पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

## विद्युत चोरी में चार पर रिपोर्ट तीन लाख रुपये की वसूली

**जनसंदेश न्यूज**

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों में शनिवार को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर विद्युत चोरी में लिप्त व बड़े बकायेदारों के खिलाफ रेवतीपुर सब डिविजन के एसडीओ प्रवीन मौर्या के नेतृत्व में महकमें की टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसके चलते लोगों में हड़कम्प मचा रहा, अभियान के इस क्रम में टीम ने छह लोगों को विद्युत चोरी करते पाए जाने पर उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया।


सुहवल में विद्युत चेकिंग अभियान में एसडीओ प्रवीन मौर्या।

टीम ने 22 लोगों से तीन लाख राजस्व की वसूली करने के साथ ही विद्युत विभाग की टीम ने बारह बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे इसके अलावा चार नये कनेक्शन देने के साथ ही छह नये इलेक्ट्रानिक मीटर भी लगाए व तीन उपभोक्ताओं के कनेक्शन में भार क्षमता में बढोत्तरी किया।

रेवतीपुर उपखंड के एसडीओ प्रवीन मौर्या ने बताया कि क्षेत्र के युवराजपुर, सुहवल, पटकनियां, पकडी और तिलवां में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अवर अभियंता आशीष यादव,मीटर रीडर चंद्रजीत यादव,बाबू खान,पवन सिंह, हीरा लाल, अश्वनी, गोविन्द, सद्दाम, शहजाद आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### चोरों ने मंदिर का चटकाया ताला, पुलिस नाकाम



**मौधा।** क्षेत्र के लौलहा गांव में काली मंदिर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंदिर में चोरी की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर खुलासा का आश्वासन दिया। लौलहा ग्राम प्रधान बताया कि पिछले वर्ष चौदह जनवरी को भी मंदिर पर चोरी हुआ था। उस वक्त भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे चोरों का हौसला बुलंद होता गया। इस बार भी देखा जाय कोई कार्यवाही होगी कि सिर्फ हवा-हवाई रहेगी जो की मौधा चौकी से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर है। मां काली का स्थान उसके उपरांत भी घटनाएं घट जा रही है। मौधा क्षेत्र में चौकी इंचार्ज नही कभी रात्रि गस्त करते है,नही ही दिन में वाहन चेकिंग जिससे की चोर भयमुक्त रहते है।

### कामाख्या वन पार्क में सुविधाओं का अभाव



**बारा।** धार्मिक एवं ऐतिहासिक कामाख्या धाम मंदिर के पास कामाख्या वन पार्क पिकनिक स्थल है। क्रिसमस व नव वर्ष पर मंदिर में मत्था टेक पार्क में पिकनिक मनाने वाले लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। यहां जिले के विभिन्न स्थानों के अलावा बिहार प्रांत के लोग भी आते हैं। हालांकि, वन पार्क में कोई सुविधा नहीं है। लोगों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले आदि टूटे पड़े हैं। लोगों को यहां पेयजल तक की सुविधा नहीं मिल पाती है। वन पार्क में सुरक्षा व सफाई का भी अभाव रहता है।

### बीएसए ने लापरवाह कर्मचारियों का रोका वेतन

**गाजीपुर।** कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों के लेखाकार एवं वार्डेन की बैठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय महुआबाग में सम्पन्न हुई। बैठक में नवीन केजीबीवी प्रेरणा एप्प के माध्यम से कार्मिक एवम छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उपस्थिति प्रेषित करने में आने वाली समस्याओं को जिला समन्वयक के माध्यम से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं में से अवशेष छात्राओं का स्टापेंड भुगतान किये जाने हेतु उनके खातों को आधार स्पीड कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया, संचालित कार्यक्रम की समीक्षा में बाराचवर, मरदह, एवं जमानिया की प्रगति शून्य पाई गई। जिस पर सम्बंधित वार्डेन का मानदेय भुगतान अग्रिम आदेश तक बाधित करने हेतु निर्देशित किया गया। न्यून प्रगति वाले विद्यालय बिरनो, देवकली, कासिमाबाद, मनिहारी, मुहम्मदाबाद, रेवतीपुर, सैदपुर, जखनिया को कड़ी चेतावनी जारी की गयी तथा अच्छे कार्य करने वाले सदर, भावारकोल तथा सादात की प्रशंसा की गई। बैठक में जिला समन्वयक अमित कुमार राय, समस्त वार्डेन व लेखाकार उपस्थित रहें।

### कोरोना को लेकर शिक्षक सतर्क, दी जानकारी

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय विकास खंड अंतर्गत ग्राम गणेश्वर के प्राथमिक विद्यालय पर प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षकों ने कोविड 19 के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए छात्र-छात्राओं को इससे बचाव के उपाय और तरीके बताएं। एक बार फिर कोविड 19 धीरे-धीरे अपने प्रभाव को दिखा रहा है। इससे आम जनमानस में एक भय की लहर सी दौड़ गई है। परिणाम स्वरूप आम जनमानस के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी कोविड-19 के प्रभाव से सुरक्षित रहने के हेतू आज प्रार्थना के समय प्राथमिक विद्यालय गणेश्वर पर कोविड-19 के बारे में छात्र-छत्राओं को बताया गया। सहायक अध्यापक आशुतोष पांडेय ने बच्चों को बताया कि वह हमेशा भीड़भाड़ वाले जगह पर दूरी बनाए रखें और हमेशा सेनटराइज का प्रयोग करें ।साथ ही मास्क का प्रयोग अति आवश्यक है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विमल कुमार द्वारा कोविड-19 के नए वेरिएंट के बारे में बताया गया। मौके पर शिक्षा मित्र रविंद्र राम ,नीलम सिंह ,मंजू देवी ,सविता देवी ,निराशा देवी के साथ-साथ विद्यालय के सभी अध्यापक और कर्मचारी उपस्थित थे।

### निजी अस्पतालों में अप्रशिक्षित कर रहे इलाज

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अवैध तरीके से बिना पंजिकरण व मानक के विपरीत निजी नर्सिंग होम व पैथोलाजी सेंटर, मेडिकल स्टोर का संचालन महकमें की साठगांठ से बदस्तूर तरीके से जारी है ।बावजूद महकमा मौन साधे हुए है ।यही नहीं इन निजी अस्पतालों में अप्रशिक्षित जो अनाधिकृत तरीके मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है,जहाँ उनका जमकर आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है ।लोगों ने मांग किया कि क्षेत्र में अवैध व मानक विहीन तरीके से संचालित नर्सिंग होम व पैथोलाजी सेंटरो के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाई की जाए। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि कुछ दिनों पहले बड़े जोरशोर से इनके खिलाफ अभियान चलाया गया,मगर कुछ दिनों बाद इनके खिलाफ अभियान बंद हो गया,जिसके बाद एकबार फिर तेजी से यह धंधा क्षेत्र में महकमें के आशिर्वाद से फलफूल रहा है, यह इलाज के नाम पर अप्रशिक्षित लोगों के चलते ही पूर्व में कई घटनाएं हो चुकी है,बावजूद जिम्मेदार इसको लेकर लापरवाह बने हुए है। इस संबंध में सीएमओ डाक्टर हरगोविंद सिंह ने बताया कि अवैध तरीके से किसी भी सूरत में इनका संचालन नहीं होने दिया जायेगा,इनके खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

## भूमि पर कब्जा करने वालों पर दर्ज करें मुकदमाःएसपी

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने थाना नोनहरा में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। थाना दिवस पर नोनहरा थाने में छह फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। जिसमें नोनहरा थाने पर एक शिकायतो का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा तत्काल किया गया। शेष शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण हेतु सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की जायं। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मो.नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किये जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एंव सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। वही पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में अपराध रजिस्टर एंव असलहा रजिस्टर का अवलोकन करते हुए अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा अपराधिक तत्व के व्यक्तियो को चिन्हित करते हुए असलहा लाईसेंस निरस्तीकरण हेतु रिपोर्ट लगाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर नोनहरा थानाध्यक्ष, लेखपाल, तहसीलदार, एंव अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।


जंगीपुर थाना में फरियाद सुनते डीएम-एसपी।

## एक दिवसीस सैर पर निकले विद्यार्थी

**सुहवल।** ब्लाक अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रमवल के 66 सदस्यीय छात्र-छात्राओं का एक दल आज शनिवार की सुबह विद्यालय से एक दिवसीय शैक्षिक और सांस्कृतिक भ्रमण / यात्रा के लिए जिले सहित वाराणसी,सारनाथ के लिए रवाना हुआ। यात्रा को बीएसए हेमंत कुमार व रेवतीपुर बीईओ अशोक कुमार गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण से उनमें जिज्ञासा उत्पन्न कर नयी जानकारियों को जानने के प्रति उत्सुकता बनती हैं।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद तिवारी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कि बच्चे देश का भविष्य हैं, भारत की प्राचीनता, एतिहासिकता की जानकारी के लिए आवश्यक है कि इस तरह के आयोजन किया जाए।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भगवती तिवारी, प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश, कृष्णा नन्द, राजषि, अभिलाश राय,आशीष, खालिद, अशोक कुमार, शीला सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत की बैठक में मूल और पुनरीक्षित बजट पारित

**गाजीपुर।** जिला पंचायत की सामान्य बैठक जिला पंचायत सभागार में अध्यक्ष सपना सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक के प्रारंभ में विगत 30 अपैल के कार्यवाही की पुष्टि पर विचार के साथ ही जनपद के विकास कार्यो एवं जनसमस्याओं के समाधान पर वृहद चर्चा की गई। जिला पंचायत द्वारा संचालित वाहन स्टैण्ड जमानियां, मुहम्मदाबाद के कार्योत्तर अनुमोदन के साथ आवश्यक व्यवस्था किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। सांसद, विधान परिषद सदस्य, विधायकगण प्राप्त प्रस्तावों पर सदन द्वारा विचार विमर्श किया गया।

ग्राम पंचायत चौकिया, विकासखण्ड -सदर के अन्तर्गत पोल सिपटिंग के लिए रूपए 333871.00 जिला पंचायत से विद्युत विभाग को अन्तरण किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। जिला पंचायत का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-2023 मूल बजट 2023-2024 अनुमोदित किया गया।


जिला पंचायत सभागार में बैठक के दौरान जनप्रतिनिधि।

विकासखण्डों के पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त एवं मनरेगा की पूरक कार्ययोजना अनुमोदित की गई। जिला पंचायत के दो कर्मियों के भवन अग्रिम का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिला पंचायत के राजस्व वसूली में काफी बढ़ोत्तरी के साथ ही जनपद के विकास के साथ ही जिला पंचायत कार्यालय भवन 05 मंजिला, रेस्ट हाउस, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स गाजीपुर, नगर स्थित प्राचीन तालाब के सुन्दरीकरण का प्रस्ताव अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा मुख्यमंत्री को मिलकर दिया गया, जो स्वीकृति हेतु पंचायतीराज विभाग में प्रचलित है।बैठक में विधायक सदर , जखनियां, जमानियां, मुहम्मदाबाद, जंगीपुर,विधान परिषद सदस्य (शिक्षक), जिला पंचायत सदस्य और मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता व जनपदस्तरीय अधिकारी मौजूद रहें। संचालन अपर मुख्य अधिकारी सुजीत कुमार मिश्रा ने किया।

# कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा को लेकर प्रदर्शन

**आक्रोश**

### थाना दिवस पर ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान पर लगाया आरोप


कोतवाली कासिमाबाद में नारेबाजी करते ग्रामीण।

**कासिमाबाद।** कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर एसडीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान नौ मामले आए। जिसमें एक का निस्तारण किया गया। बाकी मामलों को संबंधित विभाग को भेज दिया गया। थाना समाधान दिवस के मौके पर अमवा सिंह गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने कासिमाबाद थाने परिसर में प्रदर्शन करते हुए जलाशय एवं कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के जांच के संबंध में कासिमाबाद एसडीएम को पत्रक सौंप कर कार्रवाई की मांग की। उदय प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश सिंह ,विनय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, तेजप्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, अमित सिंह, कार्तिक सिंह, पवन सिंह,बन्धु राम,अब्दुल हमीद,सुनील सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, वेद प्रकाश सिंह आदि ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा में पूर्व प्रधान मुनीब अंसारी द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया गया है जो अवैध है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की जा चुकी है और अब तक पैमाइश नहीं हुई है। आरोप है कि गांव के 18 बीघा ताल है जिसमें पूर्व प्रधान के द्वारा 6 बीघा तालाब को 29 बी करके अपने नाम दर्ज कर लिया। यही नहीं पड़ोस के अम्हट गांव में भी साढ़े चार बिगहा जमीन अपने नाम और अपने परिजनों के नाम दर्ज कराया गया है। कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा कर ट्यूबल लगाना, स्कूल खोलना, मस्जिद निर्माण का ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाया गया। एक पीड़ित व्यक्ति ने कहा कि जीआरएस पर शिकायत दर्ज करने के बाद फोन द्वारा धमकी दी जा रही है। इस अवसर पर नगर अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह,प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल, एसएसआई देवेंद्र सिंह यादव सहित राजस्व कर्मी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन

**गाजीपुर।** कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशन्स की ओर से सादात क्षेत्र में गरीबों की आंखों के मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। ऑपरेशन के साथ ही दवा और चश्मा भी दी जा रही है। कृष्ण सुदामा ग्रुप की पहल से गरीबों की आंखों में दोबारा लौटी ज्योति उनकी दुनिया को जगमग कर रही है। यदि आंकड़ों के हिसाब से देखा जाय तो अब तक कुल 5300 लगभग लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन हो चुका है। जबकि रजिस्ट्रेशन 618 लोगों का हुआ है।

इस वर्ष इस सत्र में अब तक लगभग 615 लोगों का ऑपरेशन हुआ है, जबकि शनिवार को रजिस्ट्रेशन की संख्या 155 है। वाइस चेयरमैन व मनिहारी पंचम जिला पंचायत सदस्य डॉ. वन्दना यादव ने आपरेशन के लिए आए सभी लोगों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग के लोगो की सेवा हमारा धर्म है। इस अवसर प्रशानिक अधिकारी डॉ. रामअवध यादव, प्राचार्य इंजी. दिलीप राठौर, अनुज यादव ,रामभरोस इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## नवाचारों को विकसित करने में प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान : रेशु जालान


सेंट्रल पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी का अवलोकन करती प्रबंधक रेशु जालान।

**जमानियां।** स्थानीय नगर स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक मेला व विज्ञान, हिन्दी, सामाजिक विषय, कला तथा वाणिज्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा व प्रबंधक रेशु जालान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

समाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में समाज के विभिन्न पहलुओं वह समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने तथा प्रदूषण, भारतीय राजनीति के इतिहास को प्रस्तुत किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने लाईफाई तकनीक, स्वचालित प्रणालियों, जल संरक्षण, भूकंप, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली, सड़क सुरक्षा, आधुनिक सिचाई पद्धति, डीएनए आधारित एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। प्रबंधक रेशु जालान ने कहा कि वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

इस अवसर पर सीएन सिंह, आरपी सिंह, आशीष पाण्डेय, सेराज अहमद, तपेश्वर शर्मा, बलवीर सिंह, सीमा जायसवाल, पूजा गुप्ता, जयश्री आदि लोग मौजूद रहे।

# कृषि निवेश मेले में नहीं पहुंचे किसान, खाली रहीं कुर्सियां

## शासन की योजनाओं में ब्लॉक अधिकारी बरते रहे लापरवाही


विकास खंड भदौरा पर आयोजित कृषि निवेश मेला व गोष्ठी में कार्यक्रम के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां।

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवराई।** सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए भदौरा ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित कृषि निवेश मेला व गोष्ठी के दौरान अधिकतर कुर्सियां खाली पड़ी हुई थी। इसका वजह यह था कि गांव में किसानों को कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का प्रचार-प्रसार ही नहीं कराया गया था। सरकार द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा कृषि निवेश मेला व गोष्ठी कुछ चुनिंदा किसानों तक सूचना भेजकर कृषि निवेश मेला व गोष्ठी का औपचारिकता पूरा कर लिया गया। उक्त मेला में पहुंचने पर एक तरफ की लगाई गई अधिकतर कुर्सियां खाली पड़ी हुई थी। मेला की जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थानीय मीडिया कर्मियों तक को नहीं दी गई थी। अचानक मीडिया कर्मियों को देखकर विभागीय अधिकारी अपनी नाकामी छुपाने के लिए बिना कुछ कहे ही सफाई देना शुरू कर दिए और आनन-फानन में कार्यक्रम का समापन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दबी जुबान कुछ विभागीय अधिकारियों द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया गया कि अपनी नाकामी को छुपाने के लिए विभाग विकासखंड भदौरा के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाकर कोरम पूरा करने का प्रयास किया गया जो कुछ ही देर बाद चली गई। इस संदर्भ में जिला डिप्टी डायरेक्टर अतेंद्र सिंह ने बताया कि कुर्सियां खाली नहीं थी, आप लोग लंच के बाद पहुंचे हैं इसलिए कार्यक्रम में अधिकतर कुर्सियां खाली दिख रही है। गांव में किसानों को सूचना देने के माध्यम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के लोगों द्वारा सोशल मीडिया से ग्रुप बनाकर किसानों को सूचित किया गया है।

अब इसे विभागीय अधिकारियों की लापरवाही कहें या विडंबना की सरकार के इतनी महत्वपूर्ण योजना का बिना प्रचार प्रसार किये ही कार्यक्रम के ऐन वक्त पर सोशल मीडिया के एक ग्रुप के माध्यम से सूचना देकर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरा कर लिया गया। इससे किसानों का कितना भला हो पायेगा यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।

## खेलों से बच्चों का शारीरिक मानसिक विकासः डॉ. राघवेन्द्र

**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पीजी कालेज प्रोफेसर राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। डॉक्टर पाण्डेय ने प्रतिभागियों का हौसला अफजाई किया। खो-खो प्रतियोगिता की बारीकियों को बताते हुए कहा कि खेल के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कैसे हुआ उसके बारे में भी प्रतिभागियों को बताया साथ ही प्रतियोगिता में जितने व हारने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष प्रतिस्पर्धा होती है। इसमें कोई भी टीम हारेगी या जीतेगी इसमें किसी को भी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए और सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रतियोगिता होनी चाहिए। उन्होंने फीता काटकर और टास करा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध कुल चार महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कई राउंड के प्रतियोगिता के उपरांत पी.जी. कॉलेज द्वितीय स्थान, मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज, जौनपुर तृतीय स्थान व पीजी कॉलेज मलिकपुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया पुरस्कार वितरण समापन के उपरांत किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य नियंता डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह, डॉक्टर एस.डी. सिंह, डॉक्टर सत्येंद्र नाथ सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार यादव, डॉक्टर अतुल कुमार सिंह, प्रोफेसर जी सिंह, डॉ. राम दुलारे, डॉक्टर मनोज कुमार मिश्र, अशोक कुमार सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संयोजक डॉक्टर मनोज कुमार मिश्र ने प्रतियोगिता के समापन पर सभी लोगों का आभार व्यक्त किया विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


पीजी कालेज के खेल मैदान में विजयी टीम को ट्राफी देते प्रो. राघवेंद्र कुमार पाण्डेय एवं अन्य।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल में क्रिसमस कार्निवाल

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** माउंट लिट्रा जी स्कूल में बच्चों को उद्यमिता, रचनात्मकता टीमवर्क और सहानुभूति जैसे कौशल को विकसित करने के लिए क्रिसमस-डे के मौके पर क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ निदेशक मोहित श्रीवास्तव ने किया। आधुनिकता के दौर में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण एवं लाभपरक शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी शैक्षिक संस्थान माउंट लिट्रा जी स्कूल में शनिवार को विद्यालय के बच्चों द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के खाद्य सामग्रियों को बहुत ही मनमोहक तरीके से बेचा गया। इस कार्निवाल में बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा बंबइया भेलपुरी, चाऊमीन, कटलेट ,मोमोस, चाट, छोले, समोसे जैसे खाने पीने की चीजों के साथ-साथ बच्चों द्वारा खुद की बनाई हुई तस्वीरें भी लगाई गई थी। जिसकी खरीददारी भी अभिभावकों द्वारा की गई। मौके पर सेंटा द्वारा उपस्थित सभी अभिभावकों एवं बच्चों को चॉकलेट एवं टॉफियां बांटी गई। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिवार हर्ष एवं जोश के माहौल में डूबा रहा। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी जमकर खरीदारियाँ की और विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की खूब सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डा. राजेश कारकून ने सभी का आभार व्यक्त किया।



बंधवा स्थित माउंट लिट्रा स्कूल में क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम में उपस्थित बच्चें।


कसेरा पोखरा स्थित सनशाइन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे के पूर्व संध्या पर सेंटा क्लाज में बच्चे।

### क्रिसमस सेलिब्रेशन में बच्चों बांटी में गई टाफियां

**जमानियाँ।** क्षेत्र के कसेरा पोखरा स्थित सनशाइन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 'क्रिसमस' की पूर्व संध्या पर 'मेरी क्रिसमस सेलिब्रेशन' का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने सेंटा क्लाज की वेशभूषा में टॉफियाँ बाटी तथा क्रिसमस ट्री हट आकर्षण का केन्द्र रहा। विद्यालय में 'एकल नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के मार्स हाउस, ज्यूपिटर हाउस, मर्करी हाउस और वीनस हाउस के बीच करायी गई। प्रतियोगिता तीन वर्गों में करायी गई, जो सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर श्रेणी में विभाजित थी। जिसमें सब जूनियर श्रेणी में चैतन्या सिंह कक्षा-2 अ वीनस हाउस प्रथम, प्रिया सिंह कक्षा-3 अ ज्यूपिटर हाउस द्वितीय, पल्लवी कक्षा-3 अ मर्करी हाउस तृतीय व जूनियर श्रेणी में अदिति श्रीवास्तव कक्षा-7 अ मार्स हाउस प्रथम, सौम्या वर्मा कक्षा-7 अ ज्यूपिटर हाउस द्वितीय, सुमेधा सिंह कक्षा-7 ब वीनस हाउस तृतीय तथा सीनियर श्रेणी में आकृति कुमारी कक्षा-9 ब मर्करी हाउस प्रथम, प्रिया सिंह कक्षा-11 ब मार्स हाउस द्वितीय, सिमरन वर्मा कक्षा-11 ब वीनस हाउस तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन सर्वानन्द सिंह, प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, प्रबन्धक अमित कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**गत दिनों वरिष्ठ कवि हरीश चन्द्र पांडेय के नये संग्रह 'कछार-कथा' का इलाहाबाद पुस्तक मेले में विमोचन हुआ। वे हमारे समय के महत्वपूर्ण कवि हैं। संग्रह की शीर्षक कविता यहां प्रस्तुत है)**




## कछार-कथा

कछारों ने कहा /हमें भी बस्तियां बना लो .../जैसे खेतों को बनाया, जैसे जंगलों को बनाया
लोग थे /जो कब से आंखों में दो-एक कमरे लिये घूम रहे थे /कितने-कितने घर बदल चुके थे फौरी नोटिसों पर
कितनी-कितनी बार लौट आए थे जमीनों के/टुकड़े देख-देख कर
पर ये दलाल ही थे जिन्होंने सबसे पहले कछारों/ की आवाज सुनी / और लोगों के हसरतों की भी थाह ली, उनकी आंखों में डूब कर
उन्होंने कछारों से कहा ये लो आदमी /और आदमियों से कहा ये लो जमीन
डरे थे लोग पहले-पहल /पर उन्हें निर्भय करने कई लोग आगे आ गए
बिजली वालों ने एकांत में ले जाकर कहा, यह/लो बिजली का कनैक्शन
जल-कल ने पानी की लाइनें दौड़ा दीं/नगरपालिका ने मकान नम्बर देते हुए पहले ही/कह दिया था/...जाओ मौज करो
कछार एक बस्ती है अब
ढेर सारे घर बने कछार में /तो सिविल लाइंस में भी कुछ घर बन गए /लंबे-चौड़े-भव्य
यह कछार बस्ती अब गुलो-गुलजार है
बच्चे गलियों में खेल रहे हैं /दुकानदारों ने दुकानें खोल ली हैं /डाक विभाग डाक बांट रहा है
राशन कार्डों पर राशन मिल रहा है /मतदाता सूचियों में नाम बढ़ रहे हैं
कछार एक सर्वमान्य बस्ती है अब
पर सावन-भादो के पानी ने यह सब नहीं माना/उसने न बिजली वालों से पूछा न जल-कल से/ना नगरपालिका से न दलालों से /....हरहराकर चला आया घरों के भीतर
यह भी ना पूछा लोगों से /तुमने तिनके-तिनके जोड़ा था /या मिल गया था कहीं एक साथ पड़ा हुआ /तुम सपने दिन में देखा करते थे या रात में
लोगों ने चीख-चीख कर कहा, बार-बार कहा/बाढ़ का पानी हमारे घरों में घुस गया है
पानी ने कहा मैं अपनी जगह में घुस रहा हूँ
अखबारों ने कहा /जल ने हथिया लिया है थल/अनींद ने नींद हथिया ली है
अब टीलों पर बैठे लोग देख रहे हैं जल-प्रलय
औरतें जिन खिड़कियों को अवांछित नजरों से बचाने /फटाक से बंद कर देती थीं
लोफर पानी उन्हे धक्का देकर भीतर घुस गया है /उनके एकांत में भरपूर खुलते शावरों के भी ऊपर चला गया है
जाने उन बिंदियों का क्या होगा /जो दरवाजों दीवारों शीशों पर चिपकी हुई थीं जहां-तहां
पानी छत की ओर सीढ़ियों से नहीं बढ़ा बच्चों की तरह फलांगते / न ही उनकी उछलती गेंदों की तरह टप्पा खाकर ...
अजगर की तरह बढ़ा /रेंगते-रेंगते, मकान को चारों ओर से बाहुपाश में कसते /उसकी रीढ़ चरमराते
वह नाक, कान, मुंह, रंध्र-रंध्र से घुसा /इड़ा-पिंगला-सुष्मन्ना को सुन्न करते
फिलहाल तो यह टीला ही एक बस्ती है / यह चिंताओं का टीला है एक / खाली हो चुकी पासबुकों का विशाल जमावड़ा है / उत्रृणता के लिए छ्टपटाती आत्माओं का जमघट है
यहां से लोग घटते जलस्तर की कामना लिए/बढ़ता हुआ जलस्तर देख रहे हैं
वे बार-बार अपनी जमीन के अग्रीमेंट पेपर टटोल रहे हैं / जिन्हे भागते-भागते अपने प्राणों के साथ बचाकर लाये थे।

**(गत दिनों काशी में युवा कवि अरबाज खान को रविशंकर उपाध्याय स्मृति पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। उनकी एक कविता यहां प्रस्तुत हैं)**

## क्या मैं मारा जाऊंगा?

मैं हर रोज खुदको समझाता हूँ/ मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं होगा/ कि मैं मार दिया जाऊं
बोटी-बोटी काट दिया जाऊं/ जला दिया जाऊं जिंदा ही / या गोलियों से छलनी कर दिया जाए मेरा जिस्म
लेकिन क्या कर सकूँगा अकेला/ जब मौत आँखों के सामने होगी/ सोचकर कांपने लगता हूँ ..
आखिर कसूर क्या है मेरा?/ या मेरे बाप-दादों का
मेरे दादा भूसा बेंचते थे/ गाय-ढोर पालते थे/ मेरे पापा सब्जी बेंचते हैं / मेहनत मजूरी से/ जब तक पढ़ाते बना/ मुझे पढ़ाया
अब जब उनके बस से बाहर हो गया/ मैं खुद ही स्कूलों में पढ़ाकर/ अपनी आगे की पढाई करता हूँ
पापा, बीडी- सिगरेट नहीं पीते/ मंडी की गाली-गलौंच/ मंडी में छोड़कर आते हैं
घर में एक गाली नहीं बकते/ ताकि हमारी तालीम सही हो
अम्मी सालभर में/ एक-दो जोड़ी कपड़ों से ज्यादा नहीं सिलवातीं/ ताकि स्कूलों की फीस भर सकें
अम्मी-पापा दोनों मिलकर/ खुली आँखों से सपनें देखते- दिखाते है
कि जब हम भाई झबहिनों की/ लग जाएगी सरकारी नौकरियाँ तो
जीत जायेंगे वे भी अपनी जिन्दगी की जंग/ भूल जायेंगे अबतक झेली सारी मुसीबतें
बहुत बेचैन होता हूँ कभी-कभी/ जब नामुमकिन लगने लगते हैं उनके सपने
अचानक परेशान करना शुरू करतीं हैं/ लाल-लाल आँखें
कहीं गाय मर जाती है/ कहीं बम फूट जाता है/कभी दंगे होने लगते है तो कभी
हिन्दुस्तान-पाकिस्तान के बीच मैच/ तब हर कहीं टकरातीं हैं लाल-लाल आँखें/ और कांपना शुरू करता हूँ मैं
कांपना शुरू करते हैं जाने कितने ही अरबाज/शिनाख्त करता हूँ लाशों की तो घबरा जाता हूँ
अपना ही चेहरा देखकर चकरा जाता हूँ/ कितने ही अरबाज कब्रों में दफ्न हैं
कितने ही काट-पीट दिए गये हैं/ कितने ही पागल हो गये हैं
कितने ही कांपते हैं मेरी तरह/ पूछते हैं एक ही सवाल कि/ क्या मैं मारा जाऊंगा?
मारा जाऊंगा इसलिए कि/ बच्चे के पैदा होने पर/ दी जाने वाली अजान/ मेरे कानों में भी पड़ी
मारा जाऊंगा इसलिए कि/ बोलना सीखते ही/मैंने भी कलमा पढ़ा
उड़ती चिड़िया के धोखे में/मेरा भी खतना हुआ
कि पापा की उंगलियाँ थामकर/मैंने भी मस्जिद जाना सीखा
यही मेरे कसूर होंगे वरना/ मैंने तो नहीं गिराए मंदिर/ मैंने तो नहीं बनवाईं मस्जिदें/ मैंने नहीं किया किसी का कत्ल/ मैंने नहीं लूटी किसी की अस्मत
न मैं गजनवी के साथ था/ न औरंगजेब को जानता हूँ/ न शिवाजी से दुश्मनी रखने की/ कोई जरुरत है मुझे
मेरी जरूरतें भी वही आम हैं/ रोटी, कपड़ा, मकान और थोड़ा- सा सुकून
लेकिन जब बार- बार कसौटियों पर कसा जाता हूँ/ परखा जाता हूँ/ अजीब- अजीब चश्मों से देखा जाता हूँ/ तो कांप जाता हूँ मैं
कांप जाता हूँ जब दो - चार होता हूँ/ अपने खिलाफ भरी गयी नफरतों से
कांप जाता हूँ/ जब इकट्ठी की जातीं हैं कुल्हाड़ियाँ/ पूजा होती है तलवारों की
भाषा बदल जाती है / ईश्वर के जयकारों की/ तो कांप जाता हूँ मैं
और अब तो पहले से ज्यादा कांप जाता हूँ/क्या.. यह कोई जंगल है/ जहाँ अकेले पड़ते ही मार दिए जाते हैं लोग
जिसकी दाढों में खून लगा हो/ वह चुना जाता है जंगल का राजा
जहाँ बोटी-बोटी खा जाने के लिए/ तैयार किये जाते हैं/ भेडिये और शिकारी कुत्ते
जहाँ कानों-कान खबर नहीं होती/ किसी के लुट जाने की/ जब देखता हूँ चारों ओर जंगल ही जंगल/ तो कांपने लगता हूँ...



## शहर दर शहर – प्रो.सदानन्द शाही



मेरा कोई स्थाई पता नहीं है/ बुद्ध के कुशीनारा से उठा / और भागा चला आया / राप्ती के तट पर
जहां गोरख की धूनी/ जाने कब से /धुधुआ रही थी
बहुत जरूरी था /कि कबीर और रैदास को बता दी जाय /यह बात
लिहाजा एक दोपहर /अचानक निकल पड़ा/राप्ती से गंगा की ओर
सारे तामझाम के बावजूद /कबीर और रैदास/उदास बैठे मिले /बनारस में /थोड़ी देर बैठकर/उनसे बतकही हुई
फिर उनका /एक जरूरी संदेश लेकर /निकल पड़ा/छत्तीसगढ़
खोज रहा हूं /गुरु घासीदास को /यहां वहां .../उनको देना है /कबीर का सनेसा
मैं बुद्ध की /रिडाइरेक्टेड चिट्ठी हूं/ जिसके पहुंचने के पहले ही /पाने वाले की बदली हो गई है
या फिर/ चिठिरसा हूं / संतों के नाम की/चिट्ठियां लिए/ भाग रहा हूँ / शहर दर शहर।

**(स्वाभाविकता रेणु के लेखन की विशिष्ट पहचान है . शिशु,बच्चा और किशोर जैसे विभाजन के खांचों में रेणु नहीं पड़ते हैं पर शिशु जीवन के वात्सल्य को वे बखूबी जानते हैं और समाज में शिशु अवस्था के प्रति अतिरिक्त प्यार का जो प्रसार है रेणु के साहित्य में उसकी भी झलक हमें मिलती है. 'मैला-आँचल' का एक प्रसंग देखिए-'कुमार नीलोत्पल की आज बरही है .सौर-गृह में,बारह दिन के शिशु की लंबी उम्र,सुंदर स्वास्थ्य, विद्याबुद्धि और धन-संपत्ति के लिए मंगलगीत गाए जा रहे हैं.डाक्टर जगा हुआ है...उसका रिसर्च? ममता कहती है, 'असफल नहीं हुआ है.मिट्टी और मनुष्य से इतनी गहरी मुहब्बत किसी 'लेबोरेटरी' में नहीं बनती.')**

# बाल छवियों के चितेरे रेणु

बीच- बहस



**दीना नाथ मौर्य**

फणीश्वरनाथ रेणु की पहचान हिंदी कथा साहित्य में आंचलिक कथाकार के रूप में है. इस पहचान के साथ ही रेणु हिंदी की दुनिया में पढ़े समझे जाते हैं. रेणु के समूचे साहित्य को देखें तो उसमें जीवन के अनेक प्रसंगों की सहजता के बीच बचपन की अनेक छवियाँ भी वहाँ दिखायी पड़ती हैं.रेणु के यहाँ यह दो रूपों में उपस्थित है.जिसमें से एक हैं उनका लिखा रचनात्मक साहित्य और दूसरा उनके अपने बचपन की कहानी. रेणु के साहित्य का एक बड़ा हिस्सा आत्मसाक्ष्य का है. जिसमें वे अपने जीवन के बीते हुए दिनों को बड़े ही रचनात्मक रूप से पुनः जीते हुए जान पड़ते हैं.आत्मसाक्ष्य का यह साहित्य एक तरह से स्मृतिकोश है.जिसके जरिए हम रेणु के अपने जीवन के अनछुए पहलुओं से परिचित होते हैं. स्मृति से गुजरते हुए उन्होंने अनेक कविताएँ भी लिखी हैं. रेणु की कविताएँ शब्द चित्र कथा के रूप में पाठकों के सामने उपस्थित होती हैं. 'नंदन' के फरवरी, 1973 अंक में छपी कविता 'मेरा मीत सनीचर' इसका उदाहरण है. रेणु की इस कविता में बचपन के दोस्त और गाँव की मधुर स्मृतियाँ हैं-'बहुत दिनों के बाद गया था, उन गाँवों की ओर/खिल-खिलकर हँसते क्षण/अब भी,जहाँ मधुर बचपन के/किंतु वहां भी देखा सबकुछ अब बदला-बदला-सा/इसीलिए कुछ भारी ही मन लेकर लौट रहा था.'

ज्ञानोदय 1968 के अक्टूबर में एक रेणु का एक साक्षात्कार प्रकाशित हुआ था.'रेणु रचनावली' के खण्ड-4 में संकलित इस साक्षात्कार में जब उनके गाँव गये सुवास कुमार ने रेणु से कहा कि ह्यसारिकाह्न में आपके पते के बारे में घोर अनिश्चितता पाकर मैं तो सोच बैठा था कि आप शायद यहाँ न हों! इस पर रेणु का जवाब है कि 'यह कैसे हो सकता है कि बुआई या कटाई के समय मैं गाँव न आऊँ? बचपन में ह्यसिरपंचमीह्न सरस्वती-पूजन-के दिन स्कूल में पूजा-स्थल से भी मैं और मेरे समवयस्क लड़के जल्दी ही घर और घर से खेत भाग आते थे,क्योंकि वर्षा आरम्भ के कारण उस दिन खेत में पहली बार हल्की मिट्टी से शुभस्पर्श कराया जाता था. मुझे वह दिन अब भी नहीं भूला है और इसलिए तो अब भी इस अवसर पर बच्चों की भांति कहीं से भी भागकर गाँव पहुँच जाता हूँ.' बचपन और गाँव जिस साहित्यकार के जेहन में इस कदर समाया हुआ हो वह भला बच्चों की दुनिया को कैसे छोड़ सकता है? बच्चे अपने परिवेश में किसी भी तरह के बनावटीपन के खिलाफ पहले विद्रोही होते हैं. अपने बड़े-बड़े केशों के साथ पहचाने जाने वाले रेणु बड़े ही रोचक तरीके से बालों के लंबे हो जाने की कहानी लिखते हैं. विहंगिनी, अप्रैल,1968, में प्रकाशित रेणु के बचपन का संस्मरण 'अथ बालकाण्डम' में रेणु ने लिखा है- 'जी नहीं,यहाँ बाल का मतलब वह नहीं है जो आप समझ रहे हैं. बाल माने केश .यों बाल मेरा बचपन से ही 'लाब्द-झाब्द' रहा है.पांच साल की उम्र तक, मेरे सर पर इमली के गुच्छे की तरह जटाएं लटकती थीं. 'बाबा मदनेश्वर' की मनौती! मुझे याद है,खूब धूमधाम के साथ मेरा 'मुंडन-संस्कार' हुआ था. लेकिन उस हँसी -खुशी के दिन मैं दिन भर रोता रहा था- बलिदान के 'छागल' की तरह! 'मुंडन के कई महीने बाद पहली बार नाई और कैंची और 'खुर' यानी अस्तुरा के नाम सुनते ही मैं घर छोड़कर- गाँव से बाहर किसी पेड़ की डाली पर जा बैठता...मेरे गाँव का बूढ़ा भैलाल हजाम! उसके मुँह और नाक से निकलनेवाली दुर्गंध को किसी तरह बर्दाश्त किया जा सकता था-सर झुकाकर. मगर, उसकी कैंची एक बाल को काटती और हजारों को जड़ से उखाड़ती थी.. अतः पहली हजामत के बाद से ही भैलाल की परछाईं देखकर ही भाग खड़ा होता! तीन-चार महीने के बाद कभी पकड़ा जाता.दो-तीन आदमी हाथ-पैर पकड़कर मुझे बेकाबू कर देते. कभी-कभी जमीन पर पटक देते.भैलाल कली कैंची के साथ मेरे मुँह से असंख्य अश्लील गालियाँ,आँख से घड़ों आँसू,नाक से महीनों की जमी हुई सर्दी.!

स्वाभाविकता रेणु के लेखन की विशिष्ट पहचान है . शिशु,बच्चा और किशोर जैसे विभाजन के खांचों में रेणु नहीं पड़ते हैं पर शिशु जीवन के वात्सल्य को वे बखूबी जानते हैं और समाज में शिशु अवस्था के प्रति अतिरिक्त प्यार का जो प्रसार है रेणु के साहित्य में उसकी भी झलक हमें मिलती है. 'मैला-आँचल' का एक प्रसंग देखिए-'कुमार नीलोत्पल की आज बरही है .सौर-गृह में,बारह दिन के शिशु की लंबी उम्र,सुंदर स्वास्थ्य,विद्याबुद्धि और धन-संपत्ति के लिए मंगलगीत गाए जा रहे हैं.डाक्टर जगा हुआ है...उसका रिसर्च? ममता कहती है, 'असफल नहीं हुआ है.मिट्टी और मनुष्य से इतनी गहरी मुहब्बत किसी 'लेबोरेटरी' में नहीं बनती.' रेणु की कहानियाँ बचपन के अनेक प्रसंगों से भरी हुई हैं. पहलवान की ढोलक का मुख्य पात्र लुट्टन की बचपन का असर उसके व्यक्तित्व पर किस तरह पड़ता है रेणु इसे रेखांकित करते हैं-'लुट्टन के माता-पिता उसे नौ वर्ष की उम्र में ही अनाथ बनाकर चल बसे थे.सौभाग्यवश शादी हो चुकी थी,वरना वह भी माँ-पिता का अनुसरण करता.विधवा सास ने पाल-पोसकर बड़ा किया.बचपन में वह गाय चराता,धारोष्ण दूध पीता और कसरत किया करता था.गाँव के लोग उसकी सास को तरह-तरह की तकलीफ दिया करते थे. लुट्टन के सर पर कसरत की धुन लोगों से बदला लेने के लिए ही सवार हुयी थी.नियमित कसरत ने किशोरावस्था में ही उसके सीने और बाहों को सुडौल तथा मांसल बना दिया था.जवानी में कदम रखते ही वह गाँव में सबसे अच्छा पहलवान समझा जाने लगा.'

रेणु की एक कहानी है 'आजाद परिंदे' पटना शहर के मजदूर बच्चों की कहानी है जिनकी दुनिया फुटपाथ पर अपना आकार लेती है. बच्चे छोटी से उमर के साथ दुनियावी समझ की तालीम अपने अनुभव से हासिल कर लेते हैं.उनका परिवेश उनकी परवरिश उन्हें जीवन की झंझावातों से बखूबी परिचित करा देती है.बड़ों के बीच उनकी अपनी सामाजिकता भी साथ-साथ निर्मित होती चलती है 'फरजन के मामू ने उस दिन फरजन को सजा दी थी-सुबह का नाश्ता बंद कर दिया था. हरबोलवा उसके लटके हुए मुँह को देखकर समझ गया था.यार को दिलासा देने के लिए उसने कहा था- ह्यअरे ,तेरा एक ही दिन नाश्ता बंद हुआ और इसी से तू हिम्मत हार गया? मेरा तो कभी-कभी दिन भर का खाना 'गोल' कर दिया जाता है. ऊपर से मार और गाली अलग...लो सुनो! मैं तुमको ह्यतीन मिनटह्न का माने बतलाता हूं.' बच्चों के जीवन की आर्थिक स्थितियां किस तरह उन्हें अपनी उम्र से ज्यादा समझदार बना देती है और जीवन की कटु सच्चाइयों के बीच वे जीने का रास्ता खोज लेते हैं. यह कहानी किशोर आयु वर्ग के बच्चों की है. जिनका अपना सामाजिक दायरा गली,मुहल्लों के बीच बनता है और फिर वहीं से वे खुद के लिए रास्ते निकालते हैं.

वातावरण के रूप में खुशी को व्यक्त करने के लिए किस तरह बच्चों की संगत जरूरी होती है रेणु इसे बखूबी जानते हैं तीसरी कसम,अर्थात मारे गये गुलफाम कहानी वैसे तो प्रेम के प्रसंगों के साथ आगे बढाती है जब हीरामन और हीराबाई के संवादों के बीच जब हीरामन की गाड़ी सड़क तेगछिया गाँव के बीच से निकलती है.गाँव के बच्चों ने परदे वाली गाड़ी देखी और तालियाँ बजा-बजाकर रटी हुई पंक्तियाँ दुहराने लगे 'लाली-लाली डोलिया में/लाली रे दुलहिनिया/पान खाये...!...हिरामन हँसा ...दुलहिनिया..लाली-लाली डोलिया! दुलहिनिया पान खाती है,दुलहा की पगड़ी में मुँह पोंछती है.ओ दुलहिनिया,तेगछिया गाँव के बच्चों को याद रखना. लौटती बेर गुड़ का लड्डू लेती आइयो.लाख बरिस तेरा दुलहा जीये ! कितने दिनों का हौसला पूरा हुआ है हीरामन का! ऐसे कितने सपने देखे हैं उसने !वह अपनी दुलहिन को लेकर लौट रहा है.हर गाँव के बच्चे तालियाँ बजाकर गा रहे हैं.हर आँगन से झाँककर देख रही औरतें.मर्द लोग पूछते हैं,'कहाँ की गाड़ी है,कहाँ जायेगी?' उसकी दुल्हिन डोली का परदा थोड़ा सरकाकर देखती है.और भी कितने सपने' गम अकेला हो सकता है पर खुशी हमेशा सार्वजनिकता में अपना विस्तार पाती है. रेणु इस बात को समझते हैं और दुल्हन की डोली के पीछे बच्चों का गाते हुये दौड़ लगाना और हीरामन का हीराबाई से यह कहना कि 'ओ दुलहिनिया, तेगछिया गाँव के बच्चों को याद रखना.लौटती बेर गुड़ का लड्डू लेती आइयो. बचपन के इस सम्मोहक दृश्य को जिसे रेणु ने कहानी में लिखा है. इस दृश्य को फिल्म 'तीसरी कसम' में बखूबी फिल्माया भी गया है. लोक की धुन के साथ बच्चों का गाड़ी के पीछे भागना दर्शकों को अपने बचपन में खींच ले जाने वाला दृश्य बन जाता है.



रेणु के साहित्य में आया हुआ बचपन उनके व्यावहारिक अनुभव की उपज है. रेणु ने जिस सहजता के साथ बचपन को समझा है और उसके जो भी बिंब उनके साहित्य में दिखाई पड़ते हैं उसमें कहीं भी 'आदर्श बच्चे' की कामना नहीं है. अपने बचपन के संस्मरणों से लेकर कहानियों और उपन्यासों तक में बच्चों की जिन छवियों का निर्माण उन्होंने किया है वह उस समाज का अभिन्न अंग बनकर सामने आया है.वे बच्चों की दुनिया में किसी तरह की नीति विषयक कल्पनाओं को जगह नहीं देते हैं. बचपन को उन्होंने समूचे परिवेश के परिप्रेक्ष्य में संदर्भवान बनाया है. वह चाहे उनकी स्मृति का अपना बचपन हो या फिर कहानी और उपन्यास में आया हुआ बचपन. स्वाभाविकता और सहजता रेणु साहित्य में चित्रित बाल छवियों का मूल्य बनकर आती है.

**(लेखक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं. संपर्क -9999108490)**

# डरो मत कवि ! यह शब्द मरते ही जी जाता है

सम्मान



**जगन्नाथ दुबे**

समकालीन हिन्दी कविता में गिने-चुने कवि ऐसे हैं जिनके पास खुद के द्वारा गढ़े गए मुहावरे और निर्मित की गयी भाषा है। एक खास किस्म की राजनीतिक शब्दावली और भंगिमा में भाषायी चमत्कार पैदा करके कविताई करने का शगल समकालीन हिन्दी कविता की पहचान सा बन चुका है। ऐसे में उन्हीं कवियों की कवितायें देर तक और दूर तक साथ चल पाती हैं जिन्होने श्रमपूर्वक अपने मुहावरे गढ़ने का काम किया है। बद्रीनारायण की कविताओं में उस श्रम को अलग से पहचाना जा सकता है। उनके लिए कविता करना फैक्ट्री में काम करने की तरह नहीं है। कविता यूं भी एक नाजुक विधा है। वह कोई ऐसा कारखाना भी नहीं है जिसमें हर रोज एक नई वस्तु बनकर निकलती रहे। कविता शमशेर के शब्दों में कहूँ तो 'रौ में आने वाली' कोई चीज है। वह प्रतिदिन उत्पादित होने वाली सामग्री नहीं है। बद्रीनारायण के कवि व्यक्तित्व से परिचित लोग जानते हैं कि उनके लिए कविता लिखना बेहद पवित्र कर्म करने जैसा है। जब ऐसे पवित्र कर्म को साहित्य अकादमी जैसा सम्मान मिले तो एक पाठक के रूप में खुश होना तो बनता है। यह खुशी इसलिए भी बढ़ जाती है कि जिस संग्रह 'तुमड़ी के शब्द' को यह सम्मान मिला है वह हिन्दी समाज में बेहद चर्चित और प्रशंसित रहा है। इस रूप में यह सम्मान हिन्दी समाज का भी सम्मान है। एक कवि के रूप में बद्रीनारायण उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जो 90 के हाहाकारी दौर में अपना कवि व्यक्तित्व निर्मित कर रही थी। 20वीं सदी का अंतिम दशक कई मायने में निर्णायक दशक है। भारतीय समाज, राजनीति, संस्कृति और अर्थतन्त्र की साझी संरचना ने 21वीं सदी के लिए जो रास्ता बनाया उसकी नींव इसी दशक में पड़ रही थी। तुमड़ी के शब्द समेत बद्रीनारायण के सभी कविता संग्रहों में इस पूरी परियोजना के पीछे छिपे शातिर दिमागों की चालाकियां तो अभिव्यक्त हुई ही हैं, हाशिये पर मौजूद जनों की आकांक्षाएँ भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ दर्ज हुई हैं। यानी बद्रीनारायण की कविता यात्रा अपने समकाल से गहन संवादी रिश्ता बनाकर चलते हुये प्रतिरोध के विकल्पों की तलाश करती हुई यात्रा है। 'खुदाई में हिंसा', 'शब्दपदीयम', 'सच सुने कई दिन हुये' और 'तुमड़ी के शब्द' इस यात्रा में पड़ने वाले पड़ाव की तरह हैं।

पिछले तीस वर्षों में भारतीय समाज,राजनीति और राष्ट्र-राज्य के ढांचे में जो बुनियादी बदलाव आए हैं बद्रीनारायण की कवितायें उनसे संवाद करती हैं। बद्री नारायण की कविता परिधि पर मौजूद व्यक्ति की निगाह से केंद्र को देखती है। इस निगाह में गोरखनाथ, कबीर, रैदास, धन्ना, पीपा और सेना जैसे संत कवियों की निगाह शामिल है। महात्मा गांधी, फुले और अंबेडकर जैसे जिम्मेदार सामाजिक आंदोलनों के अगुवा विचारकों की निगाह शामिल है। इस निगाह से देखने की यह परंपरा इतनी व्यापक तौर पर राजनीतिक एवं सांस्कृतिक है कि बकौल कवि इस पर एक पुराण लिखा जा सकता है। यह पुराण किसी राजकुमार के राजा बनने-बनाने का पुराण नहीं होगा। यह किसी युद्ध का पुराण भी नहीं होगा। हाँ,युद्ध में मार दिये गए लोगों का दुख इसमें जरूर शामिल होगा।

उसके दुख पर मैं लिखना चाहता हूँ
एक पुराण
अब तक के पुराणों से अलग
पुराणों के अर्थ को तोड़ता
छूट गए लोगों के दुखों की एक दास्तान!

यहाँ सहज जिज्ञासा पैदा होती है कि कौन लोग छूट गए हैं? कवि के बारे में बहुत पुरानी कहावत है कि जहां न पहुंचे रवि,वहाँ पहुंचे कवि। यानी जो कुछ भी नजर से ओझल है, उसे कवि देखता है। आकाश में उड़ती चिड़ियां में पीछे छूटी हुई चिड़िया, गायों के झुंड में छूटी हुई गाय, हिरण, भेड़ उसे दिखाई पड़ जाते हैं। विकास की गति और समाजीकरण की प्रक्रिया में बहुत से लोग छूटते रहे हैं। न उसे संगत यानि समाज का बंधु-भाव मिलता है और न ही साथ में बैठकर खाने का अवसर। संगत-पंगत और विकास से छूटा हुआ आदमी बद्री नारायण की रचनाशीलता में आता है। उनकी कविता में इन्हीं का दुख-दर्द है,इन्हीं की चिंताएँ हैं, उम्मीदें हैं, सपने हैं और उन्हे पूरा करने की कोशिश करने वाले लोग हैं। इन लोगों से भारतीय समाज और राष्ट्र-राज्य का जो लोकवृत्त बनता है, वही बद्री नारायण की कविताओं का भी लोकवृत्त है। उनकी कविताएँ अपनी परंपरा से संवाद करते हुए अपना समय-सच रचने वाली कविताएँ हैं।

कवि बद्री नारायण का यह संवादी व्यक्तित्व अपनी कविताओं में पुरखे कवियों में सबसे ज्यादा किसी से संवादी रिश्ता बनाता है तो वह कबीर हैं। कबीर अपनी पूरी सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के साथ बद्री नारायण की कविता में बार-बार आते हैं। 'भदोही बस स्टैंड पर', 'तुमड़ी का शब्द' और 'अमरपुर गाँव' ऐसी ही कवितायें हैं जिनमें कबीर की उपस्थिति एक प्रश्न की तरह दिखाई देती है। अगर आप बुद्ध,कबीर,रैदास, फुले, अंबेडकर और गांधी के पक्ष को ठीक से चिन्हित नहीं कर पाते हैं तो आप बद्री नारायण की कविताओं के पक्ष को भी ठीक से नहीं जान पाएंगे। ये पुरखे कवि, संस्कृतिकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता उनकी कविताओं की रक्त-मज्जा में गहरे तक पैबस्त हैं। संग्रह की पहली ही कविता है 'भदोही बस स्टैंड पर'। इस कविता में कवि कबीर से संवाद करते हुए अपने समय में कबीर को देखने की कोशिश करता है। कबीर भदोही बस स्टैंड पर खड़े हैं, कहीं और जाने के इंतजार में। कबीर जहाँ हैं वहाँ से(भदोही से) क्यों जाना चाहते हैं? क्योंकि :

ओस, धान की फुनगी, गेंहू के पौधों की डाली की चमक
और नदी का पानी
जिन सबसे मैं गढ़ रहा था
एक सुंदर चाँद
सब नीलम हो गया।



यह नीलामी क्यों हुई? इससे ज्यादा जरूरी सवाल है कि इस नीलामी पर सब चुप क्यों हैं? नीलामी से ज्यादा नीलामी पर चुप्पी से कबीर आहत हैं। एक और कविता है 'अमरपुर गाँव' नाम से। इस कविता में कबीर के साथ नानक, रैदास और अंबेडकर भी आते हैं।

वे चिंतित हैं कि
उन्होने जो बनाई थी लोकतन्त्र की चाभी
वह काम क्यों नहीं कर रही है
अंधेरा इतना बढ़ता जा रहा है कि
जो दीपक जलाए थे
वो हारते जा रहे हैं
जैसे जैसे गहरा रहा है लोकतन्त्र
असमानता की नई-नई कोटियाँ
बनती जा रही हैं।

अपने पुरखों की इस चिंता में कवि की चिंता भी शामिल है। वह बुद्ध से सवाल करता है 'हे बुद्ध! आपकी धरती पर यह जीवन की/ कैसी परिभाषा है?' जिसमें देशज विचार और गाँव मरने को अभिशप्त हैं। वह अपने समय के लोगों से गुहार लगाने की गुजारिश करता है। वह कहता है :

लगाओ गुहार
कि बच सके देशज विचार
और कहीं नहीं तो
गिरि-पर्वत जंगल झाड़ में ही
उनके भी पक्ष में चलाओ
एक हस्ताक्षर अभियान
कविगण! मेरे देश की शान

वह कहना यह चाहता है कि जिस अमरपुर के लोकतन्त्र की चाबी खो गयी है वह हमें इसी देशज विचार से मिलेगी। वह चाबी बुद्ध, गोरखनाथ, कबीर, फुले, गांधी और अंबेडकर के विचारों में मिलेगी। हमे बुद्ध,गोरख,कबीर,नानक,फुले,गांधी और अम्बेडकर के विचारों और चलना होगा। पाश ने कहा था 'बीच का रास्ता नहीं होता है' बद्रीनारायण को पढ़ते हुए ऐसा लगता है जैसे कह रहे हों दूसरा रास्ता नहीं है। तब सवाल है कि इस रास्ते पर चला कैसे जाये? बद्रीनारायण जैसे बहुत साफ तौर पर कहना चाहते हों कि वह रास्ता तो हमने दिखा ही दिया है। वह बुद्ध, कबीर, गांधी, अम्बेडकर और फुले का रास्ता है। देशज विचार का रास्ता। भारतीय समाज और संस्कृति की मूल-वृत्ति का रास्ता। जिस रास्ते धन्ना, पीपा, सेना बेगमपुरा चले गए वह रास्ता है अमरपुर जाने का। उसपर चलना इतना आसान नहीं है पर रास्ता तो वही है।

वे सचेत करते हैं कि भूमंडलीकरण और बाजार ने जिस गलबहियां पूँजीवाद को विकसित किया है उसकी अंतिम परिणति और भी भयावह होनी है। हम जिस पोस्ट-ट्रुथ समय में जीने को अभिशप्त हैं वह इसी गलबहियां पूँजीवाद द्वारा संरक्षित मीडिया का रचा हुआ समय है। इस सबके समानान्तर कवि का प्रतिरोध उसी के हथियारों से नहीं हो सकता। उसे अपने प्रतिरोध के लिए नए सूत्र तलाशने होंगे। सक्रिय राजनीति में यह चल सकता है कि आईटी सेल का जवाब आईटी सेल से दिया जाए,परस्पर विरोध-प्रतिरोध की भाषा एक जैसी हो लेकिन एक रचनाकार समाज में मौजूद प्रतिक्रियावादी ताकतों के खिलाफ उन्हीं के लहजे और भाषा में अपनी बात कहे, ऐसा सम्भव नहीं है। एक रचनाकार अपना प्रतिरोध अपनी प्रतिरोधी परंपरा और संस्कृति के मूल्यों को विकसित करके दर्ज कराता है। यहाँ राज्य, पूँजीवाद और सर्व-सत्तावाद के समानान्तर तुमड़ी प्रतिरोध का सबसे मजबूत रूपक साबित हुई है। यह तुमड़ी कबीर से लेकर मुक्तिबोध तक की कविता में अलग-अलग रूपाकार में अभिव्यक्त हुई है। बद्रीनारायण सिर्फ कवि होते तो और बात थी। वे समाज की दशा और दिशा को परखने वाले पारखी समाज-विज्ञानी भी हैं इसलिए तुमड़ी की ताकत को/जनता की शक्ति को ज्यादा प्रामाणिक ढंग से जानते हैं।

इससे अपमानितों को सम्मान मिलता है
मिलता है इसमें निचलों को उठान
इन्हीं शब्दों से गरीबों में जनमता है
ताज और तख्त हिलाने का स्वप्न
देखो कितने तोप, तीर, तलवार,
आरी, कटार, तने हैं इस शब्द पर
कई फूलों के बाण से
इसे मारकर खा जाने
में सिद्धहस्त
लगाए बैठे हैं घात

तब तुमड़ी पर गाने वाला भगैत कहता है - 'डरो मत कवि! यह शब्द मरते ही जी जाता है'। शब्द की सत्ता पर ऐसा भरोसा वही कर सकता है जिसे शब्दसत्ता की परंपरा और संस्कृति पर भरोसा हो। बद्रीनारायण की कविताओं में वह भरोसा मौजूद है। आने वाले समय में यह और गाढ़ा होता जाएगा इसी कामना के साथ प्रिय कवि को हार्दिक बधाई।

**(असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खैर, अलीगढ़- 6389003142)**

# कथा का पृष्ठ: खोये हुए मनुष्य की तलाश

मूल्यांकन



**भगवान स्वरूप कटियार**

लेखन की विधाओं में में दिलो-दिमाग पर असर डालने की दृष्टि से कविता की भूमिका अग्रणी रही है। कम शब्दों में बड़ी और असरदार बात कहने का दम कविता में ही होता है। कार्ल मार्क्स भी अपने लेखन की शुरूआत कविता से ही करते हैं जिसमें वह कहते हैं, हमें निठल्ले विमर्शों से भरी कलम घिस्सू जिन्दगी स्वीकार नहीं।' इसीलिए कविता को मनुष्यता की पहली शर्त भी कहा गया है। इस कथन के संदर्भ में लखनऊ के कवि, कथाकार उपन्यासकार वीरेंद्र सारंग की कविताएं सटीक बैठती हैं। उनकी कविताओं के तेवर बताते हैं कि उन्हें सृजन का एक लम्बा सफर तय किया है। अनुभव की परिपक्वता और सम्वेदना की गहराई उन्हें कवि और समृद्ध लेखक बनाती है। उनके पास अपने समय और समाज की पड़ताल करने की पैनी दृष्टि के साथ साथ धारदार वैचारिकी भी है। उनके अब तक छः कविता संग्रह, पांच उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें उनके लेखन के लिए महावीर प्रसाद द्विवेदी सम्मान, विजयदेव नारायण साही पुरस्कार, प्रेमचन्द स्मृति सम्मान, भोजपुरी अलंकरण एवं बालकृष्ण भट्ट सम्मान मिल चुका है ।

श्री सारंग जानते हैं कि कविता शून्य में नहीं रची जाती। समय का सामाजिक और राजनैतिक कोलाहल, विसंगतियों का संवेदनशून्य असहनीय दर्द किसी भी जिम्मेदार शख्स को लेखनी के जरिये प्रतिरोध की लड़ाई लड़ने पर विवश कर सकते है। सारंग जी के नये कविता संग्रह 'कथा का पृष्ठ' की खास बात यह है कि समय के सन्नाटे को तोड़ती हुई एक धीमी गूँज की तरह आती है और नयी भावनात्मक भूमि तैयार करती है। कवि सारंग और उनकी कविता में पारस्परिक संवाद चलता है और कविता कहती है कि मुझे गद्य में लिखो पर कविता का स्वभाव लय नहीं टूटना चाहिए। कविता खुश है कि वह अपना गद्य कह रही है और उसका कवि उसके साथ है।

सारंग जी अपनी कविता में सरल शब्दों में बड़ी गंभीर बात कह जाते हैं। वह कहते हैं, 'उधर देखो कविता ताप रही अलाव बह रही हवा के साथ / किसी बच्चे से होती हुई दादा झदादी तक पहुँचती है वह/ कविता का होना खुद का होना है झजिन्दा /जरूर मिलेगा जीवन /कविता का हाथ पकड़ो और मरने से बचो'(पाल्थी मारे बैठी है सामने)। उनकी ये काव्य पक्तियां कविता की जरूरत और उसके महत्व को रेखांकित करती हैं। आज के दौर के मनुष्य के दुःख दर्द की व्याख्या वह इस तरह करते हैं, 'बन गए घाव हृदय में इतने / कि बीत जाएगा जीवन सुखाते झसुखाते'(कुछ ऐसा ही) । सारंग जी निहायत खुले मन और बेबाक स्वभाव के खुश मिजाज व्यक्ति हैं। हंसना और हंसाना उनका स्वभाव है। लोक उनके खून में घुला है। जिसकी ध्वनि उनकी इन पंक्तियों में मिलती है, 'मैं लोकगीत गाता हूँ जिनको किसी ने नहीं लिखा / और अपनी चक्की में पीसता हूँ गेहूं भोर से सांझ तक' (मेरा वर्ष)। इसी कविता में वह लिखते हैं, 'मुझे पसंद है मिट्टी का स्वाद और गंध / मैं अपनी गाय की दुलत्ती खाता रहता हूँ / और उसके दूध से मैं जीत जाता हूँ बहुत कुछ।'

उनकी हर कविता में कुछ ऐसा तत्व जरूर मिल जाता है जो सोचने पर मजबूर करता है जैसे वह लिखते हैं, 'किताबें धीरे धीरे सिखाती हैं / और धीरे धीरे समझ आता है आदमी का चेहरा' ( धीरे धीरे )। सारंग जी एक मेहनतकश के सुख को किस तरह से महसूस करते हैं, 'आगे एक मोड़ पर एक नीम का पेड़ है / एक रिक्शेवाला छांह में बैठा है झयह सुख बेहतर है' (एक मोड़ पर)। अपनी 'एक बहस' कविता में वह लिखते हैं, 'तुमने कबीर को जाते देखा है ? /वह बनारस छोड़ चुके हैं / हाँ रैदास ? वह अभी भी संघर्ष कर रहे हैं / जूता पालिश कर रहे हैं।' इसी कविता में आगे वह लिखते हैं, 'वह खूब हंसने की कोशिश में रहता था / कि शांत होकर बुद्ध न हो जाय / वह झगड़ता रहता था / स्वरूप बदलता कोई पहचान न ले / कि यही लड़ा था बुद्ध से / और बाद में यही था कबीर से दुनिया से लड़ते हुए।' 'दृष्टि और सफर' कविता में वह लिखते हैं, 'लीक पर नाक की सीध चलना आसान है / टेढ़े रास्ते भी वहीं जाते हैं जहाँ सीधे रास्ते जाते हैं / सोचो वह टेढ़ा क्यों है ?'




सारंग जी अपनी कविता में अपना निजी दुःख भी कहते हैं' 'पत्नी चिढ़ती है / की जब देखो कागज कलम लेकर बैठ जाते हो / घर की फिकर किसे है जी।' अपनी एक कविता में वह लिखते हैं, 'जो मौलिक चिन्तन करते वे बेचैन नहीं रहते हैं / वे देखते हैं कि कौन लोग बेचैन हैं / इसलिए वे उनके लिए जरूरी हो जाते हैं।' इस प्रकार हम समझ सकते हैं कि वीरेंद्र सारंग के लेखन के सरोकार क्या हैं? उनके सरोकार देश, समाज और सामयिक घटनाए हैं जो उन्हें उद्वेलित करती हैं, जिसका इजहार वह अपनी अभिव्यक्ति के जरिये अपनी रचना में करते हैं। सारंग जी का लेखन पाठकों को आकर्षित करता है इसलिए वह पाठकों के बीच लोकप्रिय होते हैं। वह लगातार एक ऐसे मनुष्य की तलाश में रहते हैं जो ठहाके लगाये और अपने मित्रों को भी ठहाके लगवाये यानि निहायत खुश मिजाज इन्सान हैं सारंग जी। हम सब को उनसे बहुत उम्मीदें हैं ।

**( लेखक कवि एवं चिंतक हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# नगर पालिका व नगर पंचायत के नामांकन स्थल का किया गया निर्धारण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विशाल भारद्वाज ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 में जनपद के नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, सदस्य पदों का नामांकन निर्धारित स्थलों पर दाखिल किया जायेगा।

नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के अध्यक्ष पद हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व न्यायालय नवीन कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-31, सदस्य वार्ड सं0 1 से 5 तक हेतु तहसील सदर का दक्षिणी सभाकक्ष टेबल नं.-1, सदस्य, वार्ड सं. 6 से 10 तक हेतु टेबल नं.-2, सदस्य वार्ड सं. 11 से 15 तक टेबल नं.-3, सदस्य वार्ड सं. 16 से 20 तक टेबल नं.-4, सदस्य वार्ड सं. 21 से 25 तक टेबल नं.-5, नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के अध्यक्ष पद हेतु उप जिलाधिकारी सदर का न्यायालय कक्ष सं.-1, सदस्य वार्ड सं. 1 से 5 तक तहसील सदर का दक्षिणी सभाकक्ष टेबल नं.-6, सदस्य वार्ड सं. 6 से 10 तक टेबल नं.-7, सदस्य वार्ड सं. 11 से 15 तक टेबल नं.-8, सदस्य वार्ड सं. 16 से 20 तक टेबल नं.-9, सदस्य वार्ड सं. 21 से 25 तक टेबल नं.-10, नगर पंचायत जहानागंज बाजार के अध्यक्ष पद हेतु सहायक विकास अधिकारी पं. जहानागंज का कक्ष, सदस्य वार्ड सं. 1 से 8 तक खण्ड विकास कार्यालय जहानागंज का सभाकक्ष टेबल नं.-1, सदस्य वार्ड सं. 9 से 16 तक खण्ड विकास कार्यालय जहानागंज का सभाकक्ष टेबल नं.-2, नगर पालिका परिषद बिलरियागंज के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी सगड़ी कक्ष सं.-3, सदस्य वार्ड सं. 1 से 5 तक तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं-1, सदस्य वार्ड सं. 6 से 10 तक काउन्टर सं.-2, सदस्य वार्ड सं. 11 से 15 तक काउन्टर सं.-3, सदस्य वार्ड सं. 16 से 20 तक हेतु काउन्टर सं.-4, सदस्य वार्ड सं. 21 से 25 तक हेतु तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं.-5,




नगर पंचायत जीयनपुर के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार जीयनपुर कक्ष सं.-11, सदस्य वार्ड सं. 1 से 6 तक तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं.-6, सदस्य वार्ड सं. 7 से 11 तक तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं.-7, नगर पंचायत अजमतगढ़ के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार हरैया कक्ष सं.-12, सदस्य वार्ड सं. 1 से 6 तक तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं.-8, सदस्य वार्ड सं. 7 से 11 तक तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं.-9, नगर पंचायत महराजगंज के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार महराजगंज कक्ष सं.-13, सदस्य वार्ड सं 1 से 6 तक हेतु तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं-10, सदस्य वार्ड सं. 7 से 11 तक तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं.-11, नगर पंचायत निजामाबाद के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी, निजामाबाद, सदस्य वार्ड सं. 1 से 6 तक तहसील सभागार काउन्टर सं.-1, सदस्य वार्ड सं. 7 से 11 तक काउन्टर सं.-2, नगर पंचायत सरायमीर के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय तहसीलदार निजामाबाद, सदस्य वार्ड सं. 1 से 7 तक हेतु तहसील सभागार काउन्टर सं-3, सदस्य वार्ड सं. 8 से 13 तक काउन्टर सं.-4, नगर पंचायत फूलपुर के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी, फूलपुर कक्ष सं0-1, सदस्य (वार्ड सं0 1 से 5 तक) हेतु तहसील सभाकक्ष (कक्ष सं.-4) काउन्टर नं.-1, सदस्य वार्ड सं. 6 से 10 तक काउन्टर नं.-2, नगर पंचायत माहुल के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी, न्यायिक फूलपुर कक्ष सं.-12, सदस्य वार्ड सं. 1 से 6 तक लेखपाल सभाकक्ष कक्ष सं.-5 काउन्टर नं.-1, सदस्य वार्ड सं. 7 से 11 तक काउन्टर नं.-2, नगर पंचायत कटघर लालगंज के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी लालगंज, सदस्य वार्ड सं. 1 से 8 तक हेतु न्यायालय तहसीलदार लालगंज, सदस्य वार्ड सं. 9 से 15 तक न्यायालय नायब तहसीलदार सदर, लालगंज, नगर पंचायत मेंहनगर के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी, मेंहनगर कक्ष सं.-3, सदस्य वार्ड सं. 1 से 6 तक तहसील सभाकक्ष काउन्टर सं.-1, सदस्य वार्ड सं. 7 से 12 तक हेतु काउन्टर सं.-2, नगर पंचायत बूढ़नपुर के अध्यक्ष पद न्यायालय कक्ष तहसीलदार बूढ़नपुर, सदस्य वार्ड सं. 1 से 8 तक हेतु भूतल सभागार कक्ष तहसील बूढ़नपुर टेबुल नं.-1, सदस्य वार्ड सं. 9 से 15 तक भूतल सभागार कक्ष तहसील बूढ़नपुर टेबुल नं.-2, नगर पंचायत अतरौलिया के अध्यक्ष पद हेतु उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष बूढ़नपुर, सदस्य वार्ड सं 1 से 6 तक न्यायालय नायब तहसीलदार अतरौलिया टेबुल नं.-1, सदस्य (वार्ड सं. 7 से 11 तक न्यायालय नायब तहसीलदार अतरौलिया टेबुल नं.-2, नगर पंचायत मार्टीनगंज के अध्यक्ष पद हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी मार्टीनगंज, सदस्य वार्ड सं 1 से 8 तक हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार कोर्ट नं.-1, सदस्य वार्ड सं. 9 से 16 तक न्यायालय नायब तहसीलदार कोर्ट नं.-2 में नामांकन दाखिल किया जायेगा।

# जल जीवन मिशन के कार्य में लाये तेजी : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत हर घर जल योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि फेज वाइज बोरिंग, पाइप लाइन बिछाने के कार्य, पानी टंकी निर्माण एवं डीपीआर बनाने की कार्यवाही में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल कार्य पूर्ण होने के बाद एफएचटीसी का कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में जमीन उपलब्ध हो गई है, वहां पर सॉइल टेस्टिंग एवं बाउंड्रीवाल निर्माण के कार्यों को त्वरित गति से कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि जिस फेज में जमीन उपलब्ध हो गई है, उसका तत्काल डीपीआर बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां पर संबंधित उप जिलाधिकारी के साथ बैठक कर समाधान करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई बड़ी समस्या हो तो अवगत कराएं, ताकि समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि जो फिजिबल एवं एप्रोचेबल हैं, उसका तत्काल डीपीआर बनाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री आनंद कुमार शुक्ला एवं विभागीय अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

# थाना दिवस पर फरियादियों की सुनी समस्याएं

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद के विभिन्न थानों में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्या को सुना और उनका निराकरण किया।

**तरवां प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना प्रांगण में एसडीएम मेहनगर सन्त रंजन श्रीवास्तव व थाना प्रभारी बसंत लाल की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 13 प्रार्थना पत्र में 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र को राजस्व से संबंधित कर्मचारियों को समय सीमा के अन्दर निस्तारण के लिए दिया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक जावेद, उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, शान पाठक समस्त क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो उपस्थित रहे।


तरवां थाने पर सुनवाई करते एसडीएम मेंहनगर।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 9 राजस्व संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे एक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष 8 प्रार्थना पत्र संबंधित लेखपाल को प्रेषित कर मौके पर पहुंच कर ससमय निस्तारण का आदेश दिया गया। इसके पूर्व के 7 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जो पेंडिंग पड़े थे जिसका आज थाना प्रभारी के नेतृत्व में निस्तारण किया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक उमेश यादव, कांस्टेबल व महिला कांस्टेबल आदि मौजूद रहे।

**फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार सुशील कुमार एवं कोतवाल अनिल सिंह की देखरेख में सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 6 मामले आये, जिसमें 6 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर लेखपाल समरजीत यादव, वासुदेव यादव, सौरभ राय, नागेंद्र तिवारी, अजय पाण्डेय, अरबिंद यादव, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

**मुबारकपुर प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एसडीएम सदर ज्ञानचंद गुप्ता की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान 14 मामले आये जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम सभा डीह के अंतर्गत ग्राम सभा की 500 एयर भूमि पर जो कि एसटीएफ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत सुरक्षित है जिस पर गांव सभा के लोगों ने कब्जा कर लिया था जिसे थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अम्वीष सिंह ने भारी फोर्स की मौजूदगी में खाली कराया गया। इस अवसर पर चैकी प्रभारी राजीव कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अम्वीष सिंह, राजस्व निरीक्षक अमित कुमार पांडेय, विनय सिंह, खुशी सिंह, विनीत कुमार दुबे, शिव शंकर सिंह, शशि प्रकाश, प्रमोद कुमार सरोज आदि उपस्थित थे।

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार आज शनिवार को देवगांव कोतवाली प्रांगण में उप जिलाधिकारी सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में आठ वादकारियों द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गये जिसे संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित कर उप जिलाधिकारी लालगंज ने शीघ्र निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया। ओम प्रकाश यादव उर्फ पारस द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत बनने वाली पानी की टंकी के लिए जमीन चिन्हांकित करने के लिए एसडीएम से आग्रह किया गया।

इस अवसर कोतवाल देवगांव गजानंद चैबे, नायब तहसीलदार पंकज शाही, क्राइम स्पेक्टर रूद्रभान पांडेय, सीनियर सब इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार दुबे, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र कुमार यादव, लेखपाल अश्वनी सिंह, दिवाकर चैबे लालजी, संतोष सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, आशुतोष दुबे, सुषमा, जागृति, चंद्रशेखर यादव आदि उपस्थित रहे।

## अस्सी उपभोक्ताओं का काटा गया कनेक्शन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** विद्युत उपकेंद्र 33/11 फूलपुर अंतर्गत नगर सहित ग्रामीण अंचल में दो टीम बनाकर विद्युत बकायादारो के खिलाफ विद्युत बिच्छेदन की कार्यवाही शुरू की गई। अवर अभियंता नगर निखिल शेखर सिह विद्युत लाइन मैन मीटर रीडरों के साथ जहां नगर के मेजवा शबाना आजमी रोड गल्ला मंडी में पन्द्रह से अधिक बकायादारो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए विद्युत बिच्छेदन की कार्यवाही की गई वही अवर अभियन्ता ग्रामीण मनीष कुमार द्वारा खुरासो उद्पुर कोडिया आदि गांवों में विद्युत बिल जमा न करने वालो के खिलाफ विद्युत बिच्छेदन की कार्यवाही में 65 विद्युत बकायादारो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही कर विद्युत केबल उतरवाकर विद्युत उपखण्ड कार्यालय जमा कराया गया। चेकिंग अभियान में पंकज, आशीष, रमाकांत, राजकुमार, रूपेश राय, अंगद, समारू पांडे सहित कई लोग उपस्थित रहे। अन्य रहे। उपखण्ड अधिकारी विद्युत फूलपुर विनोद कुमार ने बताया कि 25 दिसम्बर को भी कार्यालय खुले रहेंगे। विद्युत बिलो के संसोधन व बिल जमा करने का कार्य किया जाएगा।

## आल्टो व ऑटो में आमने सामने टक्कर, छात्रा घायल


मौके पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़।

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज मुख्य सड़क पर जैगहां बाजार के पास शनिवार की सुबह ऑटो और अल्टो कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दुर्घटना में अल्टो वाहन पर सवार लोग बाल-बाल बच गये, जबकि ऑटो में बैठी एक छात्रा के पैर में गंभीर चोटें आईं। बाकी लोगों को थोड़ी बहुत चोट आई छात्रा को उसके परिजनों द्वारा ईलाज हेतु जिला अस्पताल सदर भेज दिया गया।

बाजारवासियों ने बताया कि सुबह बिलरियागंज-आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर जैगहां बाजार के पास आजमगढ़ की तरफ से आ रही एक अल्टो कार बस को ओवरटेक कर रही थी कि अचानक बिलरियागंज से आजमगढ़ की तरफ जा रही ऑटो में आकर भीड़ गई। इस टक्कर में ऑटो में बैठी छात्रा रूपा प्रजापति 24 पुत्री हीरालाल प्रजापति ग्राम चिन्हाटी थाना बिलरियागंज के पैर में चोट आ गई और सभी यात्री बाल बाल बच गये। ग्रामीणों ने बताया कि घायल छात्रा डीएवी कॉलेज में एमएससी की छात्रा है और सुबह ऑटो से कॉलेज जा रही थी सूचना मिलते ही बिलरियागंज थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर ऑटो रिक्शा तथा अल्टो गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिये।

## योग शिविर का हुआ आयोजन

**आजमगढ़।** जिले के सिंघासिनी वाटिका में शिल्प अनुसंधान एवं विकास संस्थान पतंजलि योग शिविर भी संपन्न कराया गया। यज्ञ को आचार्य अमरनाथ शर्मा गुरुजी द्वारा विधिवत पूजा पाठ कराया गया। वहीं संगीत कार्यक्रम में भजन का आयोजन किया गया। संयोजक रजनीश विश्वकर्मा, व्यवस्था संयोजक दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता शशिकान्त विश्वकर्मा, मोनू विश्वकर्मा, पूजन की जिम्मेदारी आचार्य अमरनाथ शर्मा गुरूजी व श्यामा प्रसाद शर्मा ने निभाई। संगीत व विचार प्रस्तुति डा.जेआर विश्वकर्मा तथा श्रीराम भार्गव व डा.जेएल राजभर बनाये गये। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डा.राजेश विश्वकर्मा रहे। अतिथि के रुप में पूर्व राज्य मंत्री डॉ. कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, जय नाथ सिंह, ध्रुव सिंह, महेंद्र विश्वकर्मा, प्रो.एसपी विश्वकर्मा, विनोद कुमार विश्वकर्मा, प्रो.बिंदु कुमार, भरत लाल शर्मा, सुनील विश्वकर्मा, उषा विश्वकर्मा, मनीषा विश्वकर्मा, सरोज विश्वकर्मा, कल्पना विश्वकर्मा, अनीता शर्मा, सुनीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# सेंटा क्लॉज ने बच्चों को बांटा उपहार

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** एलवल स्थित सेंटजेवियर्स हाई स्कूल प्रांगण में 'क्रिसमस डे' की पूर्व संध्या पर विद्यालय के होनहार एवं प्रतिभासंपन्न छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभु ईशु के जन्मोत्सव पर आधारित लघुनाटिका प्रस्तुत की गयी। तत्पश्चात छात्रों ने सेंटाक्लाज की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। लघुनाटिका के माध्यम से बच्चों ने प्रभु ईशु के जीवन पर आधारित प्रमुख घटनाओं को दशार्या तथा सामूहिक गीत एवं नृत्य के माध्यम से उन्हें याद किया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में सेंटाक्लाज का आगमन हुआ जिन्हें देखकर बच्चों में अत्याधिक उल्लास एवं उत्साह दिखा और अपनी तालिओं की गूँज से उनका स्वागत किया। सेंटाक्लाज ने बच्चों को अपनी झोली से निकालकर विभिन्न प्रकार के उपहार वितरित किया जिसे पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। सेंटाक्लाज के साथ-साथ एक बाल सेंटाक्लाज बच्चों में आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत चंद्रा एवं प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव, उपप्रधानाचार्या, ने प्रभु ईशा मसीह के व्यंतित्व एवं उनके प्रमुख मानवीय आदर्शो को याद दिलाते हुए सभी को क्रिसमस दिवस की शुभकामनाएं दी।

साथ ही साथ कोरोना के नए वैरिएंट से बचाव के लिए सावधानी बरतने का सुझाव भी दिया।


सेंटजेवियर्स स्कूल में बच्चों को उपहार देते सेंटाक्लाज।

### क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बच्चों में स्टेशनरी वितरित

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** प्राथमिक विद्यालय चक बिलिन्दा पर बच्चों को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर मूंगफली, पेंसिल, रबर, कटर, कापी, गुब्बारा, चांदा, स्केल आदि का वितरण किया गया। उपहार पाकर बच्चे प्रसन्न नजर आये। छात्रो के अलावा रसोइयों को साड़ी दी गयी। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता साइलेस ने कहा कि बड़ा दिन खुशियों का त्यौहार है। इसमें सभी एक दूसरे को उपहार देते हैं यानि आपस मे खुशियाँ बांटते हैं, यही जीवन का उद्देश्य है। बच्चों से बढ़कर कोई पूंजी नहीं है और बच्चों की खुशी में सभी दुख दूर हो जाते हैं। विद्यालय ही मेरा परिवार है।

# चादरपोशी कर मांगी अमन चैन की दुआ

उर्स

## अकीदत के साथ मनाया गया उर्स-ए-पाक

जनसंदेश न्यूज

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** रेशमी नगरी मुबारकपुर व सठियांव रोड स्थित दीनी तालीम के लिए विश्व प्रसिद्ध संस्था अल्जामिअतुल अशरफिया के संस्थापक सूफी हजरत अल्लामा शाह अब्दुल अजीज मुहद्दिस मुरादाबादी का दो दिवसीय उर्स बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया। इसमें देश प्रदेश के जायरीनों ने भाग लिया और हाफिज-ए-मिल्लत अलैहिर्रहमा की मजार पर पहुंचकर चादर पोशी व गुलपोशी कर अपने कारोबार की तरक़्की व देश प्रदेश की खुशहाली व अमन चैन की दुआएं मांगी।

उर्स के पहले दिन शनिवार को बाद नमाजे फज्र कुरआन ख्वानी व फातेहा ख्वानी का आयोजन किया गया। बाद नमाज जोहर हाफिज-ए-मिल्लत अलैहिर्रहमा के आवास से जानशीन-ए- हाफिजे मिल्लत हजरत मौलाना शाह अब्दुल हफीज साहब व उलमाए मशाएख के नेतृत्व में बड़े अकीदत व एहतराम के साथ दर्जनों चादरों का जुलूस निकाला गया जिसमें क्षेत्र की आधा दर्जन धार्मिक अंजुमनों ने हुजूरे-ए हाफिजे-ए मिल्लत की शान में मनकबत ख्वानी व नात ख्वानी का नजराना पेश कर बारगाहे हाफिज-ए-मिल्लत में खिराजे अकीदत पेश किया। जुलूस अपने निर्धारित रास्तों से गुजरता हुआ अरबी विश्वविद्यालय पहुंचकर हाफिज-ए-मिल्लत की मजार पाक पर उलमाए मशाएख के हाथों चादरपोशी कर संस्था की तरक्की के साथ ही देश प्रदेश की खुशहाली एवं अमन चैन की दुआएं मांगी गयी।


हाफिज-ए-मिल्लत अलैहिर्रहमा की मजार पर चादर पोशी करते जायरीन।

### उर्स में सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

मुबारकपुर (आजमगढ़)। उर्स हाफिज -ए- मिल्लत सकुशल सम्पन्न कराने की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी राजीव कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। चादरों के मेन जुलूस के साथ पुलिस फोर्स साथ साथ चलती रही। संस्था के मेन गेट पर पुलिस कैम्प बनाया गया था जहां पर्याप्त फोर्स अलर्ट मूड में देखी गयी। थाना प्रभारी एंव कस्बा चैकी प्रभारी लगातार रोडवेज से संस्था परिसर तक चक्रमण करते रहे ताकि किसी भी जायरीनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो सके।

## जरूरतमंदों को एसडीएम ने बांटा कम्बल

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील प्रांगण में शनिवार को उपजिलाधिकारी रवि कुमार ने कम्बल बांटा गया। सर्दी के प्रकोप को देखते हुए गरीब असहाय वृद्धजनों को शासन के निर्देश पर निजामाबाद तहसील में उपजिलाधिकारी द्वारा कंबल बांटा गया। तहसील के सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 230 गरीब एवं बेसहारा लोगों के कंबलों का वितरण किया गया। उपजिलाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश है सर्दी से बचाने के लिए गरीबों एवं बेसहारा लोगों की मदद करना आवश्यक है। इसलिए तहसील में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, 230 कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज यादव, रणविजय राय, संतोष गोंड, पंकज राय, गगन कश्यप आदि मौजूद रहे।



## शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व्यापारियों ने मनायी स्वर्ण जयंती

**आजमगढ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूरा होने पर शनिवार से स्वर्ण जयंती वर्ष आरम्भ हो गया।


रैदोपुर त्रिमुहानी पर स्वर्ण जयंती की खुशी मनाते व्यापारीगण।

इस उपलक्ष्य में जनपद में दीपोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान व्यापारियों ने नगर के त्रिमुती तिराहे पर दीप जलाया और खुशियां मनाई।

शनिवार की शाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारी नगर के त्रिमूत्री तिराहे पर पहुचे। यहां व्यापारियो ने देश के वीर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हे याद किया। और स्वर्ण जयंती की शुरूआत दीपोत्सव के साथ की। इस दौरान व्यापारियों ने 1100 दीप जलाकर स्वर्ण जयंती की खुशिया मनाई। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने कहा कि शनिवार को पूरे प्रदेश में दीपोत्सव मनाकर स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का आगाज हुआ है। व्यापार मंडल को प्रारंभ हुए 50 वर्ष हो गए हैं इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष में पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। यह वर्ष व्यापारियों के लिए काफी खुशी व उल्लास का वर्ष है। इस मोके पर सन्त प्रसाद अग्रवाल, राहुल गोयल, प्रदीप अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मयंक गुप्ता, संतोष चैहान, सुरेश शर्मा, पीयूष अग्रवाल, अरविन्द कुमार, मनोज अस्थाना, राजन उपाध्याय, राज कुमार डीपी तिवारी, अशोक सोनकर, दुर्गा प्रसाद अस्थाना, अरविन्द बरनबाल, मुंशी, आभा अग्रवाल, अनुपमा तिवारी, पूनम तिवारी, शालनी अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बच्चों ने जानी चीनी मिल की बारीकियां




**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज ब्लाक अंतर्गत विज्ञ्मन आविष्कार प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का एक्स्पोजर विजिट ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलरियागंज से सठियांव चीनी मिल हेतु खंड शिक्षा अधिकारी डॉली मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को सठियांव चीनी मिल की मशीनें, मिल का सिस्टम, मिल की सारी व्यवस्था दिखाई गई। मशीन द्वारा गन्ने की कैसे पेराई की जाती है, चीनी कहां से बनकर निकलती है। सठियांव चीनी मिल का सारा सिस्टम देखकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बिलरियागंज ब्लॉक के सारे विद्यालयों को मिला कर प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले लगभग कुल 29 बच्चे थे। वहां के चीफ इंजीनियर द्वारा बच्चों को ढेर सारी जानकारी दी गई। बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ में संजय कुमार सिंह एआरपी, महेंद्र पुरी एआरपी, ज्ञान शंकर राय, रामबदन यादव एसआरजी, हरीनाथ, निधि राय आदि बच्चों के साथ गए हुए थे।

### एसपी ने किया स्व.मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण




**आजमगढ़।** आधुनिक हिन्दी नाटक के जनक एवं भारतीय साहित्य के निमार्ता महाकवि स्व. पंडित लक्ष्मी नारायण मिश्र की 115वीं जयंती पर पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आधुनिक हिन्दी नाटक के जनक एवं भारतीय साहित्य के निमार्ता महाकवि स्व. पंडित लक्ष्मी नारायण मिश्र की 115वीं जयंती पर परंपरागत तरीके से नगर पालिका तिराहे पर स्थित पंडित जी के स्मृति उद्यान में मनाई गई। इस दौरान प्रतिमा पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित लोगों ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में पंडित जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की गई।

### अनिल को जिलाध्यक्ष बनाये जाने से हर्ष



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** निषाद पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल निषाद को जिला संयोजक बनाए जाने पर पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। निषाद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करते आ रहे जिलाध्यक्ष अनिल निषाद को निषाद पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष और आजमगढ़ मंडल के सह प्रभारी को आजमगढ़ जिले का जिला संयोजक बनाया गया है जिसको लेकर पार्टी के कार्यकताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। पार्टी कार्यकताओं ने बताया कि निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष रहते हुए अनिल निषाद ने पार्टी को मजबूती देते हुए निषाद समाज तथा गरीब समाज के उत्थान के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग करते हुए हमेशा लोगों के सुख दुख में साथ खड़े रहे। पार्टी द्वारा जिला संयोजक के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है जिसका पार्टी के सभी लोग समर्थन करते हैं तथा जल्द से जल्द एक स्वागत समारोह के आयोजन के साथ ही अतरौलिया नगर पंचायत तथा बूढ़नपुर नगर पंचायत के निषाद पार्टी द्वारा अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया जाएगा।

### डॉ.रूपेंद्र के चयन से हर्ष



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के विकास खंड अजमतगढ़ के मोलनापुर गोड़ारी गांव निवासी डॉ.रूपेन्द्र ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बैंगलौर में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता गुरुजनों मित्रों व शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उनके चयन पर क्षेत्र की जनता ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### महान विभूतियों को किया याद



**आजमगढ़।** बाबा साहेब भीमराव डॉ. भीमराव अंबेडकर संविधान निवारण दिवस, पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के स्मृति दिवस व इं.राम नयन शर्मा के देवलोक गमन दिवस पर भगवान विश्वकर्मा पूजन उत्सव व महायज्ञ का आयोजन शहर के सर्फुद्दीनपुर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के सामने सिंघासिनी वाटिका में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-पाठ और यज्ञ के उपरांत प्रसाद वितरण व भंडारा किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन व गायन राकेश विश्वकर्मा, मनीषा विश्वकर्मा, राजेश रंजन द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस दौरान परिसर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर व योग का आयोजन किया गया।

### आसुरी शक्तियों के नाश हेतु अवतार लेते हैं भगवानः सर्वेश



**आजमगढ़।** शहर से सटे पठखौली गांव में ओमकारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव के चैथे दिन भगवान के जन्म का क्या कारण था, इस पर चर्चा की गई। कथावाचक सर्वेश जी महाराज ने रामचरित मानस की चैपाई का उदाहरण देते हुए कहा कि, जब-जब होय धर्म के हानि, बाढ़े असुर अधम अभिमानी, तब तब प्रभु धरि विविध शरीरा, हरहिं सदा भव सज्जन पीरा। अर्थात जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है, तब अधिकांश मनुष्यों के अन्दर से धर्म का लोप हो जाता है, भगवान के भक्त सताए जाते हैं। तब-तब भगवान अलग-अलग रूपों में अवतार लेकर आसुरी शक्तियों का विनाश करते हैं और धर्म की स्थापना कर स्वयं स्वधाम चले जाते हैं, यही प्रभु की लीला है। कथावाचक सर्वेश जी महाराज ने कहा कि भगवान राम का भी जन्म इसी प्रयोजन को लेकर हुआ था। उस समय भी आसुरी शक्तियों का प्रभाव धरती पर काफी बढ़ गया था। भगवान श्रीराम ने धरती पर जन्म लेकर सारी आसुरी शक्तियों का वध किया और धर्म की स्थापना की। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के रूप में वह फिर तब अवतार लिये, जब धरती पर आसुरी शक्तियों का फिर से प्रभाव बढ़ा। उन्होंने सारी आसुरी शक्तियों का वध किया और धर्म का राज्य स्थापित हुआ।

# थाने और तहसील का फरियादियों को बार-बार न लगाना पड़े चक्कर

**समाधान दिवस**

## थाना दिवस पर बोलीं डीएम अपनी क्षमता का करें प्रयोग

## थाना दिवस पर डीएम और एसपी ने सुनी लोगों की समस्या

जनसंदेश न्यूज



लालगंज में समस्या का समाधान करतीं डीएम व एसपी।

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि फरियादियों को बार-बार थाना एवं तहसील का चक्कर न लगाना पड़े एक ही समस्या को लेकर कई बार थाने में ना पड़े इसके जिम्मेदार लेखपाल हैं।

उन्होंने कहा कि धारा 24 की पक्की पैमाइश पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए। कहा कि पट्टेदारों को पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने लेखपालों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सबका काम अच्छा है आप अपने कार्य को मन लगाकर करिए। निश्चित रूप से फरियादियों की समस्या का समाधान होगा यदि आप लोग चाह लेंगे तो फरियादी को थाने और तहसील का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। समाधान दिवस में मौजा राजापुर निवासी सूरज मनि पुत्र सीताराम ने पत्र देकर आरोप लगाया कि विपक्षी द्वारा जबरदस्ती मेरी भूमि पर चक मार्ग बना रहा है। महअट निवासी धर्मेंद्र पुत्र लल्लू ने आरोप लगाया कि मेरी भूमिधरी भूमि पर विपक्षी द्वारा कब्जा किया जा रहा है। दिघुली निवासी चंद्रमणि ने पत्र देकर आरोप लगाया कि दिघुली में सुरक्षित मेला भूमि में अवैध निर्माण किया जा रहा है। सभी मामलों को निस्तारण करने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस एवं राजस्व टीम बनाकर निस्तारित कर समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिए।

इस अवसर तहसीलदार शशांक शेखर राय, नायब तहसीलदार मधु जैन, थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया, उप निरीक्षक इमरान, विधायक प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल मौजूद रहे।

# माडल जंक्शन के रूप में विकसित किया जाएगा चुनार : महाप्रबंधक

## रेल महाप्रबंधक ने किया चुनार स्टेशन का निरीक्षण

**चुनार।** रेल महाप्रबंधक उ0म0 रेलवे सतीश कुमार ने शनिवार को जंक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने टिकट काउंटर, रनिग रूम, यात्री प्रतिक्षालय एवं बनाये जा रहे पैदल यात्री पुल को देखा और तैयारी की जानकारी ली। कार्य से जुड़े अधिकारी ने बताया गया कि फरवरी तक पुल तैयार करने का समय सुनिश्चित है। पुल के लिए बनाये जा रहे पीलर की ढलाई गडबड देख नाराजगी जताई और उसे दुरस्त कराये जाने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। टिकट काउंटर पर यात्रा करने के लिए मौजूद यात्रियों से भी बातचीत कर जानकारी हासिल किया कि उन्हें कोई दिक्कत परेशानी तो टिकट लेने के दौरान नही हुई। जिस पर यात्रियों ने संतुष्टी जतायी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री प्रतिक्षालय, रनिंग रूम व प्लेटफार्म नंबर चार पांच को देखा। इसके बाद वह हाट बाक्स डिटेक्टर कक्ष की जांच पड़ताल किया। और गाड़ियों के क्रास चेक के लिए स्थानीय अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही प्लेटफार्म नंबर चार पांच पर लगे पत्थर के चौकों को हटाकर फर्श बनाया जाएगा। चुनार जंक्शन मंडल का महत्वपूर्ण जंक्शन है इसे माडल जंक्शन के रूप में विकसित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक मोहित चन्द्रा, प्रधान मुख्य अभियंता एस0के0केशरवानी, वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय एस0के0 प्रजापति, सीनियर डीसीएम शशि भूषण, सीनियर डीएसटी दिलीप राजपूत वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता हिमांशु, स्टेशन अधीक्षक मेजर सिन्हा आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम को जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर किया गया याद

**मीरजापुर।** विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़ियाकला में शनिवार को क्रिसमस डे मनाया गया और साथ ही साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को भी उनके जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने अपने भाषण से किया जिसमें उन्होंने बच्चों को क्रिसमस मनाए के उद्देश्य और अटल जी के जीवन के संस्मरण बताया और साथ ही साथ इन महापुरुषों के जीवनचारित से शिक्षा लेने को सीख दी। बच्चों ने इस अवसर पर स्वागत गीत, भाषण, जिंगल बेल और छन छन घंटी बजती है गीत पर नृत्य, क्रिसमस कैरोल और विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत स्कूल के छात्र।

साथ ही साथ छोटे बच्चों ने क्रिसमस ट्री, संता इत्यादि भी बना कर पूरे विद्यालय प्रांगण को सजा दिया। कार्यक्रम का संयोजन महिमा भारद्वाज, अल्पना श्रीवास्तव, किशन पांडेय और सरिता गुप्ता ने किया। संचालन विक्कू बरनवाल और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य शैल तिवारी ने दिया। इस दौरान आलोक सिंह, मनोज यादव, अंकित श्रीवास्तव, संजीव दुबे, प्रवीन सिंह इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया।

## डीडीओ की अध्यक्षता में एक्जिट की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय की अध्यक्षता में विकास खण्ड सीटी के सभागार में एक्जिट मीटिंग की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में सोशल आडिट वर्ष 2022-23 के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मनरेगा योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त बैठक में विकास खण्ड सीटी के पप्पू मोदनवाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, सौरभ गौड़, ग्राम पंचायत अधिकारी, तरूण कुमार भारती, ग्राम विकास अधिकारी एवं अनूप दूबे, ग्राम पंचायत अधिकारी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों का शनिवार का वेतन अवरूद्ध करने की कार्यवाही की गयी। कुल 26 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत तीनों किस्त की धनराशि अवमुक्त हो जाने के उपरान्त भी लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण पूर्ण नही कराया गया है तथा किसी भी आवास का छत नही पड़े होने की सूचना ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर द्वारा दी गयी। बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत सचिवों से तत्काल आवास पूर्ण कराने अथवा लाभार्थियों से अवमुक्त धनराशि वसूली की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

# गंगा घाट रैपुरिया का पीपापुल समय से चालू नहीं होने पर आक्रोश

**रोष**

## ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**अदलहाट।** नरायनपुर के रैपुरिया गंगा घाट स्थित पीपा पुल मार्ग समय से चालू नही होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने रैपुरिया घाट पर शनिवार को प्रदर्शन कर पीपापुल चालू किये जाने का मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रिय लोगों के अथक प्रयास व चुनार विधायक के सहयोग से पिछले वर्ष पीपापुल मार्ग का शुभारंभ हुआ था। नियमानुसार बरसात के पूर्व पीपा पुल को हटा कर आवागमन बंद कर दिया गया था। जिसे नवम्बर माह में ही पुनःचालू हो जाना चाहिए था। उक्त पीपापुल से आवागमन से क्षेत्रिय लोगों को धूल धुआं व जाम से राहत मिलने के साथ समय की भी बचत होती थी। बरसात के बाद पीपापुल पुनः चालू नही होने पर लोगों मे आक्रोश ब्याप्त हो गया है। प्रदर्शन करने वालो में विजय प्रजापति, गुलाब दास साहनी, रामबाबू निषाद, अनिल मौर्या, छागुर पटेल, बृजेश पटेल, टनमन साहनी आदि लोग रहे। वही क्षेत्र के प्रभाल सिह, गोबिंद शंकर ओझा, बाबा बिन्देश ओझा, शिव जायसवाल आदि लोग रहे। पीपीपुल चालू नही किये जाने के सम्बंध मे जेई सुबाष चन्द्र मौर्या ने बताया कि नया पीपीपुल होने के कारण प्रान्तीय करण के लिए प्रस्ताव लखनऊ भेजा गया है। प्रस्ताव पास होने के बाद स्टीमेट सेंशन कराकर टेंडर आदि प्रक्रिया के बाद ही पीपापुल का मरम्मत शुरू होगा। 15 जनवरी तक पीपापुल से आवागमन शुरू होने की सम्भावना है।

## बिना अनुमति सिंचाई विभाग की भूमि पर बनाई जा रही थी कच्ची सड़क

**हलिया।** विकास खंड के अदवा बांध से सटे पवांरी खुर्द ग्रामपंचायत के सेंदुराह गांव में ग्राम पंचायत द्वारा शनिवार को सिंचाई विभाग की भूमि पर बिना अनुमति के बनाई जा रही मिट्टी की सड़क निर्माण कार्य को सिंचाई विभाग के जिलेदार कमलेश तिवारी ने मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया और मामले को उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पवांरी खुर्द ग्राम पंचायत के सेंदुराह गांव में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना से मिट्टी की सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था सिंचाई विभाग की भूमि पर बिना अनुमति के सड़क निर्माण के लिए मिट्टी की खुदाई किए जाने की खबर लगते ही शनिवार दोपहर को जिलेदार कमलेश तिवारी ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी की खुदाई कर रहे श्रमिकों को निर्माण कार्य करने से रोक दिया। इस संबंध में सिंचाई विभाग के कार्यवाहक जिलेदार कमलेश तिवारी ने बताया कि अदवा बांध के बाहरी हिस्से सेंदुराह गांव में सिंचाई विभाग की भूमि पर बिना अनुमति के ग्राम पंचायत द्वारा कच्ची सड़क का निर्माण करवाया जा रहा था। जानकारी होने पर मामले को उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया गया है।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम का किया घेराव

**नाराजगी**

## ग्रामीणों के साथ अन्याय कर रहा है तहसील प्रशासन

**कलवारी।** मड़िहान तहसील क्षेत्र के कलवारी माफी गांव के पुरवा गुरुदेवनगर स्थित आश्रम के द्वारा चारागाह की अनाधिकृत भूमि को कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच एसडीएम ने समझौते के लिए मड़िहान तहसील पर बुलाया था।

शुक्रवार को दोनों पक्ष तहसील पंहुचे समझौते के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों से कहा कि उक्त भूमि पर आश्रम के लोगों का खतौनी में नाम दर्ज है जिससे उनको कब्जा दिया जाएगा। जिस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। एक पक्षीय फैसला करने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित होकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने खड़े हो गए। ग्रामीणों का कहना था कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से फर्जी तरीके से चारागाह की भूमि पर नाम दर्ज किया गया है जबकि गुरुवार को उक्त भूमि को कब्जे को लेकर मधईमार मजरे के ग्रामीण व आश्रम के अनुयायी आमने-सामने हो गए थे। सूचना पर पंहुचे तहसीलदार ने मामले को शांत कराया था।

वही ग्रामीणों का कहना है कि अगर उक्त भूमि पर आश्रम के लोग जुताई करेंगे तो उम्भा में हुए नर संहार की पुनराबृत्ति हो सकती है, दोनो पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए मड़िहान पुलिस द्वारा ग्रामीण पक्ष के 26 व आश्रम पक्ष से 4 व्यक्तियों खिलाफ शांति भंग की कार्यवाई की गई है। दोनों पक्षो में तनाव व्याप्त है। किसी बड़ी घटना होने से इनकार नही किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि चारागाह की भूमि सुरक्षित भूमि में आती है यह किसके आदेश से किसी के नाम दर्ज हो गयी यह समझ मे नही आ रहा न ही तहसील प्रशासन यह बता रहा।

## पंचायत भवन के निर्माण में मानक की उड़ रही धज्जियां

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा गोपालपुर में पंचायत भवन निर्माण में बन रहे शौचालय की दीवाल बस्सी से बनाई गई है। शौचालय निर्माण में ग्राम प्रधान उषा देवी के द्वारा कराया जा रहा है। देखरेख कर रहे प्रधान पति जटाशंकर नशे में धुत होकर ब्लॉक अधिकारियों को अपशब्द बोल रहे थे। मौके पर पहुंचे पत्रकारों से भी उलझ गए और देख लेने का धमकी दे डाली। गोपालपुर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर ठेंगा दिखाया जा रहा है। यह तो एक बानगी है। पंचायत भवन के निर्माण में थर्ड क्वालिटी के ईट व मैटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है। प्रधान पति व सेक्रेटरी पुष्पेंद्र कुमार सिंह की मिलीभगत से विकास कार्यों में धाधली कर रहे है। घटिया क्वालिटी के सामग्री का प्रयोग प्रधान पति सेक्रेटरी के ही बलबूते पर कर रहा है, जबकि ग्राम सभा गोपालपुर ब्लॉक से सटा है फिर भी ब्लॉक अधिकारियों के सांठगांठ के चलते ग्राम पंचायतों में लूट घसोट मची है। अभी कुछ दिन पहले ग्रामसभा धुरकर में बिना काम कराएं ही लाखों रुपए का मास्टर रोल तैयार कर सरकारी खजाने को लूटा गया था। यही हाल ग्राम पंचायत गोपालपुर का है। इस संबंध में बीडीओ पटेरा शरद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत भवन के निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है तो मौके पर एडीओ पंचायत को भेजकर जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## पत्थर खनन क्षेत्र में पोषण मेला का आयोजन

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुदारन हनुमान मंदिर पर शनिवार को बाल विकास परियोजना मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान द्वारा खनन क्षेत्र के कुदारन गांव में पोषण मेला का आयोजन किया गया। इस पोषण मेला में कई गांव से सैकड़ों महिलाए मेले में सम्मिलित रही। पोषण मेले में आंगनवाड़ी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा गांव की धात्री एवं गर्भवती महिलाएं शामिल रही। पोषण माह के उद्घाटन करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी शशिकला फीता काटकर किया। कहा कि पोषण बच्चों और महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है। धात्री महिलाओं को 6 माह तक केवल माता का ही दूध बच्चों को पिलाना चाहिए, जब भी भोजन दे उसमें कडुवा तेल एक चम्मच दे। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र कुमार सिंह महादेव ने कहा कि ब्लॉक से दूर हो जाने के कारण गांव स्वास्थ और पोषण संबंधी सेवाओं और जागरूकता से पीछे रह जाता है। इस अवसर पर कंचन,भानुजा सरण लाल, राज, ज्ञानवी,स्मृति , संजय, धर्मेन्द्र, पवन, महेन्दर,नागेन्द्र,कुवर, राजन, सुषमा पाठक, संगीता इत्यादि लोगों ने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश और खुशबू ने किया।

# अपर जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण



**जांच**

## टोकन व्यवस्था का कड़ाई से पालन कर करें धान की खरीद

## कृषकों का समय से भुगतान करने का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वि0रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने विपणन शाखा क्रय केन्द्र भटेवरा निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी शालिनी विपणन निरीक्षक मौके पर उपस्थित रही। इस केन्द्र पर अभी तक कुल 505 किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु सम्पर्क किया जाना सम्पर्क रजिस्टर में अंकित पाया गया। केन्द्र पर 168 किसानों से 7514.80 कुंटल धान खरीद की गयी है, जिसके सापेक्ष 7274 कुं0 धान का उठान किया गया है तथा 150 किसानों का भुगतान किया गया है। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार टोकन व्यवस्था का अनुपालन करते हुए धान क्रय करें एवं क्रय किये गये धान का प्रेषण व कृषकों का भुगतान समय से करें।

# निकाली गई शोभा यात्रा बच्चों ने बनाई झांकी



यात्रा का स्वागत करते पंकज अग्रवाल व अन्य।

जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** सुरभि शोध संस्थान द्वारा आज नगर में शोभा यात्रा महाप्रभुजी की बैठक से प्रारंभ होकर चुनार नगर में विभिन्न मार्गो से होते हुए गंगा आरती के बाद समापन हुआ।

इस दौरान उत्सव में अलग-अलग राज्यों के वनवासी समाज के बच्चों द्वारा झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें शंकर जी विष्णु जी की तरह तरह की झांकियां प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रतिष्ठित व्यवसाई अग्रवाल कलेक्शन के मालिक पंकज अग्रवाल द्वारा बच्चों को जलपान का व्यवस्था किया गया था। जिसमें करीब 5000 सुदूर उत्तर पूर्वांचल के विभिन्न प्रांतों के हजारों बच्चे बच्चियों ने भाग लिया।

जिसमें शेखर अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, तुषार अग्रवाल के आलावा नगर के प्रतिष्ठित लोग भी मौजूद रहे।

## मानक के विपरीत बनाया जा रहा दशहरा प्रा.वि का अतिरिक्त कक्ष

**हलिया।** विकास खंड के गोरगी ग्राम पंचायत के दशहरा प्राथमिक विद्यालय में पांच लाख पैंसठ हजार रुपए की लागत से बनाए जा रहे अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए करीब दो फीट खोदी गई नींव को समीप स्थित वनविभाग के गोरगी पहरी से लाकर अनगढ़ पत्थरों से भरा जा रहा है जिसमें सीमेंट का भी उपयोग नही किया जा रहा है और भस्सी से नींव बनाई जा रही है। मानक के अनुरूप नींव के गड्ढों की खुदाई भी नही करवाई गई है। अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य को शुरू से ही मानक के विपरीत बनाया जा रहा है ऐसे में भवन निर्माण कार्य के गुणवत्ता को लेकर सवालिया निशान पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में बन रहे अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करवाए जाने की मांग किया है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अनगढ़ पत्थरों को मात्र नींव भराई में इस्तेमाल किया जा रहा है सिर्फ पत्थरों की जुड़ाई में भस्सी का उपयोग किया जाएगा।

# खेल से होता है बच्चों का संपूर्ण विकास : शिप्रा बरनवाल

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** सेमफोर्ड स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रेरणा-कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक कामता राम पाल, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अमर नाथ सिंह व सम्मानित अतिथि शशि सिंह, इंद्र कुमार सिंह, प्रबन्धक एवं डायरेक्टर विवेक बरनवाल व शिप्रा बरनवाल प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए प्रेरणा मसाल जलाकर शानदार आगाज किया।





जेडी का स्वागत करते डायरेक्टर द्वय

फिर मार्च पास्ट के द्वारा मंचासीन अतिथियों को सलामी दी गई। फिर आगन्तुक अतिथियों को प्रबन्धक द्वय ने स्मृति चिहन व अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। फिर कनिष्का, प्रद्युम्न इत्यादि ने स्वागत गीत के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद प्रबन्धक विवेक बरनवाल ने सभी का स्वागत करते हुए बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। उसके बाद विशिष्ट अतिथि अमर नाथ ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि कामता राम पाल ने देश के इन नौनिहालों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अच्छाई की ओर प्रेरित होने का आशीर्वाद दिया तथा खेल के द्वारा सहयोग की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया। आए हुए अतिथियों के प्रति आभार उप प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार सिंह ने व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## संक्षेप

### आने वाली महामारी को लेकर रहें सतर्क : सीएमओ



**मीरजापुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेद्र कुमार द्वारा शनिवार की सुबह लालगंज के सीएससी सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महामारी के मद्देनजर रखरखाव व ऑक्सीजन सहित अन्य चीजों पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि देश में एक बार फिर से कोरोना का संकट आ गया है। जिसके मद्देनजर लालगंज समेत अन्य सीएचसी सेंटर पर ऑक्सिजन और बेड़ो के अलावा साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि कोरोना से पहले ही अस्पताल में सारी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से शुरू करें और दूरदराज से आने वाले मरीजों को संयम के साथ उपचार करें। साथ ही साथ कोरोना के गाइडलाइन का पालन करते हुए मरीजों का बेहतर उपचार करें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लालगंज सीएससी सेंटर डॉक्टरों व कर्मचारियों के कार्य से प्रसन्नता जाहिर किया।

### थाना दिवस का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** शनिवार को क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में थाना परिसर में समाधान दिवस आयोजित किया गया जिससे कुल 11 मामले आए थे। जिसमें एक मामला पुलिस से और दस मामला राजस्व से संबंधित रहा। सभी मामला पेचीदा होने के कारण निस्तारण नही किया गया। वहीं मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष मनोज कुमार, राजस्व निरीक्षक नागेंद्र दुबे, लेखपाल अशोक कुमार, आशीष श्रीवास्तव, महेंद्र विश्वकर्मा, अजय सहित तमाम फरियादी मौजूद रहे।

### बीआरसी केंद्र पर मासिक बैठक हुई संपन्न

**राजगढ़।** बीआरसी केंद्र राजगढ़ पर शनिवार को प्राथमिक विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सीपी यादव ने अध्यापकों को समय से विद्यालय पर उपस्थित रहने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बच्चों का आधार नामांकन, शारदा के तहत ड्रॉपआउट बच्चों का नामांकन, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विकलांग शौचालय के निर्माण का प्रगति, विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट के तहत कराये जा रहे निर्माण कार्यों आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में ए आर पी ओम राहुल सिंह, आलोक कुमार सिंह महामंत्री, सतीश कुमार सिंह, बटेश्वर सिंह, आलोक जौहरी ए आर पी, एवं सैकड़ों अध्यापक गण उपस्थित रहे। अवैध परिवहन करे रहे तीन वाहनों को किया गया सीज

### छह वाहनों का किया गया ऑनलाइन चालान

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में खान अधिकारी, वरिष्ठ मानचित्रकार, खनिज विभाग, एवं खनिज मोहर्रिर, खनिज विभाग, की टीम द्वारा शनिवार को विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की औचक जाँच की गयी। जाँच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र प्रपत्र-आईएसटीपी, ओवरलोड परिवहन करने वाले 01 वाहन को थाना लालगंज में, 02 वाहनों को थाना अदलहाट में सीज कर जिलाधिकारी के अग्रिम आदेशों तक पुलिस अभिरक्षा में दिया गया तथा 06 वाहनों का आनलाइन चालान किया गया। इस प्रकार कुल 09 वाहनों को बिना परिवहन प्रपत्र-आईएसटीपी ओवरलोड परिवहन के जुर्म में पकड़ा गया। उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी, खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति धनराशि की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रू0 25 हजार शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त वाहनों से खनन विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा लगभग रू0 12.50 लाख के राजस्व क्षतिपूर्ति, जुमार्ना की वसूली की जायेगी।

### क्षत्रपति शिवाजी स्पोर्टिंग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**कलवारी।** छत्रपति शिवाजी मैदान पर सप्ताह भर से चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट का आज फाइनल मैच खेला गया फाइनल में निष्ठा स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब और गोधरा क्रिकेट की टीम आमने-सामने रही। निष्ठा क्रिकेट टीम कलवारी ने निर्धारित ओवरों में 3 विकेट 122 रन बनाए। जवाब में गोरथरा क्रिकेट क्लब की टीम 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। निष्ठा क्लब फाइनल मैच में 43 रनों से विजई हुई। मैन ऑफ मैच का खिताब रामराज को मिला। बेस्ट बॉलर का खिताब हिमांशु बेस्ट बैट्समैन का खिताब सिंटू यादव ने प्राप्त किया। फाइनल मैच के समापन पर मुख्य अतिथि डॉ योगेश कुमार सिंह (निदेशक एसएन ग्रुप लखनऊ) व विशिष्ट अतिथि विमल पटेल ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। इस दौरान दयाराम सिंह, सुनील कुमार सिंह, आशीष सिंह, संजय सिंह, डॉक्टर रामजतन, नीतीश भाई पटेल मौजूद रहे। विजेता टीम को 15000 नगद व ट्राफी व उपविजेता टीम को 7500 हजार नगद व ट्राफी प्रदान किया।

### कोटारनाथ मेला में दर्शनार्थी की गायब हुई बाइक

**हलिया।** क्षेत्र के कोटारनाथ मेला में बीते 22 दिसंबर को दर्शनार्थी की गायब हुई मोटरसाइकिल के मिलने पर पुलिस ने मोटरसाइकिल को दर्शनार्थी बसंत लाल को शनिवार को हलिया थाने पर बुलाकर सुपुर्द कर दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी बसंत लाल कोटारनाथ मेला में दर्शन पूजन करने के लिए बीते 22 दिसंबर को आया था। जहां दर्शन पूजन के दौरान दर्शनार्थी की बाइक चोरी हो गई थी। इस संबंध में दर्शनार्थी ने हलिया थाने में बाइक चोरी होने की तहरीर दी थी। तहरीर मिलने पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह मेला प्रभारी एस आई विजय यादव कांस्टेबल दीपक यादव, कृष्णानंद, अश्वनी मिश्र महिला कांस्टेबल बाइक की खोजबीन में लगे हुए थे। जहां शुक्रवार को कन्हैया के घर के बगल में मोटरसाइकिल बरामद होने पर पुलिस ने दर्शनार्थी को बुलाकर मोटरसाइकिल की तस्दीक कर उसे सौंप दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि कोटारनाथ मेला में दर्शनार्थी की गायब हुई मोटरसाइकिल मिलने पर दर्शनार्थी को थाने बुलाकर सौंप दिया गया है।

### नहर में पलट गया, ट्रैक्टर चालक घायल

**जमालपुर।** शनिवार को धान की पुवाल कटाई करने जा रही अनियंत्रित ट्रैक्टर नहर में पलट गई जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक संतोष कुमार 32 वर्ष पुत्र पखंडी निवासी बियरही पुवाल कटाई करने के लिए जा रहा था कि अचानक अनियंत्रित ट्रैक्टर डुही कला गांव स्थित चौकियां माईनर में पलट गई। चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। मौके पर जुटे लोगों ने चालक को किसी तरह बाहर निकाला और परिजन सहित ट्रैक्टर मालिक श्याम कुमार यादव निवासी भदावल को सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए निजी वाहन से ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गए।

### बीडीओ ने परिजनों को सौंपे गोवंश, दी हिदायत

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के भर्टोह गांव में स्थित फोरलेन सडक के पास खुले आसमान के नीचे कई दिनों से लावारिस हालत में बंधक बनाकर भूखे प्यासे रखे गए बेसहरा गोबंशों की पहचान कर पशुपालक को सुपूर्द कर दिया गया। बीडीओ शिवनारायन सिंह के निर्देश पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे और जानकारी कर भर्टोह निवासी पशुपालक मिन्नालाल को शुक्रवार की रात सुपूर्द कर दिया गया। बता दें कि महीनों से नेशनल हाईवे फोरलेन सड़क के किनारे भर्टोह गांव में नाले के पास खुले आसमान के नीचे बंधक बनाकर रखे गए तीन गोबंशो को खंड विकास अधिकारी शिव नारायन सिंह और उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आइडीएन चतुवेर्दी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान के माध्यम से गोबंशों को पशुपालक के पास भिजवाया गया। शनिवार को खंड विकास अधिकारी भर्टोह गांव में पहुंचकर गोवंशो के स्वामी मिन्नालाल से गोबंशो को चारा पानी की व्यवस्था करने को कहा गया और हिदायत दिया गया कि गोबंश को बांध कर रखे।

### रेलवे ओवर ब्रिज पर से आवागमन शुरू किये जाने की मांग

**अदलहाट।** नरायनपुर शक्तिनगर मार्ग पर बाइपास त्रिमोहानी नरायनपुर के पास रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद भी आवागमन शुरू नही किये जाने से लोगों में आक्रोश ब्याप्त हो गया है। ज्ञात हो कि रेलवे ओवर ब्रिज दो भागों में आने व जाने के लिए बनाया गया था। रेलवे मार्ग चौड़ीकरण को लेकर एक भाग के ब्रिज की लम्बाई बढ़ाने के लिए रास्ता बंद कर दिया गया था। इस बीच ब्रिज के एक ही भाग से आवागमन होता रहा। बराबर जाम कि स्थिति के साथ दुर्घटना होती रही। बार-बार शिकायत के बाद वर्षो तक अधर मे लटकने के बाद ऐनकेन प्रकारेण आधे भाग के ब्रिज का निर्माण लगभग एक माह पूर्व होने के बाद भी आवागमन शुरू नही किये जाने से बाजारवासियों व क्षेत्रिय लोगों में आक्रोश ब्याप्त हो गया है। उक्त मार्ग फोर लेन बना है उसी आधार पर दो भागो में ब्रिज बनकर तैयार है। फिर भी अकारण दुसरे भाग के ब्रिज से आवागमन शुरू नही किया जा रहा है। अवरोधक लगाकर आवागमन बंद किया गया है लेकिन अवरोधक के किनारे से कुछ दो चक्का वाहन सवार आ रहे है। क्षेत्र के किसान नेता अली जमीर खांन, प्रभाल सिह, राकेश सिह, रामकुमार सिह, सुमित जायसवाल, आनंद गुप्ता, गोबिंद शंकर ओझा, डा.ओपी सिह, शमशेर बहादुर सिंह, एडवोकेट मुन्नू प्रसाद गुप्ता, शिवजायसवाल आदि ने रेलवे ओवर ब्रिज के दूसरे भाग को, जो पूर्ण रुप से बन गया है उसे अवरोधक हटाकर आवागमन शुरू किये जाने का मांग जिला प्रशासन से किया है। जिससे जाम व दुर्घटना से लोगों को राहत मिल सके।

### सेल टैक्स विभाग द्वारा की गई छापेमारी

**जमालपुर।** सेल टैक्स विभाग द्वारा छापामारी की भय से शनिवार को स्थानीय बाजार के व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों के धड़ा धड़ शटर गिरा कर फरार हो गये। वही मीडिया से बचते नजर आए और देखते ही देखते बाजार पूर्णता बंद हो गया। छोटे से बड़े व्यापारी भयभीत नजर आए।

# बेटी की खोजबीन के लिए बाप ने पुलिस से लगाई गुहार

**मामला**

### समुदाय विशेष के युवा द्वारा आदिवासी लड़की को भगाने का मामला

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी आदिवासी युवती को एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा दूसरी बार बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। युवती के पिता की तरफ से एक तहरीर दुद्धी कोतवाली में दी गई है, जिसमें उक्त आरोपी द्वारा बेटी को कहीं उसे बेच देने की आशंका जताते हुए उसे बचाने की गुहार लगाई गयी है। तहरीर के आधार पर फिलहाल पुलिस ने उक्त आरोपी युवक के खिलाफ धारा 366 , 504 , 506 आईपीसी और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि आजम खान नामक शख्स उसकी 22 वर्षीय बेटी को गत 8 अप्रैल को भी बहलाकर भगा ले गया था जिसमें मामला दर्ज कर दुद्धी पुलिस ने उसकी सकुशल बरामदगी कर ली थी और उक्त आरोपी युवक को जेल भी भेजा गया था। जमानत पर छूटकर आने के बाद उसने फिर से उसकी बेटी को लेकर फरार हो गया है। दी गयी तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि युवती के पिता से आरोपी की फोन पर बता हुई तो उसने जानमाल की धमकी देनी शुरू कर दी। आशंका जताई गई कि आरोपी पहले से शादीशुदा है, उसके दो बच्चे हैं इसलिए वह युवती को कहीं बेच भी सकता है।

### नाबालिग से छेड़खानी व अपहरण मामले में एक गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक टोले में रह रही नाबालिग लड़की का अपहरण कर छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसको गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पीड़िता की मां ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि उनके मकान में विशेष समुदाय का बिहार निवासी सलमान खान किराए पर रहकर निर्माणधीन सी परियोजना में किसी कम्पनी में कार्य करता था। बीते 23 दिसंबर की दोपहर उक्त युवक मेरी नाबालिक पुत्री से शादी करने का झांसा देकर घर से बहला फुसलाकर भगाने लगा। इतने में घर वालो को किसी तरह मामले की भनक लग गयी और वह मौके पर पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए युवक मौके से पुत्री को छोड़कर फरार हो गया। जिसपर घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने पीड़िता के मां की तहरीर पर युवक के खिलाफ संगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी युवक को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गैस गोदाम रोड से गिरफ्तार कर चालान कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया गया है।

# अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी पर लगा अंकुश : एसपी

**खास मुलाकात**

### पुलिस अधीक्षक ने गिनाईं छह माह की उपलब्धियां, बोले प्रभावी पैरवी से 310 दोषियों को मिली सजा

जनसंदेश न्यूज



जनसंदेश टाइम्स खास मुलाकात कार्यक्रम में ब्यूरो चीफ शशिकांत चौबे से चर्चा करते एसपी डा. यशवीर सिंह

**सोनभद्र।** अपराधियों व मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों से पुलिस प्रशासन सख्ती से निपट रहा है। बार्डर इलाकों में नक्सल घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस बल नियमित कांबिंग कर रहा है। टापटेन, इनामियां अपराधियों व मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई से अपराध व तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगा है। पुलिस की पैरवी से विभिन्न अपराधों में 310 दोषियों को सजा दिलाने में सफलता है।

जिसमें एक को मृत्यु दंड व 39 को आजीवन कारावास की सजा मिली है। शनिवार को जनसंदेश टाइम्स से खास मुलाकात में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पिछले 6 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। एसपी ने वर्ष 2022 के 26 जून से 23 दिसम्बर तक पुलिस द्वारा किए कार्यों का उल्लेख करते हुए महकमे की उपलब्धियां गिनाई। एसपी ने बताया कि जिले में डीजल चोरी की पांच घटनाओं में 19 लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 27 लाख 32600 रूपए का डीजल बरामद हुआ। इसी तरह कोयला चोरी के चार मुकदमें दर्ज हुए, जिसमें सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं मादक पदार्थों की तस्करी रोकने में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। 60 आबकारी अधिनियम के तहत 427 मुकदमें दर्ज किए गए जिसमें 431 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5755 लीटर देशी शराब व 24054 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इसी प्रकार एनडीपीएस एक्ट के तहत 171 मुकदमें दर्ज हुए जिसमें 199 आरोपियों की गिरफ्तार करते हुए इनके कब्जे से 663 किलो गांजा व 3.860 किलो ग्राम हेरोइन बरामद की गई। तस्करों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की गई। लगातार हो रही कार्रवाई से मादक पदार्थो की तस्करी में कमी आई है। 154 अपराधियों पर गुंडा एक्ट लगाया गया और 26 को जिला बदर किया गया। 141 के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। आर्म्स एक्ट के तहत 24 मुकदमें पंजीकृत कर सभी 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन पिस्टल, 9 तमंचा, 17 कारतूस व 14 चाकू बरामद किया गया। 12 प्रकरण में 60 लाख 74 हजार 703 रुपए की सम्पत्ति जब्त की गई। 15 लोगों के शस्त्र निरस्त किए गए। पांच गैंग पंजीकरण किए गए है। 15 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिए गए है, टाप टेन 70 फीसदी अपराधि जेल में बंद है। बीते छह माह के दौरान ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में 47282 छोटे बड़े वाहनों का चालान किया गया व 110 सीज किए गए हैं। जिले की सीमाएं चार राज्यों से लगती है। जिसमें छत्तीसगढ, झारखंड व बिहार नक्सल प्रभावित सूबे है। इसको देखते हुए बार्डर पर नियमित कांबिग जारी है।

उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी है। पिछले चुनाव के मुकाबले10 प्रतिशत अधिक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को अपराधिक छवि के लोगों पर नजर रखने व पावंद करने का निर्देश दिया गया है। कोविड के खतरे को देखते हुए सभी पुलिसकर्मियों को कोरोना गाईड लाइन का पालन करने का निर्देश दिया गया है।

### सीओ राजस्व टीम को लेकर करेंगे भूमि विवाद का निस्तारण

सोनभद्र। एसपी डा. यशवीर सिंह ने बताया कि थाना दिवस पर सबसे ज्यादा राजस्व विवाद के मामले आते हैं। इसके मद्देनजर पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। यह देखा गया है कि कुछ मामलों में राजस्व विभाग की टीम हिलाहवाली करती है और विवाद गंभीर रूप ले लेता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए सीओ लिखित रूप में राजस्व टीम की मांग कर उक्त मामले का निस्तारण कराएंगे। अगर निस्तारण नहीं हो पा रहा है तो धारा 145 के तहत कुर्की की कार्रवाई करेंगे।

## संक्षेप

### अटल उपवन का लोकार्पण, स्मृति में पौधरोपण



पौधरोपण करते सदर विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को सदर ब्लॉक के कैथी गांव में अटल उपवन का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने संयुक्त रूप से अटल बिहारी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित करते हुए अटल उपवन का लोकार्पण किया। इससे पूर्व वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया। सदर विधायक ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई भारत के ऐसे जन नेता थे। जिन्होंने नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सरकार का नेतृत्व किया था। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए वे हमेशा आदर्श रहेंगे, अटल जी के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। इस दौरान 100 बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों में कम्बल वितरित किया गया। इस मौके पर रमेश मिश्रा, गोविंद यादव, रामसुंदर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, दयाशंकर पांडेय, प्रधान राजाराम विश्वकर्मा, दादे चौबे, दिलीप चौबे, महेंद्र पांडेय, राज बहादुर सिंह, संतोष शुक्ला, आलोक सिंह, अनूप तिवारी, अनुपम तिवारी, मनोज सोनकर आदि रहे।

### पुलिस ने किया चोरी का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** बीते दिनों पीडब्ल्यूडी मोड़ राजीव गांधी मार्केट से शटर तोड़कर हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा करने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 33 हजार पांच सौ रुपए नगद एवं चाकू बरामद किया है। थाने की चंद कदम हुई चोरी से हड़कंप मच गया था तथा आक्रोशित व्यवसायिओं ने चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराया था, जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया था। घटना की तहकितात स्वयं क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल कर रहे थे, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव, उप निरीक्षक विष्णु दत्त राय कांस्टेबल आनंन्द कुमार, जय प्रकाश यादव, आदर्श शुक्ला की टीम खोज बीन में लगी थी कि शनिवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया तथा तलाशी के दौरान बड़कू उर्फ छोटू पुत्र सुभग्गा जायसवाल के पास से बारह हजार पाँच सौ एवं एक अदद चाकू, ईश्वर प्रसाद पुत्र बबई के पास से ग्यारह हजार पाच सौ एवं राज किशुन पुत्र राज बली के पास से दस हजार रुपए सभी निवासी कनहरा थाना ओबरा जिला सोनभद्र बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पप्पू पटेल पुत्र लछनधारी निवासी काली मंदिर बस स्टैंड के साथ मिलकर चोरी को अंजाम दिया था, की अभी फरार चल रहा है पुलिस ने कहा है कि उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पकड़े गए आरोपियों पर पुलिस ने संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उनका चालान कर दिया।

### तहसील भवन निर्माण के लिए मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**ओबरा।** ओबरा तहसील मुख्यालय का स्थाई भवन बिल्ली मारकुंडी में गजट के अनुसार निर्मित करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एवं जिलाध्यक्ष उमेश शुक्ला के नेतृत्व में मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त विंध्याचल मंडल मिजार्पुर को सौंपा। मंडलायुक्त द्वारा प्रतिनिधि मंडल को उनकी मांगों के संदर्भ में जिलाधिकारी से वार्ता कर आश्वस्त किया गया। साथ ही उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के उपाध्यक्ष एड जय नारायण पांडे ने अधिवक्ताओं की मांग के संदर्भ में पत्रक मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। वही 18वें दिन अनशन पर बैठे पंकज राव तथा कृष्ण कुमार पाठक का माल्यार्पण एड अर्जुन शर्मा व धर्मेंद्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर रमेश मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रमाशंकर यादव, बीएन जायसवाल, अनिल मिश्रा, गजेंद्र यादव, देवेंद्र जौहरी, अनिल कुमार, विनोद गुप्ता, कमलेश यादव, जेपी गुप्ता, राजकुमार पांडे, उमेश शुक्ला, राहुल प्रताप सिंह, एसके जैन, मनोज पाठक, विकास दुबे, रवि पांडे आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कृषि दिवस पर किसानों को दिया प्रशिक्षण

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कृषि दिवस पर किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित किसान क्लब के अंतर्गत दुद्धी तहसील के चार गांवों के लगभग 142 किसानों ने गोष्ठी में भाग लिया। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के कृषि विशेषज्ञ अंकित द्विवेदी ने किसानों को आधुनिक किसानी का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि पारंपरिक खेती के साथ कृषि क्षेत्र में विकसित आधुनिक यंत्रों एवं आधुनिक तकनीकों का किस प्रकार से सामंजस्य बिठाकर किसान अपनी उपज को बढ़ा कर अपनी आमदनी को भी बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर किसानों को उन्नत किस्म के बीज एवं फलदार पौधे भी वितरित किये गए।

### करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव में बिजली करेंट से एक बालक की मौत हो गयी। बताया गया कि चंदन कुमार 11 पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी नौडीहा को शनिवार को किसी तरह करंट लग गया। परिजनों द्वारा उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा लाया गया, जहां डाक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### कृत्रिम उपकरण के लिए करें आवेदन

**सोनभद्र।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विद्या देवी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया कि जिन दिव्यांगजनों को तीन वर्ष के अन्दर कृत्रिम अंग न मिला हो, वे विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कराकर हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन कमरा नम्बर–11 में जमा कर सकते हैं।

### विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**सोनभद्र।** गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित किया गया। जिसमे उपस्थित प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार निरंजन सिंह, सदस्य सरदार दया सिंह, सरदार कमलेश कांभे, सरदार देवेंद्र सिंह भंडारी एवं गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील सिंह एवं समस्त अध्यापक गण के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी को सम्पन्न कराया गया।

### थाना समाधान दिवस : 77 मामलों में 25 का हुआ निस्तारण

**सोनभद्र।** जिले में थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को थानों पर आमजन की समस्याएं सुनकर उसका निस्तारण किया गया। थाना रॉबर्ट्सगंज पर 16 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी तरह चोपन में आठ प्रार्थनापत्रों में सात का निस्तारण, रामपुर बरकोनिया में तीन प्रार्थनापत्रों में दो का, कोन में सात प्रार्थनापत्र में एक, जुगैल पर दो प्रार्थनापत्र में एक का, दुद्धी में चार प्रार्थनापत्र में दो, विण्ढमगंज में दो प्रार्थनापत्र में एक, थाना बभनी पर 7 प्रार्थनापत्र में एक, थाना बीजपुर पर तीन प्रार्थनापत्र में सभी का निस्तारण किया गया। वहीं थाना करमा पर पांच प्रार्थनापत्र में सभी का निस्तारण हुआ। इसके अलावा थाना पन्नूगंज पर 5, म्योरपुर पर 2, अनपरा पर 2, घोरावल पर 10 तथा थाना शाहगंज पर एक प्रार्थनापत्र प्राप्त हुआ, जिनके निस्तारण को संबंधितों को निर्देशित किया गया। थाना रायपुर, मांची, ओबरा, हाथीनाला, पिपरी तथा थाना शक्तिनगर पर कोई प्रार्थनापत्र प्राप्त नहीं हुआ। इस प्रकार कुल 77 प्रार्थनापत्रों में 25 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# दी आर्यन्स एकेडेमी में धूमधाम से मना क्रिसमस डे

**अवसर**

### बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मोहा मन

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** दी आर्यन्स अकेडेमी विद्यालय परिसर में शनिवार को क्रिसमस डे का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। छोटे छोटे बच्चे सांता के रूप में तैयार होकर आये, जो आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सांता क्लाज ने बच्चों को टॉफी व चॉकलेट बांटा। इस अवसर पर बच्चों के लिए कई तरह के गेम्स भी कराए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चित्रा जालान शिक्षक निशा चौबे, दीपा, निभा, दीप्ति, प्रज्ञा, निकिता, निभा, श्वेता आदि मौजूद रहे।

### श्रीएकेडमी में मना क्रिसमस

**सोनभद्र।** श्रीएकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पसही कला में शनिवार को क्रिसमस का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांता क्लाज का वेष बनाकर उपहार व मिठाईयां बांटी। स्कूल के प्रबंध निदेशक डा. अनिल पांडेय ने बच्चों को सांता क्लाज के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

प्रबंधक अजय पांडेय ने सांता क्लाज के सिद्धांतों पर चलने की सीख दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य संध्या गोयल, गणेश गोस्वामी, संजू शर्मा, शिक्षक प्रियंका पांडेय, जितेंद्र, राघव, नीलम त्रिपाठी, तारकेश्वर पांडेय, नीलम सिंह, अंजली, अक्षय, बृजेश आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल बच्चे

### क्रिसमस कार्निवाल में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने जीता दिल

**ओबरा।** स्थानीय चोपन रोड स्थित हेलो स्कूल आफ एक्सीलेंस में क्रिसमस डे शनिवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूम धाम से मनाया गया। बच्चों ने सेन्टा क्लाज की वेशभूशा में नाटक, नृत्य, गीत–गायन, सेन्टा बाल मेकिंग, ट्री सज्जा आदि गतिविधियों को पेश कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किए। सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे–छोटे बच्चों ने सभी का मन मोहा। बच्चों ने मैरी किसमस गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर शमा बांध दिया। प्रधानाचार्य नाहिद खान ने बच्चों को प्रभूयीशू के जन्म से जुड़े कई रोचक प्रसंगों को सुनाया। सेंटा क्लाज के स्वरूपों में सजे बच्चों ने क्लास रूम में साथियों को टॉफी व अन्य उपहार भेंट किये। वहीं विद्यालय प्रांगण में विशाल क्रिसमस ट्री सजाया गया। इस अवसर पर बाबी राय, आरती, नेहा गर्ग, अलका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बच्चों के भ्रमण दल को एबीएसए ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**खलियारी।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी नगवां कार्यालय से भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर एबीएसए पीएस राम ने रवाना किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही विवेकपूर्ण तार्किकता परीक्षण तथा बुद्धिमता व जिज्ञासा होती है। शैक्षिक भ्रमण के दौरान उनकी जिज्ञासा व समझ बढ़ती है और वे जल्दी सीखते हैं। विशेषकर विज्ञान, गणित व प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राज्य के अंदर तथा राज्य के बाहर उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बस बच्चों को लेकर चुनार किला पहुंचेगी, जहां बच्चों को किले से संबंधित जानकारी व इतिहास के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास कराने के लिए हर संभव प्रयास निरंतर किया जा रहा है। बच्चों के दल के साथ आरती जायसवाल, नवीन द्विवेदी, श्रीकांत, चिंतामणि, अरुण त्रिपाठी, नरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, रचना, साक्षी शामिल हैं।

# हिण्डाल्को को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने दिया सर्वोच्च पुरस्कार

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को संस्थान मुखिया एन नागेश के नेतृत्व में ऊर्जा संरक्षण एवं ग्रीन एनर्जी के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। हिण्डाल्को ने ग्रीन एनर्जी की दिशा में कदम उठाते हुए अपने प्रशासनिक भवन के साथ-साथ संस्थान से सम्बद्ध सभी विद्यालयों एवं अस्पताल के छतों पर सोलर एनर्जी सिस्टम लगा कर काफी मात्रा में विद्युत उत्पादन कर रहा है।

हिण्डाल्को के इन्ही प्रयासों की उत्तर प्रदेश सरकार ने सराहना करते हुए संस्थान को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में अल्युमिना सेक्टर में सर्वोच्च पुरस्कार से नवाजा है। बता दें कि विगत दिनों लखनऊ में उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में यूपीनेडा के सचिव नीलम ने हिण्डाल्को रेणुकूट यूनिट के इण्डस्ट्रीयल इन्जीनियरिंग एवं टेक्निकल सेल के महाप्रबंधक संजीव गुप्ता को अल्युमिनियम उत्पादन के क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण का सर्वोच्च पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर एन नागेश, मानवसंसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं समस्त विभागाध्यक्षों ने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए आगे भी ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया।



पुरस्कार के साथ सीओओ एन नागेश

# राज्यमंत्री ने किया सोलर पानी टंकी का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के इकाई प्रमुख राहुल सहगल के निर्देशन में अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन सीएसआर द्वारा ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के बाड़ी में शनिवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़ ने सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी का उद्घाटन फीता काट कर व पूजन कर-के किया। राज्यमंत्री ने बताया कि पानी की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए जल संरक्षण अति आवश्यक है, जल ही जीवन है। समाज का दायित्व बनता है जल संरक्षण के साथ सुविधाओं का ध्यान रखें, तभी जाकर यह सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी सुचारू रूप से चल सकेगी।

विशिष्ट अतिथि चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने कहा कि पानी टंकी से एक व्यक्ति नही सैकड़ों घर लाभान्वित होंगे, इसकी सुरक्षा करना स्थानीय लोगों की जिम्मेदारी है। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के मुख्य परिचालन अधिकारी अनिल बजाज ने बताया कि सीमेंट कम्पनी द्वारा पूर्व में भी बाडी के कोल बस्ती और कोटा ग्राम पंचायत के चिकडण्डी टोला में सौर ऊर्जा आधारित जल आपूर्ति प्रणाली लगायी गयी है। अंत में सोलर पम्प के संचालन की व्यवस्था व पम्प की चाभी बस्ती के एक बुजुर्ग को सौंपी गई। इस मौके पर रोशनी बजाज, गितिका सहगल, सृजन किशोर, दिनेश यादव, बबलू निषाद, टाटा चौधरी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन सीएसआर अधिकारी रमेश पाण्डेय ने किया।



पानी टंकी का उद्घाटन करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

# एसडीएम ने आयोजन स्थल का जाना हाल

**निरीक्षण**

### सेवा समर्पण संस्थान चपकी में होगा खेल व सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा रविवार से आयोजित होने वाले 23 वां राष्ट्रीय वनवासी खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजन स्थल सेवा कुंज आश्रम, सेवा समर्पण संस्थान चपकी, कारीडांड़ बभनी में शनिवार को परंपरागत तरीके से भूमि पूजन हुआ। खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक होना है। वहीं सेवा समर्पण संस्थान के पदाधिकारियों व उपजिलाधिकारी दुद्धी शैलेंद्र मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु संस्थान के क्षेत्र संगठन मंत्री मनीराम पाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। संगठन मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में भारतवर्ष के सभी राज्यों के साथ-साथ गणराज्य व नेपाल राष्ट्र के 2000 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इनकी व्यवस्था में देशभर से आए हुए लगभग100 कोच व 900 व्यवस्थापक लगेंगे, इनके रहने व खाने की व्यवस्था राज्यवार के साथ सामूहिक रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सभी भारतीय परंपरागत खेलों का आयोजन कर अपने संस्कारों में परिलछित करने के साथ-साथ विश्व स्तर पर बढ़ावा देना सुनिश्चित हुआ है। जिससे हम भारतीय व्यवस्था अनुरूप संपूर्ण विश्व में खेल क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित कर सकें। सह संगठन मंत्री आनंद ने कहा कि आदिवासी, बनवासी शुरू से ही भारतीय खेलों में भारत का यश कीर्तिमान स्थापित करते हैं। एसडीएम ने कहा कि स्वस्थ जीवन और सफलता के लिए एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता होती है, खेल से मानसिक और शारीरिक ऊर्जा सक्रिय हो जाती है। सहमंत्री आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए खेल सबसे अच्छा तरीका है। केंद्र प्रमुख कृष्ण गोपाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। बैठक में खंड कार्यवाह अमरदेव, राम प्रकाश पांडे, संजीव कुमार, राम आदि उपस्थित रहे।

# मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सु दसरथ अजिर बिहारी...

**मानस पाठ**

### आरती पूजन के साथ मानस पाठ महायज्ञ का शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** रामचरित मानस नवाह्न पाठ महायज्ञ समिति के तत्वाधान में शनिवार से आरटीएस क्लब में नौ दिवसीय नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। पहले दिन प्रभु श्री राम दरबार का भव्य श्रृंगार के पश्चात आरती-पूजन व महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। मंगल भवन अमंगल हारी, द्रबहु सो दसरथ अजिर बिहारी... की पवित्र पंक्तियों के साथ यज्ञ अनुष्ठान का प्रथम सोपान मंगलाचरण से प्रारंभ हुआ।

दोहा और चौपाई के माध्यम से मुख्य व्यास द्वारा सती प्रसंग, पार्वती विवाह, प्रसंगों की व्याख्या की गई। काशी रत्न पं. सूर्यलाल मिश्र के आचार्यत्व में शुरू हुए मानस पाठ में यज्ञ का पट्टाभिषेक अध्यक्ष सत्यपाल जैन एवं महामंत्री सुशील पाठक ने किया। यजमान अजय शुक्ला ने पत्नी माधुरी शुक्ला संग पूजन अर्चन कार्य को मूर्त रूप प्रदान किया। महायज्ञ की पूर्व संध्या पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वैदिक मंत्रोचार के साथ प्रभु श्री राम दरबार की सावधि प्राण प्रतिष्ठा आचार्य सन्तोष कुमार द्विवेदी के साथ पं. शिव कुमार शास्त्री, पं. अनील कुमार पाण्डेय, पं. यशवंत पांडेय, पं. रमेश पांडेय आदि ने सम्पन्न कराई। वहीं माल्यार्पण व स्वास्ति वाचन तथा दरबार की आरती के पश्चात व्यास जी ने भूदेव की परिक्रमा प्रारंभ की। देर शाम से मानस प्रवचन का भी आयोजन किया गया। अगले नौ दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में रविवार को राम जन्मोत्सव की झांकी निकाली जाएगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, इंद्रदेव सिंह, शिशु तिवारी, अशोक जैन, रतन लाल गर्ग, डॉ. जीएस चतुर्वेदी, मिठाईलाल सोनी, अयोध्या दुबे, राजकुमार अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, शिक्षक आनंद त्रिपाठी, रामशकल चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



मानस पाठ करते ब्यास काशी रत्न पं. सूर्यलाल मिश्र

# शिकायतों को चिह्नित कर अधिकारी करें निस्तारण

**बोली डीएम**

### निर्धारित समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**चंदौली।** जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी ईशा दुहन व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में थाना धीना में फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को सुनकर निर्धारित समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।

डीएम ने उपजिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि हर तहसील एवं थाना से 10-10 शिकायतों को चिन्हित कर टीम गठित करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण हो। जिलाधिकारी ने शिकायत पंजिका का अवलोकन किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला हेल्फ डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष सहित अन्य पटल का निरीक्षण किया। कहा कि महिला हेल्प डेस्क पंजीकृत प्रार्थना पत्र में महिलाओं द्वारा शिकायतों का समुचित निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर तीनों प्रकरणों एवं प्रार्थना पत्रों में टीम बनाकर निस्तारण हेतु निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी सकलडीहा, क्षेत्राधिकारी सकलडीहा, थाना प्रभारी धीना सहित अन्य राजस्व व पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



समाधान दिवस पर थानों का जायजा लेती डीएम साथ में एसपी।

## गोवध के लिए ले जा रहे अभियुक्त गिरफ्तार मवेशी हुए मुक्त

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के पपौरा नहर पुलिया से शुक्रवार की देर शाम को गोवंश हेतु पिकअप से ले जा रहे बछड़ो को बलुआ पुलिस ने मुक्त कराया। पिकअप में 6 बछड़े थे। उनके पास से चापड़, मोबाइल व अन्य राशि बरामद किया गया। पुलिस ने गोबध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियुक्त को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाये जा चेकिंग अभियान के तहत बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार की देर शाम को उपनिरीक्षक अभिनव गुप्ता मय फोर्स पपौरा नहर पर चेकिंग कर रहे थे। टाटा एसीई पर लदे 6 बछड़ा को बरामद किया। पुलिस देख ड्राइवर अभियुक्त सेराज शाह पुत्र शहाबुद्दीन निवासी ग्राम केपा थाना चौनपुर जिला कैमूर भभुआ बिहार का रहने वाला भागने लगा, जिसे पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन से एक चापड़, मोबाइल, सीरीज निडिल,2 शीशी जाईबाक्सिंन इंजेक्शन ,नकद 240 रुपये बरामद किया। बलुआ थाने पर लाकर बछड़ो को मुक्त कराया। वही अभियुक्त को कानूनी कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# ग्राम सचिवों ने ली स्वराज अभियान की ट्रेनिंग

**अभियान**

### 14 ब्लाक के 177 ग्राम सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

**नियामताबाद।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर चंदौली नियामताबाद में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत वाराणसी मण्डल के सभी ग्राम पंचायत सचिवों के प्रशिक्षण के क्रम में शनिवार को जौनपुर के 21 में से 14 ब्लाक के 177 ग्राम पंचायत सचिव का मण्डल स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका शुभारम्भ उपनिदेशक पंचायत वाराणसी मंडल, वाराणसी एके सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर किया।

इस प्रशिक्षण में उपनिदेशक पंचायत वाराणसी मंडल वाराणसी ने बताया गया कि आप सभी लोगों द्वारा अपने-अपने ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान तैयार करवा रहे हैं, उसमें केवल ढांचागत निर्माण पर केन्द्रित होता है आगामी वित्तीय वर्ष के कार्ययोजना निर्माण में सतत विकास लक्ष्यों के 9 विषयों में से कम से कम 3 विषयों को शासनादेश के अनुरूप सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके तहत ग्राम सभा बैठक के पूर्व, बाल सभा व महिला सभा का आयोजन कर उनसे जुडे. मुद्दों को कार्य योजना में सम्मिलित किया जाय। साथ ही सचिवालय में वीएलई की स्थापना की जा रही हैं। ग्राम सचिवालय के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु पंचायत सचिव, लेखपाल, प्रधान, पंचायत सहायक एवं अन्य का रोस्टर बनाकर दीवार लेखन करवाते हुए सभी का वहां बैठना सुनिश्चित किया जाय। सह प्रबंधक सुनील सिंह व प्रशिक्षक विनय कुमार दूबे, वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व कन्हैया राम के द्वारा गरीबी मुक्त गांव, स्वक गांव, बाल मैत्री गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितैषी गांव विषयों पर विस्तृत परिचर्चा किया। प्रशिक्षण में अखंड प्रताप सिंह, प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के प्रतिनिधि के रूप में रामचंद्र यादव उपस्थित रहे।



नियामताबाद में पंचायत रिसोर्स सेंटर पर प्रशिक्षण का आगाज करते अधिकारीगण।

## संक्षेप

### पुलिस ने चंदौली बाजार में किया पैदल गश्त



चंदौली बाजार में पैदल गश्त करते सीओ व कोतवाल सदर।

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर शनिवार की शाम क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह व कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल गश्त किया। वही भीड़भाड़ वाली जगहों पर पहुंच कर कोतवाल ने व्यापारियों व आमजन को सुरक्षा-व्यवस्था के बाबत जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ नगर के चांदनी मार्केट, पुरानी बाजार, गंगा रोड, इलिया मोड़ व शंकर मोड़ होते सर्विस रोड पर पैदल मार्च किया। वही सड़क पर लग रहे ठेले खुमचे वालों को सड़क व पटरी से हटकर अपनी दुकानें लगाने की हिदायत दी, ताकि नगर में प्रतिदिन लग रहे जाम की समस्या से निजात मिल सके। सीओ सदर ने भीड़-भाड़ वाली जगहों तथा आभूषण की दुकानों पर व्यापारियों से बातचीत कर उनको दुकानों के सामने कैमरा लगाने का आह्वान किया। कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई दिक्कत आए या किसी भी संदिग्ध वस्तु तथा गतिविधि होने की जानकारी मिले। तो तत्काल पुलिस सूचना दे, जिससे पुलिस आवश्यक कदम उठा सके।

### कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बरतें सतर्कता

**चंदौली।** मुख्य चिकित्साधिकारी वाईके राय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के केसों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी को दृष्टिगत रखते हुए जनमानस अपील किया जाता है कि कोविड-19 से बचाव हेतु समस्त सावधानियां बरते। कहा कि बार-बार साबुन से हाथ धोएं। दो गज की दूरी बनाकर रखें। सार्वजनिक व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें। वहीं सेनेटाइजर का प्रयोग करना आदि का ध्यान रखें। जिन लोगों ने अभी तक कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराया है नजदीकी स्वास्थ्य इकाई पर जाकर टीकाकरण अवश्य करवा लें तथा जिन पात्र व्यक्तियों को बूस्टर डोज नहीं लगे है वे बूस्टर डोज अवश्य लगवायें। कहा कि जिन्हें बुखार या खांसी अथवा सांस संबंधी परेशानी है वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कोविड-19 की मुफ्त आरटीपीआर अथवा एंटीजन टेस्ट अवश्य करायें। किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी की स्थिति में आईसीसीसी के दूरभाष नंबर 05412-260084, 260230, 260738, 260101, 260102, 260107, 260108, 260110, 260111, 260112, 260118, 260119 पर सम्पर्क कर सकते है।

### अलीनगर से दरवाजे के बाहर खड़ी ऑटो गायब

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-3 में अजय लाल ऑटो चला कर अपने परिवार की जीविका चलाता था। बीते बुधवार को अजय लाल रोज की भांति ऑटो संख्या यूपी 65 एचटी 0603 चला कर आया और दरवाजे के बाहर खड़ा कर भोजन करने के बाद सो गया। जब वह सुबह भोर 3:45 बजे घर के बाहर लघुशंका करने निकला तो उस समय तक ऑटो खड़ी थी। वह घर के अंदर चला गया और वह सुबह तैयार होकर ऑटो चलाने के लिए लगभग 5:00 बजे घर से निकला तो घर के बाहर ऑटो नहीं थी। यह देख उसके होश उड़ गए और इधर-उधर ढूंढने लगा और लोगों से पूछने लगा। मगर ऑटो का कोई पता नहीं चला। अजय लाल ने ऑटो खोने की लिखित तहरीर थाने में जाकर दे दी।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधन पर शोक

**कंदवा।** विकास क्षेत्र बरहनी के अंतर्गत ग्राम रामपुर में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक घुरबटोर राम की मृत्यु हो जाने से शिक्षकों एवं ग्राम रामपुर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। प्राथमिक विद्यालय रामपुर में शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामपुर आदर्श शिक्षक बलराम पाठक ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक घुरबटोर राम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बतौर प्रधानाध्यापक उनका कार्यकाल इस विद्यालय में स्वर्णिम रहा है। शोक सभा में रिंकू चंद कनौजिया, लकमुद्दीन, राजेश, मनीषा, शिवमुनि राम, रूहिया खानम, शेखर, नींदा, सावित्री, मतरानी, शकीला, किरण सिंह, शहनाज, मंजू देवी उपस्थित रहे।

### ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में नित्या और निधि व याशिका रही अव्वल

**सकलडीहा।** डा. अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजापुर में शनिवार को ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राइमरी से जूनियर तक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विभिन्न कक्षा के छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा एक से पांच में कक्षा पांच की छात्रा नित्या मौर्या प्रथम, खुशी यादव द्वितीय और निमिशा मौर्या तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 6 से आठ में कक्षा 7बी की छात्रा निधि प्रथम, कक्षा आठवीं की छात्रा काजल कुमारी द्वितीय और कक्षा सात बी की छात्रा प्रिया यादव तृतीय स्थान हासिल किया। अंत में माध्यमिक स्तर पर कक्षा 6 से आठ में कक्षा 9ए की छात्रा याशिका मयंक प्रथम स्थान, कक्षा 9 बी के छात्र शिवम शर्मा द्वितीय और कक्षा 10बी की छात्रा इच्छा यादव तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रधानाचार्य रवि कुमार व प्रबंधक आर के प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण अंचल पर प्रतिभा का अंबार है। बस निखारने की जरूरत है। इस मौके पर संदीप, बृजमोहन, रमेश, उदय, पंकज, राजीव, अमित, लीलावती, चिंता, वंदना, केशव, हरिओम, राहुल, पूनम, सरिता, तृप्ति सहित शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

### नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण 27 को

**डीडीयू नगर।** जनपद की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था अग्रसेन सेवा समिति के तत्वावधान मे निःशुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त के बाबत जानकारी देते हुए शिविर प्रबंधक जिले के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. राजीव ने बताया कि स्थानीय श्री राम मंदिर इस्टर्न बाजार स्थित आनंद नेत्रालय के प्रांगण मे 27 दिसंबर दिन मंगलवार को पूर्व की भांति नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया है जिसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल आईपीएस द्वारा पूर्वाह्न 11.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे मुख्य चिकित्साधिकारी डा.युगल किशोर राय शिरकत करेंगे। कार्यक्रम संयोजक के रूप मे अग्रसेन सेवा समिति संस्था के ओमप्रकाश जिंदल, मोहित बगड़िया मौजूद रहेंगे।

# अपने अधिकारों के प्रति सभी को जागरूक होने की जरूरत

**कार्यक्रम**

### उपभोक्ताओं को मिले हैं असीमित अधिकार, सिर्फ जानने की जरूरत

**डीडीयू नगर।** अपने अधिकारों के प्रति हर किसी को जागरूक होना होगा। जागरूकता के जरिए ही उपभोक्ताओं को अच्छा सामान और सेवा मिल सकेगा। उक्त बातें मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने नगर के आर्य समाज मंदिर में उपभोक्ता कल्याण परिषद द्वारा आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। इसके पूर्व सेमिनार में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता, बाट माप अधिकारी, चिकित्सक, खाद्य निरीक्षक आदि ने उपभोक्ताओं के अधिकार समझाए और उपभोक्ताओं के सवालों के जवाब दिए। इसकी शुरूआत अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत कर हुआ। उन्होंने कहा कि हम सभी उपभोक्ता हैं।

उपभोक्ताओं का हित सर्वोपरि होना चाहिए। कहा कि सिर्फ दुकान से सामान खरीदने वाला ही उपभोक्ता नहीं है, बल्कि चुने हुए जनप्रतिनिधि भी लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। उन्होंने अपने दायित्वों के बारे में समझाया। वहीं नगर पालिका में लगे स्वकर पर भी खुलकर बोले। कहा कि स्वकर पालिका में सर्वसम्मति से पारित हुआ है। ऐसे में सिर्फ चेयरमैन पर आरोप लगाना गलत है। कहा कि उपभोक्ताओं के पास असिमित अधिकार है। ऐसे में उपभोक्ताओं को डरने की जरूरत नहीं है। कहा कि यदि आप कोई सामान खरीदें अथवा सेवा लें तो उसका बिल अवश्य अपने पास रखें। यदि कहीं से लगे कि सेवा अथवा उत्पाद में कमी है तो उपभोक्ता फोरम में शिकायत कर सकते हैं। यही नहीं सरकार के आदेश के तहत अब देश के किसी कोने से शिकायत हो सकती है। कहा कि हर किसी को उपभोक्ता कानून के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। जागरूकता से ही धोखाधड़ी से बचाव हो सकता है। कार्यक्रम में परिषद के पूर्वी चेयरमैन संजय श्रीवास्तव बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अरुण कुमार श्रीवास्तव, बाट माप निरीक्षक सुदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. शिव कुमार चतुवेर्दी, चित्रसेन, डॉ. अनिल यादव, ओमप्रकाश सिंह, अरुण कुमार आर्य, सतीश जिंदल, भागवत चौरसिया, वासुदेव यादव, नारायण प्रसाद सोनकर रहे।



उपभोक्ता कल्याण परिषद के कार्यक्रम में विधायक को सम्मानित करते लोग।

# मोबाइल बर्बाद कर रहा युवाओं का जीवनः अरुण खंडावले

**शहाबगंज।** कर्मनाशा नदी के तट पर चार दिनों तक चले गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा दीप यज्ञ के साथ सम्पन्न हो गया। कथा के अंतिम दिन कथावाचक अरुण खंडावले ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर संयुक्त परिवार में विघटन देखने को मिल रहा है। जिसका परिणाम है परिवार में निर्धनता आ रही है। घर की बेटे, बेटियां स्वच्छंदता का परिचय देते हुए घर परिवार के मान प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं। संयुक्त परिवार में लोग एक दूसरे के सुख-दुख को साझा करते हैं। जिसके कारण मानसिक तनाव पैदा नहीं होता।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दीप अंधेरे को मिटाकर उजाला फैलाता है। उसी तरह हम सभी को अंधकार मिटाकर अपने जीवन में प्रकाश फैलाना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा मन, मस्तिष्क से ठान लें तो देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। लेकिन आज के युवक अपने गुरुओं का जहां सम्मान नहीं करते वहीं मोबाइल के गिरफ्त में होकर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। कथा के अंतिम चरण में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बा के साथ ही आसपास के गांवों से आऐ महिलाएं, पुरुषों, युवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दीपों के जलने के साथ ही कथा परिसर दीपों से जगमगाने लगा। वहीं 24 कुंडीय यज्ञ के दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने सामिल होकर आहुति दिया। जबकि नामकरण, पुंसमान मुंडन, अन्नप्राशन ग्रभाष्य संस्कार कराते गये। कथा समापन पर भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण यादव, राजेश्वर सिंह, डा.दयानंद सरस्वती, दिनेश सेठ, ओमप्रकाश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता,विजयी सोनकर, राजकुमार मोदनवाल,विजय चौरसिया, अरुण जायसवाल, पिंटू जायसवाल, रितेश श्रीवास्तव, सुजीत कुमार तिवारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



गायत्री महायज्ञ के दौरान उपस्थित युवतियां व श्रोतागण।

# क्रिसमस दिवस की पूर्व संध्या पर याद किये गए ईसा मसीह



सेन्ट जोसेफ स्कूल चहनियां में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर उपस्थित स्कूली बच्चे।

**चहनियां।** ईसाई धर्म के प्रमुख पर्व क्रिसमस दिवस की पूर्व संध्या पर क्षेत्र में कई जगह प्रभु ईसा मसीह को बड़े ही श्रद्धा से याद किया गया। सेन्ट जोसेफ स्कूल चहनियां में प्रिंसिपल अनिल जोसेफ के द्वारा समारोह पूर्वक ईसा मसीह का जन्मदिन मनाते हुए क्रिसमस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनिल जोसेफ ने कहा कि दुनिया में धूमधाम से हर साल 25 दिसंबर को यह पर्व मनाया जाता है। क्योंकि ईसा मसीह का जन्म इसी शुभ तिथि में हुआ था। क्रिसमस ईसाइयों का प्रमुख त्योहार है। आज कल हिन्दू में भी क्रिसमस को लेकर बहुत उत्साह रहता है। भारत वर्ष में भी क्रिसमस की बहुत प्रमुखता बढ़ती जा रही है। ईसा मसीह ऊँच-नीच के भेदभाव को नहीं मानते थे। उन्होंने दुनिया के लोगों को प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया था। इस दौरान विद्यालय परिसर में आकर्षक झांकियां सजाई गई थी और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था थी। इस दौरान अनिल कुमार सिंह, अरविंद कुमार, अभिनव चतुर्वेदी, विनय चौबे, खुशबू सिंह, प्रिंस कुमार पाठक, दीपक तिवारी, मंगेश तिवारी, उमेश सिंह यादव उपस्थित थे।

## दुर्घटना के साथ सोशल डिस्टेंश का पालन करने का निर्देश

**सकलडीहा।** ठंड और कोहरे को लेकर आये दिन दुर्घटना हो रही है। शनिवार को एसपी के निर्देश पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने कस्बा सहित आसपास क्षेत्र में रूट मार्च किया। इस दौरान सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर टाली, ट्रक और कार वाहन स्वामियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही सोशल डिस्टेंस का पालन करने के बारे में लोगों को जागरूक किया। कोरोना के प्रभाव को लेकर प्रदेश सरकार एलर्ट मूड में है। कोरोना गाइड लाइन का पालन कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी है। इस क्रम में कोतवाली पुलिस ने ठंड और कोहरे को देखते हुए कस्बा सहित नागेपुर, तेन्दुई, टिमिलपुर आदि क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को सोशल डिस्टेंस का पालन करने के साथ सड़क के किनारे वाहन न खड़ा करने का निर्देश दिया। चौकी और पैंथर पुलिस को रात्रि में गश्त करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कोतवाल अनिल पांडेय, मनेश शंकर द्विवेदी, कस्बा प्रभारी राज कुमार, मोहन प्रसाद, महफूज आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

# करारी की टीम ने डिग्घी को उद्घाटन मैच में दी शिकस्त

**चहनियां।** बाबा कीनाराम इंटर कालेज रामगढ़ के खेल मैदान पर अन्तर्जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को हुआ। इसका उद्घाटन लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ के प्रबंधक धनंजय सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। उद्घाटन मैच करारी व डिग्घी के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि धनंजय सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि प्रतिभाओं को उभारने का माध्यम भी है। क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल के माध्यम से आगे जाने का मौका मिलता है।

फुटबाल खेल हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ही प्राचीन खेलों को जीवन्त करने का माध्यम है। उद्घाटन मैच में करारी व डिग्घी ने 90 मिनट के खेल दौरान कड़े कौशल का परिचय दिया। खेल के 59 वें मिनट करारी की टीम एक गोल दागकर आगे हो गई जिसे डिग्घी ने अगले पांच मिनट बाद गोल दागकर बराबरी कर दिया। मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आऊट में चला गया। लेकिन वहां भी पांच-पांच खिलाड़ियों ने पेनाल्टी में चार-चार गोल दागकर बराबरी कर दिया। फिर दोबारा शूट आऊट में करारी के आमीर ने गोल दागकर डिग्घी को 1-0 से हराकर अगले राउण्ड में अपनी टीम को आगे बढा दिया। मैच के दौरान समित कुमार सिंह, दीना शर्मा, आभा यादव, सारनाथ पांडेय, अनुप सिंह, पंकज पाण्डेय, दीपक साहनी, श्यामलाल यादव, शैलेन्द्र सिंह, मुलायम यादव उपस्थित रहे।



फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि।

# वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा मन

जनसंदेश न्यूज

**बबुरी।** कस्बा स्थित दुर्गा डिग्री कॉलेज के चौथे वार्षिकोत्सव में कालेज की छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। छात्राओं के मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम ने कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। इसका उद्घाटन समाजसेवी चंद्रप्रकाश सिंह ने मां सरस्वती तथा कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय ओमप्रकाश सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉलेज के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं ने नृत्य, नाटक तथा एकांकी में अपने अभिनय का लोहा मनवा दिया।

इस मौके पर कालेज के प्रबंधक प्रशांत सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चियां शिक्षा के साथ-साथ जब अन्य कौशलों में पारंगत होती है तब वह दो परिवारों को शिक्षित तथा भरण पोषण करने में सक्षम हो जाती हैं। इसलिए बालिकाओं की शिक्षा के लिए सभी को सतत प्रयास करना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों का चहुमुखी विकास होता है। इसलिए ऐसे आयोजनों में छात्र छात्राओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर शशांक सिंह, प्रधानाचार्य बृजेश यादव, गिरजेश सिंह, बैरिस्टर सिंह, सत्येंद्र सिंह, परमहंस तिवारी, आनंद सिंह, दीपमाला गुप्ता आदि मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

## ठंड को देखते हुए मिनी महानगर में जल रहे अलाव

**डीडीयू नगर।** विगत दो दिन पूर्व मौसम एकाएक बदलना शुरू हुआ जिसको लेकर नगर पालिका प्रशासन ने ठंड में जगह-जगह अलाव जलाए जाने की व्यवस्था शुरू कर दी। ठंड व कोहरे को देखते हुए नगर पालिका परिषद प्रशासन ने नगर के सत्रह भीड़ भाड़ वाले प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। जिससे राहगीरों, रिक्शा, टैम्पो चालकों को काफी राहत मिली है। दिसंबर माह के आखरी सप्ताह में मौसम ने अचानक करवट लेना शुरू कर दिया। शनिवार को भी मौसम बदलाव लिया। सर्द हवाओं ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है।इसके लिए पालिका प्रशासन ने पहले से तैयारियां शुरू कर दिया था। नगर पालिका की ओर से डेढ़ दर्जन स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा था। शनिवार को अन्य स्थानों पर भी अलाव जलाने की व्यवस्था किया गया। ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है। जो रात में रिक्शा, टैम्पो चलाते हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने हनुमान मंदिर, वीवीआईपी गेट, आलू मिल चौराहा, चकिया चंदौली तिराहा, मुगलचक गौशाला, रैन बसेरा, महिला चिकित्सालय, सब्जी मंडी, चंदासी पुलिस चौकी, कैलाश पुरी मोड़ आदि सत्रह स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है।

# शॉर्ट सर्किट होने से डीजल से भरी टैंकर में लगी आग



जेठमलपुर के पास डीजल लदे टैंकर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

**सैयदराजा।** क्षेत्र के जेठमलपुर गांव के समीप शनिवार की दोपहर कानपुर से आ रही डीजल से भरी टैंकर में शार्ट सर्किट होने से केबिन में आग लग गई, जिससे केबिन धू-धूकर जलने लगा। यह देखकर आसपास के लोगों व राहगीरों ने टैंकर के ब्लास्ट होने के डर भाग खड़े हुए।

केबिन मौजूद ड्राइवर सहीत तीन लोग भी भाग निकले। जिसकी सूचना पर पहुंची स्थानिय पुलिस ने दमकल विभाग को तुरंत बुलाकर टैंकर में लगे आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार ड्राइवर आजाद सिंह ने बताया कि कानपुर से उड़ीसा को ले जा रहा रिलायंस कंपनी का टैंकर जैसे ही जेठमलपुर गांव के पास पहुंचा था तभी केबिन में शार्ट-शर्किट होने से पूरा केबिन धू-धूकर जल उठा।

वहीं टैंकर में लोड डीजल के टंकी बाल बाल बाच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत दमकल को बुलाकर आग पर काबू पाया। वही टैंकर में आग लगने से खाली ट्रक अपने को बचाने के चक्कर मे उसके पास ही डिवाइडर से जा टकराई। संयोग अच्छा रहा कि उसके चालक व खलासी को चोट नहीं आई।

# स्पोर्ट्स

### एशिया कप तीरंदाजी आज से

**नई दिल्ली।** शारजाह में रविवार से होने वाली एशिया कप तीरंदाजी टूनार्मेंट में तीरंदाज आकाश मलिक भारतीय तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा ओलंपिक में रजत पदक विजेता आकाश ने हरियाणा के सोनीपत में आयोजित तीन दिवसीय ट्रायल में एशिया कप के लिए अपनी भागीदारी हासिल की। आकाश के अलावा जिन तीन अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वे हैं महाराष्ट्र सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड और झारखंड से हैं। आकाश ने कहा मैं ट्रायल में अपने प्रदर्शन से उत्साहि हूं। इससे मुझे कड़ी मेहनत करने और एशिया कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है और टूनार्मेंट में मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास कर पदक जीतने उतरुंगा।



# टीम इंडिया को जीत के लिए चाहिये 100 रन, बांग्लादेश को 231 पर समेटा

## दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय अक्षर पटेल नाबाद 26 और जयदेव उनादकट तीन रन पर खेल रहे थे, अभी दो दिन का गेम बाकी



**मीरपुर।** भारतीय टीम को मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के लिए 100 रनों की जरुरत है जबकि दो दिनों का खेल अभी शेष है। मैच के तीसरे दिन भारतीय टीम ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में 231 रनों पर ही समेट दिया। भारतीय टीम ने पहली पारी में 314 रन जबकि मेजबान टीम ने 227 रन बनाये थे। इन प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 87 रनों की बढ़त हासिल थी। ऐसे में भारतीय टीम को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में 45 रनों पर ही चार विकेट खो दिये थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय अक्षर पटेल नाबाद 26 और जयदेव उनादकट तीन रन पर खेल रहे थे। तीसरे दिन के खेल में गेंदबाज हावी रहे और दिन भर में कुल 14 विकेट गिरे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की दूसरी पारी की शुरूआत खराब रही और तीसरे ओवर में ही कप्तान लोकेश राहुल एक रन के स्कोर पर ही पेवेलियन लौट गये। राहुल को शाकिब अल हसन ने अपना शिकार बनाया। इस दौरे में राहुल एक फिर असफल रहे हैं। वहीं इसके बाद टेस्ट विशेषज्ञ माने जाने वाले चेतेश्वर पुजारा भी 6 रन बनाकर ही आउट हो गये। वह मेहदी हसन की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद मेहदी हसन ने युवा शुभमन गिल को भी 7 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी एक रन बनाकर आउट हो गये। इससे पहले साज दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के सात रनों से आगे खेलते हुए मेजबान टीम ने लंच तक 71 रन पर ही चार विकेट खो दिये पर इसके बाद लिटन दास ने 73 और सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन 51 और निचले क्रम के बल्लेबाज नुरुल हसन ने 31 और तास्किन अहमद 31 ने पारी को संभाला और उसे 231 रनों तक पहुंचाया। भारत की तरफ से सभी पांच गेंदबाजों ने सफलता हासिल की। अक्षर पटेल ने 68 रन देकर तीन रविचंद्रन अश्विन ने 66 रन देकर दो और मोहम्मद सिराज ने 41 रन देकर दो विकेट लिए। इनके अलावा उमेश यादव और उनादकट को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले अक्षर ने अपनी टर्न और उछाल लेती गेंदों से बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। उन्होंने सुबह के सत्र में इसी तरह की गेंद पर मुशफिकुर रहीम को 9 और लंच के बाद मेहदी हसन को खाता खोले बिना ही आउट कर दिया। दूसरे सत्र में तेजी से रन बटोर रहे नुरुल हसन को विकेटकीपर ऋषभ पंत ने स्टंप आउट कर दिया। इस श्रृंखला में बांग्लादेश की तरफ से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जाकिर ने सुबह के सत्र में एक छोर संभाले रखा था पर दूसरे सत्र में उनकी एकाग्रता भंग हो गई और वह उमेश की गेंद पर पेवेलियन लौट गये। लिटन ने तास्किन के साथ आठवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर अपनी पारी को संभाला। नजमुल हुसैन शंटो 5 रनों पर ही आउट हो गये जिन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया।

# ऑस्ट्रेलिया के धुरंधर बल्लेबाज पर लगा बैन, 5 साल बाद लौटा अश्लीलता के आरोप में फंसा यह खिलाड़ी

## मैथ्यू वेड के ऊपर गाली देने के आरोप में मैच बैन लगा दिया गया



**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया हमेशा से ही अनुशान के मुद्दों पर कड़े फैसले लेने के लिए जाना जाता है। मामला अगर उनके खुद के खिलाड़ियों का होता है फिर भी वह बख्सता नहीं है। ऐसा ही बिग बैश लीग के मौजूदा सीजन 12 में भी देखने को मिला। लीग के एक मैच में ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज और होबार्ट हरीकेन्स के कप्तान मैथ्यू वेड के ऊपर गाली देने के आरोप में मैच बैन लगा दिया गया। सीए के इस फैसले के बाद वेड को 24 दिसंबर को होबार्ट और मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच हुए मुकाबले के लिए टीम से बाहर रहना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी विकेटकीपर मैथ्यू वेड पर गाली देने के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी और कहा कि, पिछले 18 महीनों के भीतर आचार संहिता के तीन स्तर 1 के उल्लंघन के बाद वेड को एक निलंबन अंक दिया गया था। बयान में यह भी कहा गया है, उनके (मैथ्यू वेड के) ऊपर लगे आरोप अश्लील शब्दों के प्रयोग और क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित हैं। वेड की अनुपस्थिति में एक ऐसे खिलाड़ी की वापसी हुई जिसने आखिरी बीबीएल मैच 2018 में खेला था। वेड ने 2014 में भी एक ई-स्काई पर पानी की बोतल फेंकी थी जिसके बाद चेंजरूम में एक खिड़की टूट गई थी। उस समय भी उनके ऊपर एक मैच का प्रतिबंध लगा था। आपको बता दें कि मैथ्यू वेड के निलंबन के बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन को वापसी का मौका मिला। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेन मैकडरमोट की उपस्थिति के बावजूद इस मैच के लिए हरीकेन्स ने पेन को टीम में शामिल किया। मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ हुए इस मुकाबले में टिम पेन ने विकेटकीपिंग की और बल्ले से वह कुछ खास नहीं कर पाए। उन्होंने 12 गेंदों पर सिर्फ 10 रन बनाए। वेड की अनुपस्थिति में नाथन एलिस ने होबार्ट की कमान संभाली और टीम ने मेलबर्न रेनेगेड्स को 8 रनों से मात भी दी। टिम पेन ने इससे पहले अपना आखिरी बीबीएल मैच 4 फरवरी 2018 को एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ खेला था। वह होबार्ट हरीकेन्स के लिए इससे पहले 43 मैच खेल चुके हैं।

# हीटर जलाकर ली चैन की नींद तो बढ़ेगी सांस की समस्या

**वाराणसी।** सर्द मौसम में शरीर को राहत को देनें के लिए हर घर बड़े पैमाने पर हीटर व लकड़ी के कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है लेकिन यह जितना आराम दायक है उससे कहीं ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। खास तौर पर बंद कमरे में हीटर जलाने वे सांस के रोगियों की संख्या में ना सिर्फ इजाफा हो रहा है,बल्कि अटैक की भी समस्या बढ़ जा रही है।



नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ फिजीशियन डा. ओपी सिंह ने बताया कि हिटर, ब्लोअर व लकड़ी के कोयला से कार्बन डाईऑक्साइड ओर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है जो सांस के रोगियों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। कमरे में ऑक्सिजन भी कम होता है। ऐसे में सोने से पहले हीटर, ब्लोअर या लकड़ी का कोयला कमरे से हटा देना चाहिए हां जरुरत पड़ने पर कमरे की खिड़की या दरवाजा खुला रहे तो ऐसी समस्या नही होती। इसके साथ ही डा. वीके सिंह ने सांस के रोगियों को सलाह दिया कि सर्द के मौसम में सीने के साथ-साथ कान सिर और गला भी ढक कर रखें। इसके अलावा अगर धूल और प्रदूषण वाले इलाके में रहते हैं तो सुबह-शाम पानी गर्म कर भाप जरुर लें। डा. ओपी सिंह ने बताया कि जागरूकता से ही सर्द मौसम में सांस के रोगी स्वस्थ्य रह सकतें हैं। इसके अलावा समय-समय पर अपने चिकित्सक से सलाह अवश्य लेते रहें।

# गुरुकुल स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**बोले विनय वर्मा**

### नकारात्मक बातों को हटाकर सकारातमक बातों को दें स्थान

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** क्षेत्र के नेगुरा स्थित गुरुकुल स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ललित निबंधकार डा. उमेश प्रसाद सिंह, डा.धनंजय सिंह, एल. उमाशंकर, विनय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया।

इसके बाद अतिथियों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में चैम्पियन व विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार व मेडल प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि विनय कुमार वर्मा ने कहा कि छात्रों, अभिभावकों व गुरुजनों को अपने मन व जीवन से नकारात्मक बातों को हटाना होगा। नकारात्मक बातें जहर के समान होती है, जिस तरह जहर खाने से जीवन समाप्त हो जाता है उसी प्रकार नकारात्मक बातें जीवन को गलत दिशा में मोड़ देती है। इसलिए हम सभी को अपने जीवन में सकारात्मक बातों को स्थान देना होगा।

पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद भी आवश्यक है। खेल से हमें टाइम मैनेजमेंट, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का विकास होने के साथ अनुशासन की सीख मिलती है। डा. उमेश प्रसाद सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षित होने पर जोर दिया। कहा कि शिक्षा ही समाज में आपको सम्मान व स्थान दिलाने का काम करेगी। शिक्षा आपके भविष्य को बेहतर बनाती है और आगे आने वाले मुश्किलों का सामना करने के लिए दक्षता प्रदान करती है। विशिष्ट अतिथि यथार्थ नर्सिंग कालेज के प्रबंधक डा. धनंजय सिंह ने तकनीकी व रोजगार पर जोर दिया। कहा कि यदि किसी भी छात्र-छात्रा को इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे की शिक्षा हासिल करने में कोई कठिनाई आती है तो वह गुरुकुल स्कूल के माध्यम से सम्पर्क करे उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को भी गिनाया और सरकार की प्राथमिकता व मंशा को भी मंच के माध्यम से रखा। विशिष्ट अतिथि पथ पुस्तक के संपादक एल. उमाशंकर ने शिक्षा का जीवन में महत्व को बताया। कहा कि शिक्षा मानव जीवन में संस्कार व अनुशासन को जन्म देता है, जो एक बेहतर जीवन के लिए जरूरी है। शिक्षा से ही बेहतर समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर संरक्षक इम्तियाज खान, आनंद सिंह, मधु श्रीवास्तव, अंजली, खुशबू सिद्दीकी, प्रियांशी जायसवाल, अभिषेक कुमार, आरिफ अंसारी आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रधानाचार्य कृष्णकांत व धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक इसरार अहमद ने किया।



गुरुकुल स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में उपस्थित अभिभावक व अतिथिगण।

# विद्युत पोल गिरने से आपूर्ति ठप

**कंदवा।** क्षेत्र के चिरईगांव स्थित नलकूप के पास शुक्रवार को 33 हजार लाइन के दो खम्भे कमलेश सिंह के खेत में धराशायी हो गए, जिससे चारी व नौबतपुर लिफ्ट कैनाल की आपूर्ति ठप हो गई। लिफ्ट कैनाल ठप रहने से किसान परेशान हैं। विदित हो कि लिफ्ट कैनालों के विद्युत आपूर्ति के लिए रेरुआ में बने स्वतंत्र फीडर की 33 हजार की मुख्य आपूर्ति जमानिया से होती है। शनिवार को चिरईगांव के किसान कमलेश सिंह अपने खेत में गेहूं की सिंचाई किए थे। इसी दौरान दो खम्भे व तार जमींदोज हो गए।जिससे न्यू चारी व नौबतपुर लिफ्ट कैनाल की आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे सिंचाई को लेकर किसान परेशान हैं। किसान सुमन्त सिंह अन्ना, अंगद यादव, कमलेश सिंह, बिट्टू सिंह आदि किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# महिला प्रवक्ता के साथ अभद्रता करने के आरोप में कनिष्ठ सहायक निलंबित

**कार्रवाई**

### आरोपी पर महिला शिक्षिका के साथ अभद्रता करने का गंभीर आरोप

### उप जिलाधिकारी द्वारा जांच में आरोपों की हुई पुष्टि

**ओबरा।** स्थानीय राजकीय बालिका इंटर कालेज में कार्यरत एक महिला प्रवक्ता के साथ अभद्रता करने के आरोप में शनिवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक विंध्याचल मिजार्पुर कामता राम पाल ने आरोपी कनिष्ठ सहायक संदीप चौधरी को निलंबित कर दिया है।इस दौरान आरोपी को उप शिक्षा निदेशक विंध्याचल मिजार्पुर कार्यालय से संबंध कर दिया गया है।वही दिए गए आदेश में आरोपी को निलंबन अवधि में जीवन निर्वहन भत्ता देय होगा परन्तु उन्हें इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार या व्यवसाय में नहीं है। इस पूरे मामले की जांच हेतु पदेन जिला विद्यालय निरीक्षक मिजार्पुर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। बता दे कि बीते 3 दिसंबर को आरोपी कनिष्ठ सहायक ने विद्यालय की एक महिला प्रवक्ता के साथ अभद्रता किया था। महिला प्रवक्ता ने तत्काल इसकी सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र को भी दी थी।इसके बाद पीड़िता अपनी मानसिक स्थिति की वजह से अपने निवास झूसी, इलाहाबाद चली गई। मानसिक स्थिति कुछ ठीक होने के बाद ओबरा आकार बीते 7 दिसंबर को ओबरा थाना में कनिष्ठ सहायक के खिलाफ शिकायत पत्र दिया।जिसपर थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने कार्यवाही करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 354 (क)(1)(), 504, 506 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया।मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से आरोपी संदीप चौधरी विद्यालय से लगातार अनुपस्थिति रहने तथा उप जिलाधिकारी ओबरा द्वारा किए जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद श्री चौधरी को निलंबन करने की संस्तुति की गई है।

### डीएम ने बरहनी ब्लॉक पर पात्रों को सौंपी आवास की चाबी

**कंदवा।** चलो चंदौली अभियान प्रशासन आपके द्वार अभियान कार्यक्रम के तहत शनिवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय बरहनी पर मेला, प्रदर्शनी व जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान आजीविका मिशन, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार सहित दो दर्जन स्टाल लगाए गए थे। शासन द्वारा संचालित जन हितकारी योजनाओं से जहां आमजन लाभान्वित हुए। जिलाधिकारी चंदौली ईशा दुहन, मुख्य विकास अधिकारी अजितेन्द्र नारायण सहित अन्य द्वारा स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली गयी।

# मदरसा खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**धानापुर।** कस्बा स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम प्रांगण में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग किया। खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मुहम्मद खालिद रहे। उन्होंने खेलकूद का शुभारंभ कराते हुए कहा कि छात्र जीवन में खेलकूद का भी उतना ही महत्व है जितना शिक्षा का।

खेलकूद से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है। खेल के क्षेत्र में भी बच्चे अपना कैरियर बना रहे हैं और देश का मान बढ़ा रहे हैं। प्रतियोगिता में प्राइमरी के बालक वर्ग में 50 मीटर की दौड़ में जफर और बालिका वर्ग में काजल प्रथम रही। लंबीकूद बालक वर्ग में जीशान और बालिका वर्ग में काजल प्रथम रही। जूनियर वर्ग बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में महादेव बालिका वर्ग में अनुष्का प्रथम रही। लंबीकूद में महादेव और निशा पहले स्थान पर रही। कबड्डी और खो खो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं महादेव ने कई खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त कर मदरसा चैंपियन रहा। सभी सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरष्कार वितरित किया गया। इस दौरान मु नसीम अहमद, मुफ़्ती इरशाद अहमद कारी नजीर अहमद, अबुल लैस खान, इजहार खान, जुनेद, निधि गुप्ता, इम्तियाज उपस्थित रहे।



धानापुर में खेलकूद प्रतियोगिता के बाद मेडल व शील्ड के साथ मदरसे के बच्चे।

## बॉलीवुड न्यूज

### दिल छू लेने वाली कहानी है 'दिल दियां गल्लां'



**इंदौर।** सोनी सब पर हाल ही में लॉन्च हुआ शो दिल दियां गल्लां एक ऐसे परिवार की दिल छू लेने वाली कहानी है, जो माइग्रेशन की वजह से दूर हो गये हैं और इस परिवार के सदस्यों के बीच कई अनकही बातें हैं। शो के शुरूआती एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि अमृता (कावेरी प्रियम) भारत आ गई है और उसे पता नहीं है कि वह जिस दिलप्रीत बरार से मिली है, वह असल में उसके दादा जी हैं।
अमृता अपने प्रोजेक्ट के काम के लिये भारत आती है और अपने पिता से झूठ बोलती है कि वह इंडोनेशिया जा रही है। उसका दोस्त आदित्यार, जो जानता है कि वह भारत जा रही है, उससे पूछता है कि यदि वह भारत में अपने दादा जी से मिली, तो क्याय होगा। इस पर अमृता कहती है कि वह कभी भी अपने दादा जी से नहीं मिलेगी। अमृता अपने दादा पर अपने पिता को नहीं अपनाने और उन्हेंइ खुद से दूर करने का आरोप लगाती है। वह इस बात से बहुत दुखी है और इसलिये कामना करती है कि उसे कभी भी अपने दादा का मुंह न देखना पड़े। तकदीर अपना खेल खेलती है और अमृता पंजाब पहुंच जाती है और वह उस गांव में जाती है, जहां दिलप्रीत एवं संजोत रहते हैं। सच्चााई से अनजान अमृता दिलप्रीत से मिलती है। दिलप्रीत और अमृता अपने रिश्ते से अनजान होकर भी कैसे एक-दूसरे के करीब आते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा। कावेरी प्रियम, जोकि अमृता का किरदार निभा रही हैं, ने कहा ृअमृता भारत में है और उसे इस बात का अंदाजा भी नहीं है कि उसकी किस्मृत उसे कहां लेकर जा रही है। लेकिन इस शो की छोटी-छोटी बारीकियों में बहुत मजा आ रहा है। जैसे कि कैसे अनजाने में अमृता की मुलाकात उसके दादा से होती है और वह कैसे वीर और रिया के साथ अपने रिश्त को मजबूत बनाने की कोशिश कर रही है। समय बीतने के साथ दिलप्रीत और संजोत को अमृता के साथ लगाव महसूस होने लगता है। मुझे सेट पर भरपूर प्याहर का अहसास हो रहा है, क्यों कि सेट पर ऐसा लगता है कि हम सचमुच एक बड़े परिवार की तरह है। आगे क्यार होने वाला है यह दर्शकों के लिये एक सरप्राइज है।

### कोरोना को लेकर नगर निगम की तैयारी पूरी

**वाराणसी।** कोविड-19 के खतरे को लेकर नगर निगम ने कमर कस ली है। इस बाबत शनिवार को नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने अपने मातहत अधिकारियों के साथ बैठक की गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एनपी सिंह ने बताया कि नगर निगम की टीम चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का काम शुरु करा दिया है। पहले दिन नगर के सभी पुलिस थानों में सेनेटाइजेशन का काम हुआ। सेनेटाइजेशन की कार्य योजना तैयार कर ली गयी है। रविवार को तीन दिनों तक सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूल कालेजों में सेनेटाइजेशन कराया जायेगा। नगर निगम ने अपने सभी सफाई चौकियों पर कोविड हेल्प डेस्क को क्रियाशील कर दिया है।

### अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर हुई कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए ने शनिवार को अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की। चेतगंज वार्ड लहूरबीर से नई सड़क मुख्य मार्ग पर चार मंजिल अवैध निर्माण को प्रवर्तन टीम एवं थाना-चेतगंज पुलिस बल के सहयोग से आंशिक ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की गयी। रामनगर वार्ड के अंतर्गत महेश चन्द्र श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, सवेन्द्र सिंह उर्फ पिंटू व अन्य कालोनाइजर के द्वारा हमीदपुर चंदौली पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 20 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं थाना-मुगलसराय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की।

### मशरूम है नोबल फूडःडॉ. मनोज पांडे

**तरना।** उदय प्रताप कॉलेज में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के सहयोग से एग्री विजन की ओर से आयोजित प्राकृतिक खेती से कृषि उद्यमिता विषयक कार्यशाला के दूसरे दिन कृषि विज्ञान केंद्र भदोही के पादप सुरक्षा विज्ञानी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार ने भी मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को मंजूरी दी है। डॉ. पाण्डेय ने प्राकृतिक खेती में पादप सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया। डॉ. पांडे ने मशरूम के लिए कंपोस्ट बनाने की विधि तथा मशरूम का बीज (स्पान) तैयार करने की विधि की जानकारी दी। बीएचयू के डॉ. संदीप शर्मा ने प्रीसीजन जीन एडिटिंग तकनीकी के बारे में बताया। लोनलीजेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक डॉ. विशाल दीक्षित ने मोटे अनाजों की पौष्टिकता एवं उपयोगिता पर व्याख्यान दिया।

### पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा नहीं कर सके दर्शन

**वाराणसी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौडा शनिवार दोपहर 12.30 बजे पत्नी के संकटमोचन मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे। इस दौरान दोपहर भोग आरती के बाद मंदिर का कपाट बंद हो गया था। जिसके बाद पूर्व पीएम ने बाबा के दरबार का परिक्रमा किया। मंदिर की तरफ से प्रसाद भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद पूर्व पीएम वापस लौट गए।

## संक्षेप

### बाल संसद का चुनाव कम्पोजिट विद्यालय में सम्पन्न



**चहनियां।** महुआरी खास स्थित कम्पोजिट विद्यालय में प्रधान सतेंद्र सिंह मिन्टू के नेतृत्व व प्रधानाध्यक पारस यादव के देख-रेख में भावना जागृत करने के उद्देश्य से बाल संसद का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्रों ने विद्यालय में पोलिंग बूथ पर वोट डाले। चुनाव संयोजिका दीपाली सिंह के अगुवाई में लोकतांत्रिक तरीके से बाल संसद के चुनाव में बीडीसी नरेंद्र गुप्ता के सहयोग से काल्पनिक प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, जल एवं स्वच्छता मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री,पर्यावरण मंत्री आदि पदों के लिए चुनाव हुआ। चुनाव में आठवीं कक्षा के छात्र शिवा पाण्डेय प्रधानमंत्री, सातवी कक्षा की छात्रा ज्योति प्रजापति शिक्षा मंत्री के लिए चुना गया। साथ ही अन्य सात मंत्री व तीन सदस्य बनाये गये। मौके पर ही उन्हें जिम्मेदारी व पद की गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान प्रधानाध्यापक पारसनाथ यादव ने कहा कि विद्यालय के प्रबंधन में सहभागिता के मद्देनजर बाल संसद का गठन किया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रम करने से बच्चो के अंदर कुशल नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास के साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान अध्यापक जय सिंह, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी, कन्हैया सिंह, गोपेश सिंह, अरविंद, दीपक, कृपाशंकर, अभय सिंह आदि उपस्थित थे।

### धानापुर में स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग आयोजित

**धानापुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग का शनिवार को आयोजन किया गया। प्रशिक्षण पीएसयू फाउंडेशन लखनऊ के माध्यम से आयोजित की गई थी। जिसमें प्रति ग्राम पंचायत से दो प्लंबर, दो फिटर, दो पंप ऑपरेटर, दो मोटर मकैनिक, दो इलेक्ट्रीशियन, तीन राजमिस्त्री के क्षमता संवर्धन ट्रेनिंग संपन्न कराई गई, जिससे विभिन्न ट्रेनों के व्यक्ति प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद स्वयं अपना रोजगार कर सकते हैं प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षण किट को वितरित किया गया। जिसमें विकास खंड अधिकारी विजय कुमार, रजत द्विवेदी, अंकित कुमार, इशान्त कुमार व प्रदीप कुमार, अनुराग, शिवेंद्र प्रताप, शिवम साहनी, अवनीश, अनिमेश, विक्की कुमार, रोहित, जगन्नाथ, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### वैदिक धर्म महोत्सव आज

**डीडीयू नगर।** आर्य समाज मंदिर मुगलसराय के तत्वावधान मे 104वां वार्षिक वैदिक धर्म महोत्सव रविवार से मनाया जाएगा महोत्सव के शुभारंभ में ध्वजारोहण, शोभा यात्रा, ऋग्वेद शतक यज्ञ भजन प्रवचन का आयोजन वैदिक रीति-रिवाज से मनाया जाएगा। सोमवार को यजुर्वेद शतक यज्ञ मंगलवार को अथर्ववेद शतक यज्ञ के बुधवार को सामवेद शतक यज्ञ व आर्य महिला सम्मेलन सहित विविध आयोजन प्रस्तावित है। इसके मुख्य अतिथि प्रो. अरुण सिन्हा काशी हिंदू विवि होंगे। इसकी सूचना आर्य समाज मंदिर के प्रधान अरुण कुमार आर्य ने दी है।

# सरकारी नाले को पाटकर रास्ता बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

**जलालपुर।** विकास खण्ड क्षेत्र के छातीडीह गाव में शनिवार को एक सरकारी नाले को पाटकर रास्ता बनाने की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण नाले के पास इकट्ठा हो गये। मौके पर पहुंचे ग्राम पंचायत अधिकारी को देखते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और एक साथ नारा लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों के विरोध प्रर्दशन के बाद मौके पर और कोई भी अधिकारी काफी देर तक नहीं पहुचें तो ग्रामीण वापस चले गये।

छातीडीह गांव में एक काफी पुराने नाले को पाटकर रास्ता बनाने को लेकर कुछ दिनों से विवाद उत्पन्न हुआ है। ग्रामीण नाले पर रास्ते का निर्माण न हो इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं केराकत एसडीएम माज अख्तर खान से भी गुहार लगा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह ही गांव में ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल मौर्या आये और उन्होंने बताया कि नाले में पाइप डालकर रास्ता बनाने का प्रस्ताव पास है। कुछ अधिकारी गांव में आने वाले हैं और नाले पर रास्ते का निर्माण होगा। यह बात जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते भारी संख्या में नाले के पास ग्रामीण इकट्ठा हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि दो घर के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नाला पाटकर रास्ता बनाने का प्रयास किया जा रहा है और नाले के अन्दर जो पाइप डालने की बात कही जा रही है वह पाइप बहुत ही पतली है। बरसात के दिनों में उक्त पाइप से पानी की निकासी नहीं हो सकती है और पूरा गांव डूब जाएगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव ने बताया कि छातीडीह गांव के अलावा मठिया, सरैया, पराऊगंज सहित अन्य गांव से बरसात का पानी इस नाले से होते हुऐ करीब 5 किलोमीटर दूर खर्गसेनपुर नहर में जाता है। नाली में पतली पाइप डालकर रास्ता बनाने से बरसात के दिनों पानी नहीं निकल पाएगा और किसानों का पूरा खेत बर्बाद हो जाएगा। इस संबंध में कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी रामदरस यादव ने बताया कि नाले को पाटकर कोई रास्ता का निर्माण नहीं होगा नाले की जगह नाला ही रहेगा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से लालती देवी, अखिलेश सरोज, झूले लाल मुसहर, मुन्नीलाल सरोज, दयाराम सरोज, सुरेंद्र यादव, संजय यादव, श्याम बहादुर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

चंदवक। कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत सीएचसी डोभी का राज्य स्तरीय डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा फार्मेसी, लैब, ओटी सहित अन्य विभागों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, परिसर की सुंदरता, हरियाली देख टीम संतुष्ट नजर आईं। सीएचसी डोभी के निरीक्षण में राज स्तरीय टीम में प्रयागराज से आए डॉ. सहेंद्र विक्रम, डॉ. ज्ञानेन्द्र, डॉ. ललित द्वारा अस्पताल के विभिन्न विभागों फार्मेसी, लैब, ओटी, जननी सुरक्षा कार्ड, सामान्य वार्ड, प्रतिरक्षण कक्ष, बीपीएम यूनिट, कैम्पस की साफ सफाई, कचरा निस्तारण, ग्रीन पार्क, अभिलेखों के रख रखाव, महिला पुरूष वार्डो, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, अग्निशमन की व्यवस्था आदि का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण किया। टीम परिसर की साफ सफाई, हरियाली को देख संतुष्ट नजर आईं। विशेषज्ञों की टीम को निरीक्षण के दौरान मंडल क्वालिटी सलाहकार डॉ. तनवीर, जिला क्वालिटी सलाहकार डॉ. क्षितिज ने विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया। टीम ने कर्मचारियों को और बेहतर करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. प्रिंस मोदी के सहयोग से टीम ने पौधरोपण भी किया।

# मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में सीएटीसी 324 का शुभारंभ



**मड़ियाहूँ।** मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज में 98 यूपी बीएन एनसीसी द्वारा सीएटीसी 324 का शुभारम्भ हुआ। शनिवार को कैंप कमांडेंट कर्नल एनएस नेगी ने ओपनिंग सेरिमनी में कैंप का उद्घाटन किया। कर्नल नेगी ने सात दिवसीय इस कैंप में दिए जाने वाले ट्रेनिंग के बारे में बताया।

एनसीसी कैडेट के लिए अनुशासन सर्वोपरि है। किस तरीके से रहेंगे, क्या अनुशासन होगा, कब उनको सोना है और कब जागना है इन सब बातों की जानकारी कर्नल ने बच्चों को दी। उनके सहयोग में 96 बटालियन के एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल नीलांश भी मौजूद रहे। सूबेदार मेजर गुरदयाल सिंह तथा सूबेदार ईश्वर थापा के साथ अन्य 12 पीआई स्टाफ बच्चों की ट्रेनिंग के लिए लगाए गए हैं।

कर्नल नेगी ने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों को एनसीसी की अच्छी ट्रेनिंग देने के साथ-साथ उन्हें फायरिंग का भी अभ्यास कराया जाएगा। इसी कैंप में आसपास के कॉलेजों में चल रहे एनसीसी कैडेटों को भी परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

इस अवसर पर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन एसके पाठक बदलापुर इंटर कॉलेज के सेकंड अफसर लेफ्टिनेंट इंद्रमणि उपाध्याय, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार सक्सेना, सेकंड अफसर पुष्कर दुबे, बलभद्र इंटर कॉलेज पाली से और कचगांव इंटर कॉलेज से थर्ड ऑफीसर अभिषेक सिंह ट्रेनिंग के दौरान उपस्थित रहे। बीएनबी इंटर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन शिव शंकर मिश्रा ने एनसीसी अधिकारियों का अपने विद्यालय परिसर में स्वागत किया तथा कैंप में पूरा समय देने का आश्वासन दिया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया नूतन वर्ष


अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित करते डॉ. संजय सिंह

**जौनपुर।** कमला नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज में नूतन वर्ष शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के डांस, रैम्पवाक तथा अलग-अलग प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गयीं। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों ने छात्रों को विभिन्न पुरस्कार से पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह और एएसपी सिटी डा. संजय कुमार तथा कालेज के संस्थापक राय रतन बहादुर सिंह ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में कालेज के चेयरमैन विनय कुमार सिंह, डायरेक्टर डा. संजय सिंह, डा. ज्योति सिंह, डा. अजय सिंह, मैनेजर राकेश सिंह, संतोष सिंह, स्वतंत्र सिंह, केपी सिंह, सुनैना, आरती, सुमन, सोनी, प्रान्जली, रंजना, सोनम, ईशु अनामीका, दिपांशी, आशीष तथा संजय आर्यन उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में हरिश्चन्द्र फार्मेसी कालेज के प्रिंसिपल सूरज सेन तथा मो. आसिफ, प्रवीन, आकाश, विकास यादव, नितेश प्रजापति, संदीप, डा. सैफ ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## तीन के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** ऊर्जा प्रबन्धन द्वारा लाइन हानि को कम किये जाने के निर्देश पर कस्बा मछलीशहर में अधिशासी अभियंता रामानंद मिश्रा एवं जे.ई. अभिषेक केसरवानी व लाइन स्टाफ की टीम द्वारा मछलीशहर कस्बे के मोहल्ला कायस्थाना एवं कोतवाली में बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 3 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी करते पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। उपरोक्त चेकिंग अभियान से मछलीशहर क्षेत्र के कटियामारों में भय का माहौल बना रहा। मछलीशहर के अधिशासी अभियंता रामानन्द मिश्रा द्वारा उपभोक्तओं से ईमानदारी से बिजली उपभोग करने की अपील की गई तथा इस प्रकार के चेकिंग अभियान को आगे भी चलाये जाने की बात कही गयी। उक्त चेकिंग टीम में लाइनमैन रमाकांत, हूबलाल, ज्ञानेंद्र कुमार, फिरोज अहमद, सबरे आलम आदि शामिल रहे।

# भविष्य में आने वाली महामारी से बचाव को पैरामेडिकल व नर्सिंग की करें पढ़ाई

**आयोजन**

**अवध पैरामेडिकल व नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया जागरूक**

**जनसंदेश न्यूज**


छात्र-छात्राओं को जागरूक करते कालेज के छात्र

**जौनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पहल की गई मिशन निरामया के तहत अवध पैरामेडिकल व नर्सिंग कॉलेज पंचहटिया के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने जिले के कई विद्यालयों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य लाभ व कैरियर काउंसलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

जनपद के दो इंटर कॉलेजों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित मिशन निरामया के तहत नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कोर्स के बारे में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कोर्स के बारे में जागरूक कर स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। भविष्य में आने वाली किसी भी महामारी से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां होनी चाहिए जिसके लिए नर्सिंग व पैरामेडिकल की पढ़ाई जरूरी है।

छात्र-छात्राओं ने हृदयाघात जैसी गंभीर बीमारी से बचाव, हाथ धोने के विशेष तरीके से भी लोगों को अवगत कराया। छात्रों और शिक्षकों की टीम ने हाइजीन मेंटेन के बारे में जानकारी दी।

टीम ने जनपद के नगर पालिका इंटर कॉलेज और जीजीआईसी इंटर कालजे में भ्रमण कर स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान की। इस मौके पर डायरेक्टर अखिलेश सिंह और शिक्षक सुनील यादव, रामकेश वर्मा, श्रीतिका सिंह, वर्तिका आदि रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार के शीतला चौकियां स्थित चौकीपुर गांव में एक युवक की शराब के नशे में संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई। मृतक के स्वजनों ने किसी के द्वारा छत से धकेल देने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची शीतला चौकियां पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चौकीपुर निवासी ननकु 40 पुत्र स्व. गया शुक्रवार की रात्रि शराब के नशे में था। ग्रामीणों व स्वजनों के अनुसार मरणासन्न हालत में वह थाना क्षेत्र के महंगुपुर में एक निमार्णाधीन भवन के पास गिरा पड़ा था। किसी ने फोन से उसके घर वालों को सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने ननकू को घटनास्थल से उठाकर आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। रात्रि लगभग एक बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। मृतक के स्वजनों ने किसी द्वारा विद्यालय की छत से धकेल देने का आरोप लगा कर शोर मचाना शुरू कर दिया। शीतला चौकियां चौकी प्रभारी चंदन राय ने बताया की युवक नशे में था। घर वाले जिला अस्पताल ले गए थे। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्थिति साफ हो सकेगी और उसी आधार पर आगे उचित कार्यवाही की जायेगी।

## मस्जिद और ब्यूटी पार्लर से हजारों की चोरी

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के रामपुर सरसौड़ा गांव स्थित मस्जिद से चोरों ने शुक्रवार की रात रखे दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे लगभग सात हजार रुपए उठा ले गए। तत्पश्चात बगल के ही सरसौड़ा गांव में स्थित स्नेहा ब्यूटी पार्लर के दरवाजे का ताला तोड़कर ब्यूटी पार्लर में रखी सिलाई मशीन तथा कॉस्मेटिक का हजारों रुपए का सामान भी चोर उठा ले ग

## पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खुज्झी मोड़ से पाक्सा एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दीपक कुमार गोड़ पुत्र शंकर निवासी मारिकपुर खुज्झी मोड़ पर भागने के फिराक में खड़ा है तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# समाधान दिवस पर पड़े 12 प्रार्थना पत्र


समाधान दिवस पर फरियादियों को सुनते एसडीएम

**केराकत।** कोतवाली परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की बैठक उपजिलाधिकारी माज अख्तर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में आये 12 फरियादियों ने अपने मामले के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगायी। वहीं बैठक के दौरान एक भी फरियादी के मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सात राजस्व व पाँच पुलिस से सम्बंधित प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा, लेखपाल त्रिभुवन यादव, आदित्य यादव, राजेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र कुमार, इंद्रेश यादव, राजेश बाबू समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में नहीं हो सका निस्तारण

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। फरियादियों द्वारा चार प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें मौके पर किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, इंस्पेक्टर जनार्दन यादव, एसआई प्रभुनाथ यादव, एसआई वरूणेन्द्र राय समेत राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**मछलीशहर।** कोतवाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अतर सिंह भी उपस्थित रहे। समाधान दिवस चल रहा था कि इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा थाने पर पहुंच कर लोगों की फरियाद को सुना। इस दौरान कुल सात प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण हुआ। समाधान दिवस के बाद सराययुसूफ गौशाला के निरीक्षण के डीएम चले गये। कार्यक्रम में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक, राजस्व निरीक्षक व सभी हल्का लेखपाल उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण


धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**मछलीशहर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विपणन गोदाम शाखा मछलीशहर घान क्रय केंद्र का शनिवार को निरीक्षण किया।

धान क्रय केंद्र पर किसानों की भीड़ देखकर वरिष्ठ विपणन निरीक्षक प्रमोद यादव को कांटा बढ़वाने का निर्देश दिया जिससे अधिक से अधिक किसानों के घान की खरीद हो सके और कोई केंद्र से वापस न जाय। खरीद के बारे में पूछने पर केंद्र प्रभारी ने बताया कि अभी तक 207 किसानों का 8532 कुंतल घान खरीद हुई है। 7040 कुन्तल घान मील में भेजा जा चुका है और एफसीआई गोदाम में 3480 कुंतल चावल का प्रेषण हो चुका है।

किसी भी प्रकार की किसानों को असुविधा न होने का निर्देश दिया। किसानों से वार्ता कर समस्या पूछा जिस पर सन्तोष जाहिर किया। गोदाम में घान के रख रखाव को भी देखा।

# प्रस्तावित हाईवे को परिवर्तित करने के लिए मंत्री से किया आग्रह

**मांग**

**सांसद के प्रयासों से नगरवासियों के मकान और दुकान टूटने से बच सकेंगे**

**जनसंदेश न्यूज**



**मछलीशहर।** क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज ने केंद्रीय परिवहन, सड़क और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में भेंट करके स्थानीय जनता की भावनाओं से अवगत कराते हुए पत्र सौंपकर प्रस्तावित एनएच731 बी हाईवे को स्थानीय कस्बे में आंशिक तौर पर परिवर्तित करने की मांग की है।

सांसद ने मंत्री को अवगत कराते हुए कहाक प्रस्तावित हाईवे जो मछलीशहर, जंघई, दुगार्गंज, वाराणसी तक जा रहा है उसे कस्बे में आंशिक रूप से परिवर्तित करते हुए ताजुद्दीनपुर नहर की पुलिया से निकालते हुए जौनपुर-रायबरेली हाईवे मार्ग पर ग्राम मिजार्पुर के समीप मिलाने से कस्बे के सैकड़ों दुकानदारों के मकान और दुकान टूटने से बचाया जा सकता है। सांसद ने कहा यदि बाईपास का निर्माण संभव नहीं है तो मछलीशहर कस्बे में प्रस्तावित हाईवे की चौड़ाई 22 मीटर के स्थान पर 15 मीटर करने से भी कस्बेवासियों को राहत मिल सकेगी। विदित हो कि क्षेत्रीय सांसद को कुछ दिनों पूर्व ही पूर्व ही स्थानीय भाजपाइयों और आम नागरिकों ने ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित राजमार्ग को कस्बे से निकालने की बजाए बाईपास बनाने का सुझाव दिया था।

सांसद बीपी सरोज ने नगरवासियों की परेशानी से अवगत होते हुए संसद सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की और उन्हें अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं से अवगत कराते हुए बाईपास निर्माण की मांग की है। सांसद के इस प्रयास की पूरे कस्बे वासी सराहना कर रहे हैं।

# सेंटा बन नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मनाया क्रिसमस


क्रिसमस पर सेंटा बने नन्हे-मुन्ने बच्चे

**शाहगंज।** ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल द्वारा बसंती देवी आईटीआई परिसर में बड़े ही धूमधाम से क्रिसमस मनाया गया। सैंटा बने बच्चों ने इस मौके पर पूरा आनंद किया। बच्चों द्वारा इस दौरान डांस एवं खेलकूद का पूरा लुफ्त उठाया। निदेशक दिवाकर मिश्र एवं प्रधानाचार्य डा. अनामिका मिश्रा ने सभी को पर्व की बधाई दी। इस दौरान ललिता मिश्रा, ध्रुव मित्र शास्त्री, विनय शुक्ला, पूनम शुक्ला, दीपक जायसवाल, आशीष जायसवाल, रविन्द्र दूबे, अनूप सेठ, वीरेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल स्टाफ सिमरन अग्रहरि, प्रतिमा जायसवाल, रागिनी यादव, ज्योति गुप्ता, मंजू, ईशनारायण मिश्र, अजय, विवेक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## क्रिसमस डे के पूर्व विद्यालय में मनाया गया पर्व

केराकत। नगर स्थित एसएलबीएस विद्यालय पर बच्चों ने सैंटा क्लॉज की प्रतिमा के साथ क्रिसमस ट्री बना क्रिसमस पर्व मनाया जिसमें बच्चों ने खूब मस्ती की। प्रबंधक दिनेश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या शैलबाला श्रीवास्तव, अध्यापकगण में जोखन यादव, आंशिक, दिव्या, रंजना, रश्मि, सीमा, नीलम आदि लोग रहे।

## क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**जलालपुर।** ओमेगा पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी छातीडीह में क्रिसमस डे के पूर्व दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे सैंटा क्लॉज, राधा, किसान, डॉक्टर, झांसी की रानी, परी, सैनिक, पुलिस एवं हनुमान का रूप धारण किए थे। प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने वालों में सिद्धार्थ मौर्य, आरिफ, यश मिश्रा, उज्जवल यादव, कार्तिकेय सिंह, अर्पित यादव, मानसी गुप्ता, शौर्य यादव, यशवीर सिंह एवं दिशा सिंह प्रमुख रहे। विद्यालय के चेयरमैन पंकज भूषण मिश्र ने सभी बच्चों को क्रिसमस दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रंजना सिंह, सारिका, सरिता, मीना, शकुंतला, डाली मोनी, संगीता, नीलम, प्रतिमा आदि उपस्थित रहे।

## सेंट पैट्रिक में क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर सजावट



**जौनपुर।** क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर सेंट पैट्रिक स्कूल में भव्य सजावट की गयी। यह दिन खुशियों से भरा होता है। इस दिन सभी को गरीबों की मदद करनी चाहिए यही सच्ची मानवता है। सभी को ये पर्व एक-दूसरे की मदद करके मनाना चाहिए इससे आत्म संतुष्टि मिलती हैं। प्रभु यीशु ने हमेशा यही संदेश दिया है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस पर्व के प्रति सभी में उत्साह देखने को मिला। पर्व की तैयारी करने वालों में प्रिंसिपल सिस्टर ग्रेसी, राकेश उपाध्याय आदि रहे।


महोत्सव में लगे स्टालों का अवलोकन करती जनपद न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल

## डॉ. रिजवी लर्नर्स में धूमधाम से मनाया गया कार्निवल महोत्सव

**जौनपुर।** नगर के सुतहट्टी बाजार स्थित डा. रिजवी लर्नर्स एकेडमी के प्रांगण में कानीर्वाल महोत्सव शनिवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल ने किया और सभी स्टालों का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विविध सामानों से सजी हुई स्टाल आकर्षक का केन्द्र लग रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रूचि शर्मा ने मुख्य अतिथि की सहर्ष आगवानी की और विविध सामानों से आकर्षक तरीके से सजी हुई दुकानों का अवलोकन कराते हुए हर सामानों की विशेषताएं बताई और कुछ उत्पादों का रसास्वादन भी कराया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केन्द्र बिंदु सभी स्टाल के अलावा लकी ड्रा कूपन था जो अनायास ही सबका ध्यान आकर्षित कर रहा था। पूर्वी उत्तर-प्रदेश के स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ आधुनिक व्यंजनों का सामंजस्य एकरूपता बनाए हुए था। कुछ प्रमुख खाद्यों में इडली, डोसा, चिकन फ्राई, गुलाब जामुन, आइसक्रीम, गोलगप्पा, चाय, सुट्टा बार, मोमोज, शीतल पेयजल इत्यादि थे जिन पर भारी भीड़ देखी जा रही थी। विविधता में एकता का प्रतीक यह महोत्सव शाम सायंकाल 7 बजे सम्पन्न हुआ। सबके प्रति आभार जताते हुए प्रधानाचार्या डा. रूचि शर्मा ने कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

# स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस


पुरस्कृत हुए बच्चों के साथ अतिथिगण

**सुजानगंज।** प्रणवम स्कूल ऑफ चिल्ड्रेन आर्ट्स में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रबंधक डॉ. प्रमोद के सिंह ने कहाकि भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने की शुरूआत 2012 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि विधायक पंकज पटेल ने विद्यालय के प्रत्येक कक्षा में गणित में प्रथम स्थान पाने वाले प्राची गुप्ता, ऋषिकेश तिवारी, अर्पिता, अनुष्का चंद्रा, अभय सिंह, रूद्र द्विवेदी, गौरव यादव, अभ्युदय यादव, अक्षिता, एलेक्स को स्टार ऑफ द मैथ अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। संचालन दीपक तिवारी ने किया। कार्यक्रम को विजय शंकर दुबे, कुलदीप पाण्डेय, पंकज मणि तिवारी, अजीत शर्मा, संदीप गुप्ता, नीता तिवारी, सुनीता सोनी, आदि वक्ताओं ने संबोधित किया व सान्याल मोदनवाल, करीम अंसारी (प्रधान चकनवाबाद) अजय यादव (प्रधान सकरा)आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया विकास खंड डीघ कार्यालय परिसर का निरीक्षण

**जायजा**

### उपस्थिति पंजिका व अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों से ली जानकारी



विकास खंड डीघ कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण करते डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर के क्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शनिवार को विकास खंड डीघ कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए फरियादियों के शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने विकासखंड डीघ कार्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी कक्ष एवं संपूर्ण कार्यालय सहित परिसर का निरीक्षण किया।

कार्यालय में जाकर उपस्थित कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका व अभिलेखों का अवलोकन व निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों से कार्य पटल संबंधित जानकारी ली। एडीओ कोऑपरेटिव से डीएपी उर्वरक के आगत व वितरण पंजिका का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज के अंतर्गत उन्होंने विकासखंड परिसर से निकलने वाले कचरा निस्तारण के सॉलिड व प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट का निर्देश दिये। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम की दिशा में शिकायतकर्ताओं को गुणवत्तापरक व समयबद्ध संतुष्टिपूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन जनमानस के लिए जितना सरल, सहज व सुलभ बन सकेगा उतना ही सुशासन साकार होगा।

## भेड़ को बचाने के प्रयास में ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड स्टेशन के पश्चिमी फाटक गिराई के पास शनिवार को भेड़ों को बचाने के प्रयास में धर्मी पाल नामक 75 वर्षीय महिला की डेमू ट्रेन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि धर्मपाल की 75 वर्षीय पत्नी रामखेलावन पाल निवासी ग्राम गिराई थाना गोपीगंज निवासिनी अपनी भेड़ों को लेकर चराने के लिए रेलवे लाइन के पास गई हुई थी। जन चचाओं के मुताबिक बताया गया कि उसे कानों से कम सुनाई पड़ता रहा। जिसकी वजह से वह ट्रेन की आवाज को सुन नहीं पाई और उसकी चपेट में आ गई। ग्रामीणों को जब इस संबंध में जानकारी हुई तो वह पहुंचे और शव को घर ले आए, इस बीच ट्रेन के ड्राइवर ने ट्रेन को रोककर इसकी सूचना ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के मास्टर सहित पुलिस चौकी को दी। मौके पर पहुंची चौकी गोपीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## क्रिसमसः विद्युत झालरों से सजे चर्च



**भदोही।** 25 दिसंबर को मनाया जाने वाले क्रिसमस की तैयारीयों में जुटे सभी। नई बाजार स्थित सेंट मेरिज स्कूल में इसको लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। एक से बढ़ कर एक झांकी बच्चों द्वारा तैयार की जारही है। बता दे कि हमेशा से ही नई बाजार स्थित सेंट मेरिज स्कूल में प्रभु यीशु के अवतरण दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है।

स्कूल के प्रिंसपल आनंद लाकरा ने बताया कि प्रभु यीशु के अवतरण दिवस को मनाने की तैयारी काफी पहले से शुरू हो गयी है। बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक झांकी तैयार की जारही है। कहा कि जश्न का आगाज 24 दिसंबर को देर शाम से शुरू हो जाती है जो पूरी रात जागरण करते हुए समुदाय के लोग गीत आदि के माध्यम से खुशी का इजहार करते रहेंगे। एवं सुबह प्रार्थना सभा के साथ पादरी प्रभु यीशु का संदेश लोगों को देते हुए दिखेंगे और 25 तारीख क्रिसमस डे के दिन चर्च में प्रार्थना करने के लिए लोगों का हुजूम एकत्र दिखायी देता हैं। फादर आनंद लाकरा ने बताया कि सेंट मेरिज स्कूल में क्रिसमस की तैयारियों में मुख्य रूप से सिस्टर रेनू, सिस्टर कृपावती, अंजलि, शशिकला, अनुज, पीटर, गिरधारी, जेम्स, राजनाथ, अमल लगे हैं। इस तरह गोपीगंज पड़ाव स्थित अति प्राचीन चर्च पर वैसे तो प्रत्येक रविवार को प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता हैं। वही 25 दिसंबर प्रभु यीशु के अवतरण दिवस पर परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है। और लोग पर्व को मनाने की तैयारी में लगे हुए हैं। और चर्च को रंग-बिरंगे विद्युत झालरों से सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।


## संक्षेप

### कोनिया के विकास के लिए कोइरौना का तहसील बनना जरूरीः राजन



**ज्ञानपुर।** युवा समाजसेवी और प्रमुख उद्यमी राजेश मिश्रा राजन ने कहा है कि कोइरौना सहित कोनिया क्षेत्र के समुचित विकास के लिए धनतुलसी डेंगूरपुर गंगा घाट पर पक्का पुल बेहद जरूरी है। उन्होंने वर्षों से चल रही पक्का पुल की मांग पर जनप्रतिनिधियों की बेरूखी पर नाराजगी जताई है। युवा समाजसेवी ने कहा कि जब-जब कोई चुनाव आता है तब-तब कोनिया के विकास का मामला जनप्रतिनिधि और नेता उठाते हैं लेकिन चुनाव के बाद आवाज भी बंद हो जाती है। कोनिया के युवाओं ने इस पर वर्षों से मांग को आंदोलन का रूप दिया है, लेकिन शासन स्तर पर फाइल आगे बढ़ने की बात तो आती है लेकिन यह कैसी फाइल जिस पर स्वीकृति की मुहर बड़े बड़े जनप्रतिनिधि और डिप्टी सीएम तक नहीं लगवा पा रहे हैं। उन्होंने पक्का पुल की मांग के साथ ही कोइरौना को तहसील बनाने, सीतामढ़ी में उच्चीकृत अस्पताल और डीघ सीएचसी में ट्रामा सेंटर बनाने की मांग को समय की जरूरत बताया है। कहा कि सेमराधनाथ और सीतामढ़ी को पर्यटन स्थल बनाने के लिए बाबा सेमराधनाथ अखिल भारतीय मैराथन का आयोजन कई वर्षों से प्रतिष्ठित पं.करूणा शंकर करते चले आ रहे हैं।

### कमिश्नर व डीआईजी ने गोपीगंज थाने में सुनी फरियाद



**गोपीगंज।** शासन के निदेर्शानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर मंडलायुक्त विन्ध्याचल मंडल डॉ. मुथुकुमार स्वामी व पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिजार्पुर आरपी सिंह ने थाना गोपीगंज में फरियादियों की समस्या सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया तथा अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिया। कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, समाधान ऐसा करें कि फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। समाधान दिवस पर कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें 01 प्रकरण पुलिस से संबंधित प्राप्त हुए, जिसका मौके पर निस्तारण किया गया तथा 20 मामले राजस्व से संबंधित प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया एवं विगत समाधान दिवसों के निस्तारित प्रार्थना पत्रों के जांच आख्याओं का भी अवलोकन किया गया। इसी तरह कोइरौना थाने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार ने फरियादियो की समस्याएं सुनी व शिकायतों के निस्तारण का त्वरित निर्देश दिया।

### कल्पवास की तैयारियों का डीएम-एसपी ने भ्रमण कर किया मुआयना

**ज्ञानपुर।** सेमराधनाथ माघ मेला व कल्पवास की तैयारियों एवं शान्ति व्यवस्था का डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार द्वारा सेमराधनाथ माघ मेला का स्थलीय निरीक्षण करते हुए तैयारियों का मुआयना किया गया। निरीक्षण में डीएम गौरांग राठी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों की सुविधा के दृष्टिगत सेमराध प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं मोबाइल टीम द्वारा जीवन रक्षक दवाओं की अनिवार्य रूप से व्यवस्था की जाएं। रोस्टर वार एम्बुलेंस सहित डाक्टरों की टीम की तैनाती कर मोबाईल नम्बर सहित सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी से स्नान के बाद महिलाओं के कपड़ा बदलने हेतु अस्थायी चेजिंग रूम बनवाने का निर्देश दिया। वन विभाग को कल्पवासियों के लिए आलाव हेतु लकड़ी उपलब्ध कराने पर बल दिया। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष छूटे हुए रेत मार्गो पर भी अविलम्ब चकर्ड प्लेट लगवा दिये जाय। अस्थायी शौचालय का निर्माण, लाईट, पानी का टैंकर मेले की सफाई हेतु सफाई कर्मी एवं फागिंग, ब्लीचिंग की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नपा गोपीगंज को दिया। डीएम ने 14 जनवरी को मकरसंक्रान्ति में संभावित भीड़ की दृष्टिगत उनकी सुरक्षा व्यवस्था हेतु मेला अधिकारी एसडीएम ज्ञानपुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी को मेला को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को कुशलता के साथ पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

### खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

**बरसठी।** क्षेत्र के बघनरी गांव में स्व. पारसनाथ सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह 'प्रिंसू' ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल प्रतियोगिताओं से लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर जीवन जीने की कला मिलती है। उन्होंने कहा कि, खेलों से भाईचारे की भावना का निर्माण होता तथा शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक क्षमताओं का विकास भी होता है। इस अवसर पर विजेता तथा उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व मुख्यातिथि ने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए पूर्व प्रधान स्व. पारसनाथ सिंह के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान प्रेम मिश्रा ने किया। इस मौके पर इस मौके पर पूर्व प्रमुख देवेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रसाद तिवारी, भूमि विकास के चेयरमैन डॉ. अजय सिंह, प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह, अजय सिंह, सत्यप्रकाश दुबे, नन्हे सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामआसरे सिंह ने किया। अंत मे प्रतियोगिता के आयोजक राणा सिंह व सीमांत सिंह 'शानू' ने सभी आगन्तुकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

### समूह की महिलाओं को खाद्य सुरक्षा के संबंध में किया प्रशिक्षित

**ज्ञानपुर।** उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के निर्देशन में कार्यरत जनपद की समस्त महिला स्वयं सहायता समूह को जिलाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य के द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में शनिवार को विकासखंड भदोही के समस्त महिला स्वयं सहायता समूह को खाद्य सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। विभाग के जिला मिशन मैनेजर ने समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाएं ऐसी हैं जिसमें समूह को आर्थिक मदद भी मिलती है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह यदि भविष्य में खाद्य पदार्थों के निर्माण के संबंध में किसी भी प्रकार की मदद चाहते हैं तो विभाग द्वारा उनको व्यवहारिक एवं कानूनी मदद की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानेंद्र पाल सिंह चंदेल ने बताया कि समूह द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ के बोतल या डिब्बे पर उसके निर्माण के संबंध में व अवसान के संबंध में पूरी जानकारी होनी चाहिए। मौके पर भारी संख्या में समूह की महिलाएं मौजूद रही।

### श्रद्धांजलि सभा में जुटेंगे सपाई

**गौराबादशाहपुर।** सड़क दुर्घटना में 12 दिसंबर को मृत पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री स्व. केपी यादव के भाई व समाजवादी छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिक्षक चन्द्र प्रकाश यादव की श्रद्धाजंलि सभा रविवार को उनके धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के उत्तरगावा गांव स्थित आवास पर आयोजित है। श्रद्धाजंलि सभा में समाजवादी पार्टी के तमाम छोटे बड़े नेताओं का जमावड़ा भी होगा। उक्त जानकारी देते हुए स्व. केपी यादव के पुत्र विवेक रंजन यादव निवर्तमान प्रदेश सचिव सपा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस श्रद्धाजंलि सभा में सपा के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों व नेताओं के आने की संभावना है।

### जन चौपाल का हुआ आयोजन

**सुइथाकला।** शासन की मंशा के क्रम में शनिवार को क्षेत्र के मित्तूपुर एवं पिपरौल गांव में सुशासन सप्ताह के तहत जन चौपाल का आयोजन हुआ। पंचायत भवन पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में सचिव उगेश पाठक ने उपस्थित लोगों के बीच शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने मनरेगा जाबकार्ड, पेंशन, श्रमकार्ड एवं आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि आदि बनवाने की प्रक्रिया तथा उसमे मिलने वाले लाभ के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान ग्रामप्रधान पिपरौल राजेन्द्र, ग्रामप्रधान मित्तूपुर कौशल, लेखपाल कृष्णदेव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बीईओ व एआरपी को डायट प्राचार्य ने किया सम्मानित

**करंजाकला।** विकासखण्ड में निपुण एसेसमेंट परीक्षा में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव, एआरपी संदीप चौधरी, जगदीश यादव, अच्छेलाल चौधरी, सतीश चंद्र मौर्या, डॉ. मनोज सिंह को डायट की तरफ से शाल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य डॉ. सचिदानंद यादव, बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल, वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश सिंह, रविन्द्रनाथ यादव, समस्त एसआरजी, डायट मेंटर, एआरपी उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला का आयोजन 27 को

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में हाईस्कूल, इण्टर एवं स्नातक उत्तीर्ण 150 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेले का आयोजन 27 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे कार्यालय कैम्पस में किया गया है, जिसमें कुल 5 कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जो साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर भर्ती करेगी।

## परवेज कार्पेट के मालिक कलीम ने 175 विद्यार्थियों को बांटा स्वेटर



**भदोही।** प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के पास प्रतिदिन विद्यालयों में जाने के लिए सरकार की ओर से ड्रेस व स्वेटर मुहैया कराया जाता है। लेकिन आर्थिक मजबूरियों के कारण कुछ अभिभावक अपने बच्चों को सर्दियों का कपड़ा उपलब्ध कराने के लिए परेशान रहते हैं, जब इस बात का पता परवेज कार्पेट के मालिक कलीम अंसारी को लगा तो उन्होंने प्राथमिक विद्यालय दुल्लमदासपुर, सरोंई में पहुँचकर विद्यालय में ठंड से ठिठुरते 175 बच्चों को स्वेटर वितरित किया।

परवेज कार्पेट के मालिक कलीम अंसारी के द्वारा दिये गए स्वेटर को पाते ही दिसंबर के महीने में ठंड से कांपते बच्चों का चेहरा खिल उठा। बताते चलें कि शासन की तरफ से स्वेटर का पैसा सीधे बच्चों के खाते में भेज दिया जाता है परंतु विद्यालय के अधिकतर गरीब बच्चों के परिवार वालों के पास घर चलाने को पैसा नही होता, इस कारण वे अपने अन्य जरूरतों में उस पैसों को खर्च कर लेते हैं और समय से बच्चों को स्वेटर नहीं दिला पाते। इस दौरान परवेज कार्पेट के कलीम अंसारी ने कहा कि बच्चों की खुशी देख कर उनके और जरूरतों को पूरा करने का जज्बा बढ़ा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमृत लाल, सलमा बनो, पूनम, तारा गौतम, बृजेश मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

**गोपीगंज।** निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने शनिवार को नगर गोपीगंज में फ्लैग मार्च निकाल लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही। बताते चले की होने वाली निकाय चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, सदर पुलिस उपाधीक्षक प्रभात राय सहित कोतवाल सदानंद सिंह ने पैरामिलिट्री के साथ शनिवार को क्षेत्र के जीटी रोड, पश्चिम महाल, खरहट्टी मोहाल, काली देवी, मिजार्पुर रोड में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने नगरीय क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया और सभी पुलिस जवानों को चुनाव के दौरान कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए।

# 'छोटा सा दिल और छोटी सी आशा' गीत पर थिरके स्कूली नौनिहाल



जिला विद्यालय निरीक्षक एन एल गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट करते पीस कॉटेज स्कूल के संस्थापक डॉ. अजय पाडेय

**भदोही।** सुरियावां नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। पीस कॉटेज स्कूल की तरफ से यह समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावक, छात्र-छात्राओं ने अच्छे कार्यक्रम पेश कर आमंत्रित अतिथियों का मनमोह लिया। समारोह में उपस्थित लोग प्रस्तुति को देखकर लगातार तालियां बजाते रहे।

पीस कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की तरफ से मराठी परिवेश और गीत पर बढ़िया भाषायी नृत्य पेश किया गया। गीत छोटा था लेकिन बच्चों ने उपस्थित अभिभावकों और आमंत्रित अतिथियों का मनमोह लिया। एक छात्रा ने देश भक्ति का गीत गाया जो खूब पसंद किया गया। उसने सेना की वर्दी में गीत पर अच्छा अभिनय किया। दूसरे समूह के बच्चों ने अन्य विषयों पर डांस किया जो बेहद रोचक और मनोहारी लगा। बच्चों के एक समूह ने 'छोटा सा दिल और छोटी सी आशा' गीत पर भावपूर्ण अभिनय करते हुए खूब तालियां बटोरी। पीस कॉटेज स्कूल का पूरा कैंपस छात्र-छात्राओं और अभिभावकों से खचाखच भरा हुआ था।

स्कूल प्रबंधन की तरफ से समारोह में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के संरक्षक डॉ. अजय पांडेय, प्रबंधक माया पांडेय, प्रिंसिपल नीरज दुबे, उपाचार्य स्वागता साहा, नितेश उपाध्याय, दिवाकर उपाध्याय की भूमिका अहम रही। डॉ. अजय पांडेय ने वार्षिकोत्सव समारोह को सफल बनाने के लिए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कबड्डी और रस्साकसी फाइनल प्रतियोगिता में ब्लू हाउस रहा प्रथम

**आयोजन**

### चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन खिलाड़ी हुए सम्मानित



सम्मानित हुए खिलाड़ियों के साथ विद्यालय प्रबंधक

**मुंगराबादशाहपुर।** सिटी पब्लिक स्कूल में शनिवार को चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। कक्षा एक से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया।

जूनियर व सीनियर वर्ग फाइनल खो खो प्रतियोगिता में ग्रीन व एलो तथा रेड व ग्रीन हाउस के बीच हुई। इसमें सीनियर व जूनियर में रेड हाउस प्रथम रहा। सीनियर व जूनियर वर्ग रस्साकशी प्रतियोगिता में बालक वर्ग ब्लू व रेड के बीच हुआ जिसमें सीनियर व जूनियर में रेड व ब्लू हाउस प्रथम रहा। फाइनल कबड्डी जूनियर व सीनियर वर्ग बालिकाओं में ग्रीन व ब्लू तथा रेड व एलो के बीच जमकर मुकाबला हुआ जिसमें सीनियर वर्ग में एलो तथा जूनियर वर्ग में ब्लू हाउस प्रथम रहा। फाइनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में रेड व ब्लू हाउस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें ब्लू हाउस प्रथम रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैप्टनों को विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) व प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा ने संयुक्त रुप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवचंद तिवारी, कोच रंजीत गुप्ता, कमलेश मिश्रा, नीरज मिश्रा, अभिषेक तिवारी, बबीता दुबे, राजीव विश्वकर्मा, सतीश सोनी, महेंद्र शुक्ला, गुलाबचंद शुक्ला, सुधा मिश्रा, हिना खान मधु शुक्ला, किरण मौर्या, नेहा त्रिपाठी व सुमन पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

## स्किल एग्जीविशन में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**जौनपुर।** नगर के रसूलाबाद में स्थित सुदामा मेमोरियल एजुकेशनल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में स्किल एग्जीविशन-2022 का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सभासद सत्येंद्र साहू, प्रधानाचार्या शिप्रा साहू एवं कोआर्डिनेटर अभिनंदन त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा आयोजित स्किल एग्जिविशन में मुख्य रूप में साइंस प्रोजेक्ट, सोशल साइंस प्रोजेक्ट, शाही पुल, गेटवे आफ इण्डिया, ताजमलह, जलियावाला बाग, सेव ट्री, ग्रीन सोलर सिटी, स्वीट होम तथा अन्य सब्जेक्ट से संबंधित प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शित कर उसके बारे में बच्चों ने जानकारी दी। सभी बच्चों के कार्य को अभिभावकों ने खूब पसंद किया और उनकी सराहना की। साथ ही बच्चों ने बहुत ही आकर्षक रंगारंग नृत्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठ की छात्रा रिया सोनकर एवं रिया गुप्ता ने किया। बच्चों के प्रोजेक्ट बनाने में सरिता यादव, आनन्द तिवारी, रामस्वारथ, शीतलानन्द कुमार, शिल्पी वर्मा, निकिता मौर्या, साक्षी सिंह, सान्त्वना यादव, संगीता गुप्ता, अनुराधा रावत, रीता आदि ने विशेष सहयोग किया।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



**खेतासराय।** भारती विद्यापीठ के वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इंटर कालेज का 22वां वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांध दिया। छात्राओं की प्रतिभा देख लोगों ने खूब प्रशंसा की। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

छात्राओं के मां सरस्वती की वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ। रागनी आदि छात्राओं ने डांडिया झूमर नृत्य पर खूब तालियां बटोरी। आंचल संजना आदि ने सेव द ट्री पर अभिनय प्रस्तुत कर वृक्ष बचाओ वृक्ष लगाओ के लिए प्रेरित किया। फ्लावर नृत्य की प्रस्तुति कर गुंजा, आयशा, नंदिनी आदि छात्राओं ने वाहवाही लूटी। कौव्वाली, आर्मी नृत्य, सामूहिक नृत्य आदि कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। डीआईओएस श्री पाण्डेय ने लड़कियों की शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं की ओर से बनाए गए माडल का निरीक्षण किया। अध्यक्षता डा. उमादत्त तथा संचालन डा. अजय कुमार तिवारी ने किया। प्रबंधक अनिल कुमार उपाध्याय ने सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत भाषण से किया। प्रधानाचार्य सुनीता ने आभार व्यक्त किया। मौके पर संतोष सिंह, सफिया खान, रमाशंकर पाठक, विकेश उपाध्याय, संजय कुमार, शाहिद नईम, डा. शोभनाथ पांडेय, राजेश कुमार यादव, नीता उपाध्याय, विनोद कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

# कोविड का कोई केस सक्रिय नहीं, तैयारी पूरी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जनपद के निवासियों से अपील की गई है कि कोविड 19 के नये वैरियेन्ट पाये जाने के कारण आम जनमानस को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि जनपद में वर्तमान समय में कोविड का कोई भी केस सक्रिय नही है। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय है। कोविड रोगियों की चिन्हिकरण एवं ट्रेसिंग हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन लगभग 800 सेम्पलिंग की जा रही है। जनपद के सभी ब्लाक के समस्त सामु.स्वा. केन्द्रों एवं जिला अस्पताल, टीबी हास्पिटल, जिला कारागार में सेम्पलिंग प्रतिदिन किया जा रहा है। जनपद में 3 एल-2 कोविड चिकित्सालय की तैयारी पूर्ण है। जनपद के 4 तहसीलों में एल-1 प्लस कोविड चिकित्सालय को सक्रिय कर दिया गया है। जनपद में 475 बेड की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। जनपद के 14 स्थानों पर ऑक्सीजन प्लांट स्थापित है जो आवश्यकता अनुसार आक्सीजन की कमी को पूर्ण कर सकता है। उन्होंने अवगत कराया है कि जनपद में 18 नवम्बर के बाद से कोई कोविड पाजिटीव केस नहीं मिला है। जनपद के निवासियों को घबराने की जरूरत नहीं है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## कोटेदार की सड़क दुर्घटना में मौत

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक के केशवपुर मुस्तफाबाद निवासी तथा कोटेदार विनय यादव की रेलवे क्रासिंग के पास सड़क दुर्घटना में शनिवार की शाम मौके पर ही मौत हो गई। केशवपुर के राजस्व गांव मुस्तफाबाद निवासी कोटेदार विनय यादव 51 किसी कार्यवश गौराबादशाहपुर की तरफ गए थे जहां से वापस आते समय शाम लगभग साढ़े पांच बजे जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर स्थित केशवपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास वह जैसे ही अपने घर की तरफ जाने को मुड़े तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के फलस्वरूप कई फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरे कोटेदार की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने बोलेरो चालक को गाड़ी सहित घेर लिया जिससे गाड़ी में बैठी हुए महिलाएं काफी सहम गई। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को समझा-बुझाकर शांत किया तथा बोलेरो को चालक सहित हिरासत में ले लिया।

# अभियोजन कार्यों की डीएम ने ली समीक्षा बैठक

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पाक्सो के लंबित मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाया जाये। ईसी एक्ट के लंबित मुकदमों की जानकारी ली और निर्देश दिया कि अभियान चलाकर जिला पूर्ति अधिकारी समन्वय कर मुकदमों का निस्तारण करायें। खाद्य सुरक्षा के 272 मामले लम्बित है, सबसे पुराने मामलों को प्राथमिकता पर निबटाये।

विद्युत विभाग के लंबित मुकदमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सूची उपलब्ध कराए और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह से समन्वय करते हुए निस्तारण करायें। एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों की समीक्षा की और प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एव राजस्व सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गौशाला सराययुसूफ का डीएम ने किया निरीक्षण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा महर्षि बाबा अयोध्या दास गौशाला सराययुसूफ मछलीशहर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि गो-आश्रय स्थल में कुल 96 गोवंश संरक्षित किए गए हैं जिनके लिए पर्याप्त भूसा चारा उपलब्ध मिला। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान मृत्युंजय बिंदु को निर्देशित किया कि गो-आश्रय स्थल की नाली को ठीक कराएं। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद की सभी गो-आश्रय स्थल के गोपाल को एवं ग्राम प्रधानों की केबीके बक्सा में प्रशिक्षण कराएं। उन्हें बताए कि कैसे गोमूत्र एवं गोबर का सदुपयोग कृषि कार्य में किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पशुओं को ठंड से बचने के सभी प्रकार के उपाय सुनिश्चित किए जाए। ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

# विद्युत झालरों से जगमगाये घर व चर्च

## क्रिसमस ट्री की आकर्षक सजावट व उसमें लगे उपहारों ने लोगों का मोहा मन

## सांता क्लॉज से उपहार लेने की चाहत में बच्चों ने घरों में किया रात्रि जागरण, उपहार पाकर झूमे

वाराणसी। मसीही समाज के घर-घर में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की खुशियां शनिवार की शाम से छाने लगी थी, घरों में केक एवं व्यंजनों की खुशबू भी इस बात की तस्दीक कर रही थी। कैंटोमेंट स्थित सेंट मैरीज कैथोलिक चर्च, सेंट मैरीज इंग्लिश चर्च, सेंट पॉल चर्च, गिरजाघर चौराहे पर स्थित चर्च सहित नगर भर के सभी चर्चो में शाम से ही नाटकों में प्रभु यीशु जन्म का मंचन कर-के संदेश दिया जाएगा। आधी रात को केक काटकर आतिशबाजी की जाएगी।

### आज सुबह चर्चो में विशेष आराधना

25 दिसंबर को राजधानी के चर्चों में विशेष आराधना की जाएगी। सबसे भव्य आयोजन सिविल लाइन स्थित सेंट पाल कैथेड्रल चर्च में होगा। सुबह 8 बजे से विशेष आराधना में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। चर्च परिसर में गीत, संगीत, नाट्य मंचन के साथ सामूहिक भोज प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।






नदेसर का लाल गिरजाघर

## बाजार में खूब बिके केक

शहर के बेकरी दुकानों में कई दिनों पहले से ही विशेष तरह के मनपसंद केक की बुकिंग की जा चुकी थी, जिसे शनिवार की शाम से ही लेने का क्रम शुरू रहा, चर्च ही नहीं बल्कि घरों में भी केक काटा गया और प्रभु यीशु के आगमन की खुशी को साझा किया गया। दुकान के संचालक बताते हैं कि क्रिसमस के दिन लगभग 10 से 15 हजार केक की बिक्री होती है। विविध तरह के केक में प्लम केक, रेड वेलवेट केक, चाकलेट, ट्रफल केक, रम केक, वेनिला, डार्क चाकलेट, वालनट, लेमन, आरेंज, मिक्स फ्रूट, कोका, प्लम,, एप्पल, किशमिश समेत विविध फ्लेवर वाले केक की मांग है। इनकी कीमत 300 से दो हजार रुपये तक है।




### सांता ने बांटी मिठाई-चॉकलेट

मैरी क्रिसमस पर खुशियों के बीच सांता क्लॉज ने मिठाई व चाकलेट बांटी। इसके साथ ही घर में भी लोगों ने सांता क्लाज का रुप धारण कर बच्चों को उनके मांगे गये उपहार को प्रदान किया। उपहार पाकर बच्चें खुशी से झूम उठे, रात्रिपर्यंत मसीही समुदाय घरों में मैरी क्रिसमस में सराबोर रहें। कैथोलिक चर्च पर रात में समाजजन ने गीत गाकर प्रभु के जन्म की खुशी में केक काटा। चर्च के बिशप की मौजूदगी में चर्च में यीशु को याद करते हुए समाजजन विशेष प्रार्थना की।

### घर-घर में कैरोल गीतों से संदेश


विभिन्ना चर्च के पोस्टरों के नेतृत्व में कैरोल मंडली के सदस्य घर-घर जाकर कैरोल गीत गाते हुए प्रभु यीशु जन्म और शांति, प्रेम, भाईचारे का संदेश दिया। ऐसी मान्यता है कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म गौशाला में हुआ। स्वर्ग से आए दूतों ने प्रभु के सम्मान में कैरोल गीत गाया था। कैरोल गीतों में माता मरियम द्वारा उठाए गए कष्ट तथा प्रभु के दिए गए अहिंसा के संदेशों का गुणगान किया जाता है।








सेंट जॉन्स मढ़ौली में क्रिसमस मनाते फादर हेनरी




## क्रिसमस की धूम में सराबोर हुए जैपुरिया के बच्चे



**वाराणसी।** शनिवार को सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स की पड़ाव शाख के प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के समस्त बच्चों ने क्रिसमस का भव्य आयोजन किया। इस दौरान सभी ने खूब मस्ती की इसके साथ ही सांता क्लाज बने लोगों ने बच्चों को उपहार भी दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के कोमल हृदय में सर्वधर्म प्रार्थन को जागरुक करना था, क्रिसमस स्पेशल प्रार्थना सभा के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा तीन की छात्राएं इशान्वी त्रिपाठी, समृद्धि चौरसिया, आद्या शशि, तायबा कौसर, आदि ने करोल गीत, कक्षा- चार के साकेत केसरी ने क्रिसमस कविता, कक्षा-चार की कस्तूरी बरनवाल एवं काश्वी बरनवालने जिंगल बेल पर नृत्य,कक्षा चार के 'अथर्व सिंह ने सेंटा क्लाज के रूप में ब्रस्टिंग बैलून खेल से लोगों को भाव विभोर कर दिया। सभी ने म्यूजिकल चेयर गेम का भी लुत्फ उठाया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज जय ने कहा कि क्रिसमस खुशियों का त्यौहार है, और हम सभी को इसे मनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज, निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशिका मंजु बुधिया, प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना, प्रधानाचार्या प्रियंका मुखर्जी समस्त शिक्षक एवं बच्चें शामिल रहें।

## भावी नर्सों ने भी मनाया मैरी क्रिसमस

**वाराणसी।** बच्छाव स्थित पॉपुलर कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट में भी क्रिसमस की धूम रही, क्रिसमस पर्व के एक दिन पूर्व कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. ए. के. कौशिक ने केक काट कर किया। डा.कौशिक ने विद्यार्थियों को क्रिसमस डे की बधाई दी तथा उन्हें चाकलेट केक एवं अन्य उपहार वितरित किया। इस अवसर पर संस्थान के डीन सह प्राचार्य प्रो. सुधाकर ए. ने विद्यार्थियों को संताक्लाज की टोपी देते हुए पर्व की बधाई दी तथा क्रिसमस पर्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा क्रिसमस ट्री बनाया। कुछ विद्यार्थी संताक्लाज बने एवं आपस मे गिफ्ट की अदला बदली की। संस्थान के चेयरमैन डॉ. ए. के. कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. किरन कौशिक, डीन सह प्राचार्य प्रो. सुधाकर ए., वाइस प्रिन्सिपल डॉ. जॉनसी रानी टी.. असिस्टेंट प्रोफेसर आनंद कुमार, लाईब्रेरियन अमित सिंह तथा संस्थान के शिक्षक / शिक्षिकायें तथा गैर शिक्षणेतर कर्मचारी मौजूद रहे ।

